ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● आश्विन कृष्ण पक्ष 03 ● विक्रम संवत 2080 ● सोमवार, 02 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 239 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

बॉक्स ऑफिस पर नहीं चला विवेक अग्निहोत्री की... पेज 12 पर



## गागर में सागर

### ईडी पांचवां समन : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति पर संशय

**रांची।** रांची जमीन घोटाले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पांचवें समन पर उपस्थिति को लेकर संशय है। चार अक्तूबर को दिन के 10: 30 बजे की उपस्थिति का पांचवां समन ईडी ने भेजा है। लेकिन चार अक्तूबर को सीएम का सरकारी कार्यक्रम देवघर में तय है। वहां एक योजना के शिलान्यास के कार्यक्रम में उन्हें शामिल होना है। गौरतलब है कि ईडी के पहले चार समन जो 14 अगस्त, 24 अगस्त, 9 सितंबर और 23 सितंबर की उपस्थिति को लेकर दिए गए थे, उन पर भी सीएम अनुपस्थित रहे थे। ईडी की याचिका के खिलाफ भी सीएम ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने ईडी के अधिकारों के साथ-साथ समन को भी चुनौती दी है। हालांकि अबतक रिट पीटिशन पर सुनवाई की तारीख तय नहीं हुई है।

### एएआई ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के 20 किमी दायरे में बनी 55 ऊंची इमारतें विमानों के लिए खतरा बनी हुई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने इस संबंध में रविवार को मुख्यमंत्री, नगर विकास विभाग, दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त और रांची नगर निगम को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि इन ऊंची इमारतों की वजह से विमानों के उड़ने या उतरते समय कभी भी हादसा हो सकता है। इसलिए इन्हें तत्काल तुड़वाएं। पत्र के साथ सभी 55 इमारतों की सूची भी सौंपी गई है।

### चतरा में 4 गिरफ्तार, हथियार बरामद

**चतरा।** जिले की सदर थाना पुलिस ने अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें जीतु विश्वकर्मा, मनोज कुमार, ब्रजेश कुमार और विजय कुमार शामिल हैं। इनके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली, एक काला रंग का प्लसर, एक काला रंग का सुपर स्पेलेन्डर, विभिन्न कंपनियों का तीन मोबाईल, चार हजार 60 रुपये, दो काला गमछा और दो लाल रंग का कपड़ा बरामद हुआ है। चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के बाद बरैनी चौक में बाइक चेकिंग के दौरान दो बाइक पर सवार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### स्पीकर राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में हिस्सा लेने घाना रवाना

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के 66वां सम्मेलन में प्रतिनिधि के रूप में भाग लेने के लिए रविवार को दिल्ली से घाना गणराज्य पश्चिम अफ्रीका के लिए रवाना हुए। प्रतिनिधिमंडल में विधायक चंदेश्वर प्रसाद सिंह एवं निरल पुरती भी उनके साथ सम्मेलन में भाग लेने विदेश गए हैं। वे इस सम्मेलन आब्जर्वर के रूप में भाग लेंगे। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का 66वां सम्मेलन 30 सितंबर से छह अक्टूबर तक अकरा में घाना गणराज (पश्चिम अफ्रीका) में निर्धारित है। रबीन्द्रनाथ महतो राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के प्रतिनिधि के रूप में पूर्ण अधिवेशन में व्याख्यान भी प्रस्तुत करेंगे।

## बारिश ने राजधानी में मचाई तबाही : युवक बहा, कई जगह बाउण्ड्री वाल गिरे



### आकाशीय बिजली गिरने से चार की मौत

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के चंदाडीह लखनपुर गांव में रविवार को एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां वज्रपात से तीन बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई है सभी एक ही परिवार के रहने वाले हैं। ये लोग एक तंबू लगाकर रह रहे थे। भारी बारिश के दौरान आकाशीय बिजली इनके तंबू पर गिरी जिससे तीन बच्चों के सहित एक महिला की मौत हो गई। वहीं कुछ लोगों के झुलसने की भी सूचना है।

### प्रदेश में मानसून सक्रिय, 6 तक भारी वर्षा का पूर्वानुमान

झारखंड में अभी मानसून सक्रिय है। शनिवार शाम से हो रही बारिश से मौसम खुशगवार हो गया है। रविवार सुबह से ही बारिश होती रही। रांची स्थित मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने कहा है कि राज्य में छह अक्टूबर तक जमकर बारिश होगी। कुछ जिलों के लिए येलो और कुछ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश के आसार हैं। यहां गर्जन और वज्रपात की संभावना है। रांची, रामगढ़, साहिबगंज, धनबाद, बोकारो, सराइकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम में पिछले 24 घंटे से बारिश हो रही है। गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम जिले में तेज बारिश का पूर्वानुमान है। इन जगहों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है। गढ़वा और पलामू में गर्जन के साथ वर्षा संभावित है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। चतरा, हजारीबाग और लातेहार जिले में भी गर्जन के साथ वर्षा की संभावना है। देवघर और कोडरमा में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। विभाग का कहना है कि अगले दो दिन में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। दो अक्टूबर को भारी वर्षा की संभावना है। तीन अक्टूबर से छह अक्टूबर तक हल्की से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी। अलर्ट अवधि में खेतों में जाने से किसानों को बचना चाहिए।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को राजधानी रांची में बारिश में जमकर तबाही मचाई । इस दौरान लालपुर इलाके में पानी की तेज धारा में एक ही युवक बह गया। कई घरों और दूकानों में पानी घुस गयावही कुछ स्थानों पर बाउण्ड्री वाल भी धराशाही हो गए। राजधानी में भारी बारिश की वजह से एक युवक की जान चली गई। लालपुर थाना क्षेत्र के सरईटांड का रहने वाला देव प्रसाद राम घर लौटने के समय पानी की तेज धारा में बह गया, देव प्रसाद नगर निगम के वेंडर मार्केट में काम किया करता था। रविवार को तेज बारिश के समय ही वह अपने बड़े भाई के साथ वापस घर लौट रहा था, इसी दौरान वह पानी की तेज धारा में नाले में ही बह गया।

**नहीं मिला शव :** खबर लिखे जाने तक देव प्रसाद का शव बरामद नहीं हो पाया था। देव प्रसाद ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## राज्यपाल ने लोगों से मादक पदार्थों का सेवन न करने की अपील की, बोले

# अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट व जागरूक रहें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की उपस्थिति में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, नामकुम, रांची में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन राज्यपाल की दूरदर्शी पहल पर अपोलो अस्पताल वनग्राम, चेन्नई के डॉ. जी. लोगनाथन द्वारा किया गया था। शिविर के आयोजन में राज्य सरकार ने पूर्ण सहयोग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने डॉ. जी० लोगनाथन एवं उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आती है। बहुत सारे लोग जो किसी कारणवश चिकित्सक या अस्पताल में नहीं जा पाते हैं, उन्हें शिविर के माध्यम से अपनी बीमारियों का ज्ञात होता है और



उनका त्वरित इलाज भी संभव हो पाता है। इस परिप्रेक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर बीमारियों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

राज्यपाल ने कहा कि शिविर में लोगों को जीवन में स्वस्थ जीवनशैली, उचित पोषण की भी जानकारी प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि किसी बीमारी से उबरने के लिए इलाज के साथ-साथ मानसिक बल की भी आवश्यक है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यलाय, नामकुम की छात्राओं के साथ-साथ आसपास के समाज के लोग भी इस शिविर से लाभान्वित होंगे। लोगों के कल्याणार्थ राष्ट्रपति द्वारा आयुष्मान भव योजना राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस योजना का उद्देश्य ही है कि समाज के सभी वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ बीमा कवरेज से आच्छादित करना। भगवान बिरसा मुंडा की धरती झारखण्ड से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी बीमा योजना आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत की गई थी।

राज्यपाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। इसलिए लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट व जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने लोगों से हानिकारक मादक पदार्थों के सेवन न करने की अपील की तथा स्वस्थ एवं सुखी झारखण्ड के निर्माण की कामना की। उक्त अवसर पर ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री 12 को हाईस्कूल शिक्षकों को देंगे नियुक्ति पत्र

### जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक करें पूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के नव नियुक्त हाई स्कूल शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देने वाले है। इसे लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है। बता दें, साल 2016 में निकाली गई हाई स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आदेश के बाद राज्य में नियुक्ति प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इसके तहत कई विषयों के करीब 800 नव नियुक्त हाईस्कूल शिक्षकों को सरकार नियुक्ति पत्र देंगे। आपको बता दें, इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी स्थित खेलगांव में 3469 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया है। राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें राज्यभर के करीब 800 नव नियुक्त हाईस्कूल शिक्षकों को सीएम नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कार्यक्रम 12 अक्टूबर को होनी है इसी बीच सीएम चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र



देंगे। इधर इस संबंध में राज्य के सभी जिला उपायुक्तों को पत्र लिखकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

सभी जिला उपायुक्तों को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि कृपया इन शिक्षकों को जहां पीटीआर सबसे खराब है, वहां पदस्थापित करने के लिए जिला काउंसिलिंग एवं जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक पहले ही पूरी कर लें। इसके अलावा राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में संबंधित जिला पदाधिकारी अपने संबंधित अभ्यर्थियों के साथ स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों का नियुक्ति पत्र तैयार कर 12 अक्टूबर को शामिल रहें।

## बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन का निदेशक बने प्रफुल्ल

### झारखंड का भी अधिभार मिला, हर व्यक्ति को अपने घर का सपना होगा सच

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

भाजपा झारखंड प्रदेश संयोजक, सहकारिता प्रकोष्ठ, प्रफुल्ल कुमार सिंह को बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड का निदेशक बनाया गया है। उन्हें झारखंड का भी अधिभार मिला है। पटना के ललित भवन में संपन्न वार्षिक आम बैठक से पहले श्री सिंह का इस पद के लिए चयन हुआ। बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि., पटना (बिहार-झारखंड) की आम सभा 30 सितंबर को संपन्न हुई। आम सभा में लिए गए कुछ प्रमुख निर्णय जैसे ऋण वितरण, ऋण वसूली, ऋण हेतु योजनाओं एवं बिहार-झारखंड में स्थित सहकारी



समितियां एवं केंद्रीय सहकारी समितियां एवं राज्य से बाहरी सहकारी संस्थाओं में फेडरेशन के प्रतिनिधि समय-समय पर भेजने पर सहमति हुई।

भूमि विकास बैंक और बिस्कोमान के बाद हाउसिंग कोऑपरेटिव फेडरेशन, बिहार-झारखंड का तीसरा सबसे बड़ा सहकारी संस्थान मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसायटी एक्ट के तहत संचालित होता है। प्रफुल्ल वर्तमान में भूमि विकास बैंक (बिहार-झारखंड) के निदेशक हैं साथ ही बिस्कोमान में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हैं। अब वो दोनों राज्यों की तीनों बड़ी सहकारी समितियों के सदस्य हो गए हैं। प्रफुल्ल ने बताया कि हर व्यक्ति के अपने घर का सपना अब आसानी से सच होगा। बिहार-झारखंड में उपलब्ध हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड की अपनी जमीन पर फ्लैट बना कर आवंटित किए जाएंगे। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार की सुविधा के लिए छोटे फ्लैट ज्यादा बनाए जाएंगे। यही नहीं उन्हें आसान शर्तो पर सस्ता ऋण भी मुहैया कराया जाएगा। प्रफुल्ल ने कहा कि अपने कार्यकाल में वह सहकारिता को झारखंड में उत्कर्ष पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। हाउसिंग फेडरेशन पुनः बिहार-झारखंड को गौरवांवित करेगा। बिहार-झारखंड ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## जेल से रिहा होंगे सोमनाथ पांडेय

**रांची।** निर्दोष होने के बावजूद नवीन मिश्रा फर्जी अपहरण कांड में पिछले 26 दिनों से रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद सोमनाथ पांडेय के जेल से बाहर निकलने का रास्ता साफ हो गया है। तीन अक्टूबर को फर्जी अपहरण मामले में जेल में बंद सोमनाथ रिहा कर दिए जाएंगे। दरअसल पूरा मामला रांची के रातू थाना से जुड़ा हुआ है। रातू थाना क्षेत्र का रहने वाला जमीन कारोबारी नवीन मिश्रा 31 अगस्त 2023 को अचानक गायब हो गया। नवीन मिश्रा के गायब होने के बाद उसके पत्नी ने भाजपा नेता सुरेंद्र पांडे के बेटे सोमनाथ पांडे पर अपहरण का आरोप लगाते हुए रातू थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी। एफआईआर में नामजद वजह से पुलिस ने दबाव में आकर सोमनाथ को गिरफ्तार कर लिया, जबकि सोमनाथ पुलिस को अपने बेगुनाह होने का सबूत लगातार देते रहे इसके बावजूद पुलिस ने अपहरण केस में सोमनाथ पांडे को 8 सितंबर को जेल भेज दिया।

## झारखंड में लिथियम का भंडार, देश के ईवी उद्योग को मिलेगा मजबूत आधार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के कोडरमा और गिरिडीह की धरती से निकलने वाले अभ्रक की चमक कभी पूरी दुनिया तक पहुंचती थी। अब इंटरनेशनल मार्केट में न तो अभ्रक की डिमांड रही और न ही उसकी खदानें बचीं। लेकिन इसी धरती के भीतर खोजे गए बेशकीमती खनिज लिथियम के बड़े भंडार ने देश में बैटरी आधारित इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के लिए अपार संभावनाएं जगाई हैं। नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट (एनएमईटी) ने भू-तात्विक सर्वेक्षण में पाया है कि कोडरमा और गिरिडीह में लिथियम के अलावा कई दुर्लभ खनिजों का बड़ा भंडार है। पूरी दुनिया में आने वाले वर्षों में जीरो कार्बन ग्रीन एनर्जी के जिन लक्ष्यों पर काम चल रहा है, उसमें लिथियम को



गेमचेंजर मिनरल के तौर पर देखा जा रहा है। लिथियम का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों के अलावा मेडिकल टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, मोबाइल फोन, सौर पैनल, पवन टरबाइन और अन्य रिन्यूएबल टेक्नोलॉजी में किया जाता है। जियोलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने हाल में कर्नाटक में 1600 टन और इसके बाद जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में 59 लाख टन लिथियम का भंडार खोजा था। अब झारखंड के कोडरमा, गिरिडीह के अलावा पूर्वी सिंहभूम और हजारीबाग में इस बेशकीमती धातु के उत्खनन की संभावनाओं पर काम चल रहा है। झारखंड के कोडरमा जिले के तिलैया ब्लॉक और उसके आसपास जियोकेमिकल मैपिंग में यहां उपलब्ध लिथियम, सीज़ियम और अन्य तत्वों में हाई कन्स्ट्रेशन (उच्च सांद्रता) पाया गया है। फिलहाल देश का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग अभी भी अपनी लिथियम आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। अभी हम लिथियम का आयात मुख्य तौर पर चीन से करते हैं। भारत सरकार ने 2030 तक ईवी को 30 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में लिथियम सबसे आवश्यक धातु है। इसलिए लिथियम के उत्खनन की संभावनाओं पर सरकार का खास तौर पर फोकस है।

ऐसे में कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर के बाद झारखंड में लिथियम के भंडार की खोज को भविष्य की दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। जीएसआई के सर्वे के अनुसार ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## पीएम पद के उम्मीदवार के तौर पर नीतीश के नाम की उठ रही मांग

# असमंजस में हैं इंडिया गठबंधन के दल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के गठबंधन सहयोगियों जनता दल-यूनाइटेड और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) से आवाजें उठ रही हैं कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के सभी गुण हैं, लेकिन कांग्रेस ने इस मुद्दे को यह कहकर तूल नहीं दिया कि शीर्ष पद के लिए फैसला 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद ही लिया जाएगा।

नीतीश कुमार को 'इंडिया' ब्लॉक के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने की मांग एक बार फिर से तेज हो गई,



जब वह गुरुवार शाम को दरगाह उर्स के मौके पर प्रार्थना करने के लिए हजरत मखदूम सैयद शाह पीर मुहम्मद मुजीबुल्लाह कादरी रहमतुल्लाह अलेह की दरगाह पर गए। नीतीश कुमार की पार्टी जद-यू के अलावा, इस बार उन्हें बिहार में अपने गठबंधन सहयोगी राजद से भी समर्थन मिला। पार्टी के वरिष्ठ सदस्य और पटना के मनेर से विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि वह शीर्ष पद के लिए सबसे योग्य उम्मीदवार हैं। वीरेंद्र ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, "मैं चाहूंगा कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बनें। लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार के नेतृत्व में देश भर के राजनीतिक दल एक मंच पर एकजुट हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश से बीजेपी को उखाड़ फेंकने के नारे लग रहे हैं।' वीरेंद्र ने कहा, 'इंडिया गठबंधन में सहमति हो या नहीं, अच्छा होगा अगर नीतीश (कुमार) को प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनाया जाए।'

इंडिया ब्लॉक के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर चल रही बहस पर कांग्रेस महासचिव तारिक अनवर ने कहा, नीतीश कुमार ने खुद कई मौकों पर स्पष्ट किया है कि वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नहीं हैं।

अनवर ने कहा, यहां तक कि इंडिया ब्लॉक ने भी कहा है कि प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार चुनाव के बाद तय किया जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि मुख्यमंत्री ने बिहार में एक दरगाह का दौरा किया है और यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वह शीर्ष पद के इच्छुक हैं, तो कांग्रेस नेता ने कहा, "हर समुदाय में हर लोगों के लिए समर्थन होता है। तो कुछ लोग उनके समर्थन में भी बोले होंगे, लेकिन जहां तक ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू में जनवरी 2023 से आज तक 80 लोगों ने की आत्महत्या

### मानसिक तनाव व्यक्ति को चाहिए आपका साथ : डॉ. आशीष

**उपेन्द्र कुमार। मेदिनीनगर**

पलामू में वर्ष 2023 जनवरी से लेकर सितंबर माह तक सैकड़ो महिला,पुरुष व नाबालिक बच्चों ने मानसिक तनाव में आकर आत्महत्या कर ली है। जिस वजह से मृतक के माता-पिता व परिजनों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ा है। बताते चलें कि पलामू में अब तक जो भी व्यक्ति आत्महत्या किये हैं उनका कोई ना कोई वजह जरूर रही है। जिले में मानसिक तनाव में आकर आत्महत्या करने वालों की संख्या अभी तक 80 है। यह काफी चिंता का विषय है। वहीं आत्महत्या से संबंधित जानकारी देते हुए मनोचिकित्सा डॉक्टर आशीष कुमार ने बताया कि हर आत्महत्या दुखद होती है, लेकिन हर मामले में कुछ न कुछ रहस्य छिपा होता है। लेकिन हर आत्महत्या के पीछे एक सामान्य वजह होती है और वह है मन में निराशा की गहरी भावनायें। कई बार लोगों को ऐसा लगता है कि वे जिंदगी और हालात से पैदा हुई चुनौतियों का सामना नहीं कर ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

#### एक महीने पहले से नजर आने लगते हैं प्राथमिक लक्षण

मनोचिकित्सक डॉक्टर आशीष कुमार के मुताबिक जो लोग आत्महत्या के बारे में विचार करते हैं, उनके दिमाग में ये विचार महीनों से चलते हैं। ऐसे लोग बात करते-करते एकाएक खो जाते हैं। ऐसे लोग आत्महत्या से पहले अपने सभी करीबों लोगों से मिलना भी चाहते हैं। इसके लिए वे बार-बार मिलने का दबाव बनाते हैं। ऐसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। याद रहे कि खुदकुशी का सबसे बड़ा कारण अकेलापन है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी नजर रखनी चाहिए। साथ ही तुरंत डाक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

## गागर में सागर

### समन्वित प्रयास से कालाजार नियंत्रण के मिल रहे बेहतर नतीजे



**रांची।** कालाजार उन्मूलन के लिए झारखंड में किये जा रहे समन्वित प्रयास के बेहतर नतीजे आ रहे हैं। राज्य के चार जिले पाकुड़, साहिबगंज, दुमका व गोड्डा कालाजार से प्रभावित हैं। इनमें पाकुड़ में अपेक्षाकृत अधिक मामले मिलते हैं, पर लगातार इस बीमारी के नियंत्रण के लिए चलाये जा रहे अभियान के कारण यह संभावना बनती दिख रही है कि इस साल झारखंड कालाजार से उन्मूलित हो जाए। झारखंड में वेक्टर बोर्न डिजिज के स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर वीरेंद्र कुमार सिंह के अनुसार, सिर्फ पाकुड़ जिला का लिट्टीपाड़ा एक ऐसा ब्लॉक है, जहां प्रति 10 हजार की आबादी पर एक केस अभी भी मिल रहा है। कुछ प्रखंड में प्रति दस हजार की आबादी पर केस की संख्या 0.90 या 0.86 है। उन्होंने कहा कि स्थिति में सुधार हो रहा है और हमलोग आशान्वित हैं। स्वास्थ्य केंद्र व अस्पतालों में कालाजार से संबंधित सभी दवाइयां उपलब्ध हैं और स्वास्थ्य कार्यकर्ता लगातार काम कर रहे हैं।
झारखंड कालाजार उन्मूलन की दिशा में स्थानीय ग्राम प्रधान, परगनैत के सहयोग और सहिया, समूह की दीदियों व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मदद से आगे बढ रहा है। लिट्टीपाड़ा के परगनैत चुटार किस्कू कहते हैं, पाकुड़ जिले में छह ब्लॉक है, महीने में एक दिन हर ब्लॉक में और उसके बाद जिले के स्तर पर हमलोग प्रधान व परगनैत की बैठक करते हैं, उसमें भी हमलोग कालाजार के नियंत्रण व उन्मूलन प्रयासों की चर्चा व समीक्षा करते हैं।

### हिन्दी को बढ़ावा देने को लेकर सिल्ली के मनीष गुप्ता हुए सम्मानित

**सिल्ली।** 14 सितंबर से 30 सितंबर तक चले हिंदी पखवाड़ा दिवस पर कार्यालय के कार्यों में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए सिल्ली लुपुंग टोला निवासी मनीष गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।वन उत्पादकता संस्थान लालगुटवा में कार्यरत हैं। उन्हें उनके संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक डॉ अमित पांडे ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस का मूल उद्देश्य हिन्दी भाषा के लिए विकास की भावना को लोगों में केवल हिन्दी दिवस तक ही सीमित न कर उसे और अधिक बढ़ाना । हिन्दी भाषा पूरे दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। अंग्रेजी भाषा के बढ़ने महत्व और हिंदी के प्रचलन में कमी को देखते हुए भी हिंदी दिवस मनाया जाता है, ताकि हिंदी की अनदेखी को रोका जा सके। आम बोलचाल में हिंदी भाषा का उपयोग कम होने लगा है, इसे बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों को हिंदी के प्रति प्रेरित करने के लिए भी हिंदी दिवस मनाया जाता है। भविष्य में भाषा के विलुप्त होने की भी संभावना अधिक बढ़ गयी है। जिससे वे सभी अपने कर्तव्य का पालन कर हिन्दी भाषा को भविष्य में विलुप्त होने से बचा सकें। इस मौके पर संस्थान के पदाधिकारी एवं कर्मचारी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धा दिवस सह गांधी जयंती का आयोजन आज

**सिल्ली।** सिल्ली रेलवे ओवरब्रिज के समीप सुंदर कुंज लॉज में राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संघ के तत्वाधान में सोमवार 2 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धा दिवस व गांधी जयंती का आयोजन किया गया है। संघ के रतन लाल महतो ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर वृद्धजनों के कल्याण हेतु किए गए कार्य एवं उनके आगे की योजनाएं पर विचार एवं राष्ट्रपिता बापू को श्रद्धांजलि दिया जाएगा।

### करम आखड़ा मूरी का करम मिलन समारोह आज

**मूरी।** करम आखड़ा मुरी की ओर से सोमवार को मुरी टुंगरी पार्क मेन गेट के सामने मूरी - गोला पथ पर करम-मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया है, जिसमें बंगाल और झारखंड के नामी गिनामी कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा । कार्यक्रम में कुछ गण मान्य लोगों की पहुंचने की संभावना है । कार्यक्रम सुबह 10:00 से संध्या 6:00 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम स्थल पर भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाने के साथ ही करम महोत्सव का शुभारंभ होगा । वहीं कमेटी के संस्थापक सदस्य रहे स्वर्गीय सुधीर महतो तुलिन और स्वर्गीय मोतीलाल महतो कांटाडीह के अलावा मुरी टुंगरी के स्वर्गीय दो महिला सदस्यों का भी 1 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जाएगी ।

## बारिश में तबाही, वर्षों पुराना पीपल पेड़ धराशाई



**रांची।** राजधानी रांची में पिछले 12 घंटे से हो रही मूसलधार बारिश की वजह से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिन भर तो बारिश ने तबाही मचाया ही ,रविवार रात में भी बारिश की वजह से मोराबादी मैदान में एक विशालकाय पीपल का पेड़ धराशाई हो गया। वही भारी बारिश की वजह से रातू में डायवर्सन बह गया जिसकी वजह से रांची डालटेनगंज मार्ग पर आवगमन ठप हो गया है। रविवार की रात आठ बजे के करीब मोराबादी मैदान के हनुमान मंदिर के पास स्थित एक वर्षो पुराना विशाल के पीपल का पेड़ बीच सड़क पर ही गिर पड़ा। पेड़ गिरने की वजह से स्कूटी सवार उसकी चपेट में आ गया। हालांकि स्थानीय लोगों ने आनन - फानन में उसे बाहर निकाल कर उसकी जान बचा ली, हालांकि इस क्रम में स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बीच सड़क पर विशालकाय पीपल का पेड़ गिरने की वजह से मोराबादी - करम टोली रोड पूरी तरह से जाम हो गया। मौके पर पहुंचे लालपुर पुलिस ने तुरंत ट्रैफिक को डाइवर्ट किया ,हलाकि काफी देर तक इस वजह से मोराबादी रोड पूरी तरह से जाम रहा। पुलिस सड़क से पेड़ को हटाने के काम में स्थानीय लोगों के साथ लगी हुई थी।

### भारी वर्षा भी नहीं रोक पाया देशभक्ति का जुनून

## घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्रित कर ली गयी शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र ,कोलकाता संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित झारखंड के 100 गांव में अमृत कलश यात्रा के रविवार दूसरे दिन इटकी प्रखंड के चिनारो पुरियो, रानी खटंगा, मोरो एवं कुंदी गांव में अभियान चलाया गया। आज जहां भारी वर्षा होने के कारण पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त था फिर भी लोक कलाकारों की जुनून एवं ग्रामीणों का उत्साह में कोई कमी नहीं आई। घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्र किए और सामूहिक रूप से सभी ग्रामीण ने शपथ भी लिया। लोक कलाकारों ने देशभक्ति गीत से पूरे गांव में देश भक्तिमय वातावरण बना दिए। ढोल नगाड़ों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई एवं सभी को इस अभियान में शामिल होने के आग्रह किए। इन




गांवों से कलश में मिट्टी एकत्र कर इसे दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बन रहे अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए भेजा जाएगा। इस अमृत वाटिका पर देश के शहीदों का नाम नामांकित होगा। इस कार्यक्रम को करने के पीछे उद्देश्य की हमारे स्वतंत्रता के लिए हमारे कई वीर शहीदों ने अपनी जान की कुर्बानी दी है जिनमें से कुछ स्वतंत्रता सेनानी तो ऐसे हैं जिनके बारे में देश के नागरिकों को मालूम भी नहीं है, वह आजादी के लड़ाई में कुर्बान हो गए और उनकी कुर्बानी के बारे में किसी को नहीं पता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे सेनानियों को बारे में लोगों को बताया जाना है इसके साथ-साथ उनके नाम को एक स्मारक पट्टी पर अंकित भी किया जाएगा भारत को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष में प्रधानमंत्री जी की अमृत महोत्सव को समापन के लिए इस कार्यक्रम को शुरू किया है इसी कड़ी में झारखंड राज्य के 10 प्रखंडों जिसमें रांची जिला के बुंडू, सोनाहातू, राहे, तमाड़, इटकी, सरायकेला जिले के कुकड़ू, दुमका जिला के जामा प्रखंड, जामताड़ा प्रखंड का नारायणपुर एवं लातेहार जिले के मनिका एवं बरवाडीह प्रखंड में अभियान चलाया जा रहा। चंद्रदेव सिंह कार्यक्रम समिति सदस्य पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र संस्कृति मंत्रालय संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के नेतृत्व में झारखंड में अमृत कलश यात्रा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें निर्भय कुमार, मुकेश कुमार, शिवरतन ठाकुर, केवल महतो, बसंती देवी पूनम कुमारी, सोनी कुमारी, उमेश महली, बलेश नायक आदि भूमिका निभा रहे हैं।

### 36 घंटे ध्वस्त रही बिजली आपूर्ति उपभोक्ता परेशान

**सिल्ली।** दो दिनों हो रहे बरसात ने बिजली व्यवस्था को ऐसा झटका दिया कि 36 घंटे तक हाहाकार मचा रहा। पहले मन लाइन व बाद में कई फीडर जल जाने से शहर व आसपास के इलाकों में बिजली गुल हो गई। इससे बरसात की कठिन रात में जहां गांव-घर अंधेरे में डूब गए, वहीं बिजली नही रहने से मोटर नही चलने से घरों पर पानी मिलना मुहाल हो गया। बिजली सिस्टम को सुध्ढ़ करके विभाग के दावे औंधे मुंह गिर गए। काम चलाने को लगाए गए जर्जर व पुराने उपकरण दो दिन हो रहे बरसात में एक-एक करके दगा देने लगे। कहीं जंफर कट गया तो कहीं तार टूट गए। यह सिलसिला शुरू हुआ शक्रवार रात से जब बरसात शुरू हुई। इसके बाद शनिवार को और मामला बिगड़ गया। दोपहर में शहर को बिजली पहुंचाने वाली मेन हाईटेंशन लाइन गोदलीपोकर के समीप ब्रेक हो गई। इसका असर पूरे सिल्ली की बिजली आपूर्ति पर पड़ा।

### 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत डीसी ने चलाया स्वच्छता अभियान

# आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना ही स्वच्छता का मुख्य उद्देश्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत दिनांक 15 सितंबर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' अभियान के तहत रविवार को सुबह 10:00 बजे एक साथ 01 घंटे स्वच्छता के लिए उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा सहित अन्य विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सामूहिक रूप से श्रम दान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से समाहरणालय परिसर को 5 जोन में बांटा गया था। विभागीय पदाधिकारियों द्वारा संबंधित जोन में सफाई कार्य किया गया। मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज जिले के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी विभिन्न स्थानों पर श्रमदान कर रहे हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना है। उन्होंने आमजनों से भी स्वच्छता के प्रति श्रमदान करने की अपील की ताकि राजधानी रांची के वातावरण को दूषित होने से बचाया जा सके। श्रमदान के लिए देश भर में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत की गई है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष 02 अक्टूबर को स्वच्छता- एक जन आंदोलन का रूप देने हेतु स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को उनकी जयंती के दिन श्रद्धांजलि है। स्वच्छ भारत दिवस 2023 की प्रस्तावना के रूप में वार्षिक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं ग्रामीण द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 15 सितंबर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक आयोजित कराया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा 2023 अभियान का मुख्य विषय 'कचरा मुक्त भारत' है, जिसका मुख्य उद्देश्य साफ-सफाई और सफाई मित्रों के कल्याण पर आधारित है।



## आयकर विभाग ने एक घंटे तक चलाया स्वच्छता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आयकर विभाग ने रविवार को एक घंटे श्रमदान किया। आयकर परिवार ने वार्ड संख्या 15, न्यू गार्डन, कनका इलाके में सड़क किनारे फैली गंदगी को साफ किया। इस स्वच्छता कार्यक्रम में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मुख्य आयकर आयुक्त कुमार संजय व प्रधान आयकर आयुक्त डॉ प्रभाकांत सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन ने भागीदारी निभायी। राजधानी रांची में भारी बारिश होने के बाद स्वच्छता कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में नागरिकों से एक अक्टूबर को स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान करने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर यह स्वच्छांजलि होगी। राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के तहत देशभर में 9.20 लाख से अधिक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें नेताओं से लेकर छात्रों तक और सभी क्षेत्रों के लोगों ने आज एक घंटे के श्रमदान में हिस्सा लिया।

### मारवाड़ी सहायक समिति का साधारण सभा एवं चुनाव सम्पन्न

## भारी बारिश के बावजूद 1460 वोट पड़े

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी सहायक समिति रांची की साधारण सभा एवं समिति की निर्वाचन सत्र-2023-25 का चुनाव आज मारवाड़ी भवन मे हुआ। मारवाड़ी सहायक समिति का साधारण सभा प्रातः 10 बजे मारवाड़ी भवन के सभागार में समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया की अध्यक्षता में हुई।इस आम सभा में सचिव कौशल कुमार राजगढ़िया ने 110 वर्ष पुरानी सामाजिक संस्था मारवाड़ी सहायक समिति के 2 वर्षों का प्रतिवेदन पेश किया। तथा समिति द्वारा संचालित मारवाड़ी भवन, गोविंद भवन, मारवाड़ी युवक व्यायामशाला, रंगलाल मोदी विद्यालय, स्वर्ग द्वार, मुक्तिधाम, मोक्ष धाम तथा अन्य प्रकल्पों एवं उप समितियां के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों के कुशल कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति के कोषाध्यक्ष कमल कुमार जैन ने समिति के आय व्यय का ब्योरा पेश किया। आमसभा में समिति के पूर्व अध्यक्षों, मंत्री सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कमल कुमार केडिया ने बताया कि पूर्वाहन 11 बजे से मारवाड़ी सहायक समिति सत्र- 2023 - 25



के लिए चुनाव प्रारंभ हुआ। मतदान शाम 6 बजे तक चला।चुनाव में समिति के 2525 सदस्य मतदाताओं मे से 1460 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया, भारी बारिश के बावजूद चुनाव में मतदाताओं में भारी उत्साह एवं जोश देखा गया। मतदाताओं ने मतदान कर अध्यक्ष-एक, उपाध्यक्ष- दो, सचिव -एक, उप सचिव- दो, कोषाध्यक्ष एक, एवं बीस कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया है। सभी उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला देर रात तक चुनाव परिणाम आने के बाद होगा। चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में चुनाव के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कमल कुमार केडिया, सह निर्वाचन पदाधिकारी राजेंद्र केडिया, पवन शर्मा, विनोद कुमार जैन एवं अग्रवाल युवा सभा के प्रतिनिधियों ने प्रमुख भूमिका निभाई।

### एसीएमएस मुरी के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन



**सिल्ली।** एसीएमएस मुरी के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एक रैली का आयोजन किया गया यह रैली छोटा मुरी होते हुए रेलवे कॉलोनी में संपन्न हुआ इस रैली के माध्यम से एसीएमएस के डॉक्टर जे कश्यप के द्वारा लोगों को संदेश दिया गया कि अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें जिससे आप स्वस्थ रह सकते हैं स्वच्छता के द्वारा बहुत से बीमारियों से अपने आप को बचाओ कर सकते हैं। इस अभियान में एडीएन मुरी एके तिवारी, स्टेशन प्रबंधक राकेश कुमार सीसीआई एस रक्षित, पीके साहू, मुखिया कन्हैया लोहार, पंचायत समिति अरविंद कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### केंद्रीय संचार ब्यूरो के सभी क्षेत्रीय इकाईयों ने किया अभियान का आयोजन

## पलामू में सांसद विष्णु दयाल राम ने दिलाई लोगों को स्वच्छता की शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज दिनांक एक अक्टूबर 2023 को देशव्यापी अभियान, स्वच्छता ही सेवा के तहत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के रांची स्थित केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय इकाईयों द्वारा राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज सफाई अभियान चलाया। सीबीसी रांची द्वारा आज राजधानी में जेपी मार्केट क्षेत्र तथा जौहर अकादमी विद्यालय, धुर्वा में ' एक तारीख एक घंटे एक साथ ' श्रमदान कर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, इस अवसर पर जनप्रतिनिधि के साथ खेल, शिक्षा और मीडिया जगत के गणमान्य अतिथि भी अभियान समारोह में शामिल हुए। पलामू जिला में सांसद श्री विष्णु दयाल राम ने हजारों की संख्या में उपस्थित

**सभी को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। सीबीसी की गुमला और दुमका क्षेत्रीय इकाईयों द्वारा भी आज सफल श्रमदान अभियान चलाया गया**

लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। फिर गांधी उद्यान के बाहर सांसद विष्णु दयाल राम, उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, उप नगर आयुक्त परितोष प्रियदर्शी, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर, सूचना एवं जनसंपर्क के उप निदेशक आनंद एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया एवं बापू को स्वच्छांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जागरूकता रैली भी निकाली गई। वहीं धनबाद जिला में क्षेत्रीय ईकाई द्वारा झारखंड आवासीय विद्यालय में मुख्य अभियान चलाया गया। 200 से अधिक छात्राओं, शिक्षक/ शिक्षिकाओं, सफाई कर्मियों ने इस श्रमदान अभियान में भाग लिया। सभी को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। सीबीसी की गुमला और दुमका क्षेत्रीय इकाईयों द्वारा भी आज सफल श्रमदान अभियान चलाया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। गुमला में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में स्वच्छता अभियान और शपथ दिलाई गई जिसमें जिला परिषद अध्यक्षा, वार्डन तथा क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी शामिल हुए। वहीं, दुमका में यह कार्यक्रम शिव पहाड़ मन्दिर परिसर में चलाया गया, सभी ने एक घंटे श्रमदान दिए और सोचता शपथ लिया।

### हर तरह की बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता अभियान जरूरी

## स्वच्छ भारत ही गांधी जी का था सपना : मो. सेराजुद्दीन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

धुर्वा केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, रांची द्वारा रविवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम एक तारीख, एक साथ, एक घंटा का आयोजन जौहर एकेडमी स्कूल, धुर्वा रांची में किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात प्रसिद्ध गायक अर्पिता के स्वागत गान से हुआ। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना व प्रसारण मंत्रालय, रांची ने मंच पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र व पौधा देकर किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए श्रीमति सुचिता रानी, वार्ड काउंसिलर, वार्ड नं 40, धुर्वा, रांची ने कहा ककी हमें अपने घर के आस पास हमेशा स्वच्छ और सुंदर वातावरण बनाए रखना चाहिए। स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की गारंटी देता है। पार्षद मैडम ने आगे कहां की इस बार 01अक्टूबर 2023 को स्वच्छता ही सेवा के तहत एक तारीख, एक साथ, एक घंटा देने को कहा, साथ ही साथ यह भी कहा कि महात्मा गांधी के जन्मदिन के पूर्व दिवस पर स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत चलाये जा रहे देशव्यापी अभियान से स्वच्छता के प्रति सजगता बढ़ेगी। झारखंड रांची की सम्मानित व सुप्रसिद्ध न्यूज रीडर पुनम केरकेटा ने कहा कि हमें स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना और अपने परिवेश को साफ रखना अपने दिनचर्या का हिस्सा बना लेना चाहिए जिससे भविष्य में बहुत लाभ होगा। पूनम मैडम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की मेहनत, कल के आराम की जमानत देता है। कार्यक्रम में जोहर अकादमी के प्रधानाध्यक, सभी शिक्षकगण, छात्रगण आदि ने बढ़चढ़ भाग लिए। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को टी-शर्ट , मास्क व ग्लव्स आदि दिया गया। रांची में लगातार



हो रहे बारिश के बीच जोहर अकादमी के छात्रों द्वारा सांकेतिक रैली भी निकला गया । कार्यक्रम उपरांत जोहर एकेडमिक परिसर की सांकेतिक सफाई की गई साथ ही साथ पौधारोपण का भी कार्य किया गया। मोहम्मद सेराजुद्दीन, निदेशक, जौहर अकादमी, धुर्वा ने कहा कि स्वच्छता गांधी जी का सपना था, जिसे हम सब को पूरा करने के लिए स्वच्छता अपनाना है, साथ ही साथ हमे शिक्षित भी होना है। प्रादेशिक कार्यालय, रांची के प्रमुख, शाहिद रहमान ने स्वच्छता से होने वाले सभी फायदों से अवगत कराया। सुप्रसिद्ध गायक अर्पिता ने अपने गीत के माध्यम से लोगों को स्वच्छता अपनाने, आसपास सफाई बनाए रखने व अन्य लोगों को भी जागरुक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में समापन संदेश देते हुए नाजिया मैडम ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पर आज का महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए हम सभी केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के आभारी हैं। मौके पर तकनीकी सहायक आलम व हरि उरांव, कार्यालय सहायक श्रीकांत मोदी व मल्टीटास्किंग स्टाफ, दुलम कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

## भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की राज्य इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, रांची द्वारा एक दिन एक घंटा स्वच्छता कार्यक्रम पहाड़ी मंदिर में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, राज्य इकाईः झारखंड कार्यालय, रांची ने रविवार की सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे के दौरान रांची के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल - पहाड़ी मंदिर में स्वच्छ्ता अभियान चलाया गया। सफाई और सफाई मित्रों के कल्याण पर विशेष जोर दिया गया। भा॰भू॰स॰ (जीएसआई), रांची के अधिकारी और कर्मी, स्वच्छता कार्यकर्ता और कॉलेज के छात्र और स्थानीय लोग स्वच्छता अभियान और अन्य संबंधित गतिविधियों का हिस्सा हैं। राज्य इकाईः झारखंड कार्यालय, रांची के अधिकारी और कर्मचारी सुबह 9:.00 बजे से ही पहाड़ी मंदिर में अपनी निर्दिष्ट जगह पर उपस्थित थे। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय भूवैज्ञानिक



सर्वेक्षण के उप महानिदेशक डॉ. दीपायन गुहा जी के द्वारा किया गया। सांसद, उप महानिदेशक और निदेशक (तकनीकी समन्वय) ने सभा को संबोधित किया और स्वच्छता के बारे में अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि दी। इस कार्यक्रम का समापन माननीय सांसद डॉ. महुआ माजी जी एवं समरी लाल विधायक, कांके, की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। पोस्टर प्रस्तुति और जागृति संवाद आदि एसएचएस अभियान से संबंधित गतिविधियों का अभिन्न हिस्सा थे। इसके अतिरिक्त के. सी. रॉय मेमोरियल अस्पताल के सहयोग से एक चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। झारखंड कार्यालय, रांची के अधिकारी और कर्मी गण, संत जेवीयर्स कॉलेज के छात्र-छात्राएं, स्थानीय लोग और रांची नगर निगम के सफाई कर्मचारी पहाड़ी मंदिर और उसके आसपास सफाई और स्वच्छता से संबंधित कार्यों में लगे हुए थे। कार्यों को पूरा करते समय सभी ने अदम्य भावना का प्रदर्शन किया।

## गागर में सागर

### बीएयू में स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रविवार को एक घंटे का स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य कार्यक्रम रांची कृषि महाविद्यालय प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया जिसे संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता स्नातकोत्तर अध्ययन डॉ एमके गुप्त ने कहा कि स्वछता हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति जब अपने स्तर से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रयत्नशील रहेगा तो देश का हर कोना स्वतः स्वच्छ एवं सुंदर हो जाएगा। इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता आएगी। कार्यक्रम में कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के एसोसिएट डीन डीके रूसिया, पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक रवि कुमार, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ आरपी मांझी, डॉ उत्तम कुमार, डॉ प्रभाकर महापात्र, डॉ शुभ्रांशु सेन गुप्त के अलावा स्वयंसेवकों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ बीके झा ने अभियान में भाग लेने वाले वैज्ञानिकों, कर्मियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

### जारवा जनजाति के जीवनी आधारित पंडाल का निर्माण करेगा स्वर्ण जयंती क्लब

**रांची।** रांची के बरियातु हाउसिंग कॉलोनी के स्वर्ण जयंती क्लब दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष जारवा जनजाति पर आधारित पंडाल का निर्माण कर रहा है। क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यम सत्यदर्शी ने रविवार को बताया कि इस थीम को बंगाल के बापी दा ने डिजाइन किया है। जारवा,भारत के अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह की एक प्रमुख जनजाति है। वर्तमान समय में इनकी संख्या 250 से लेकर 400 तक अनुमानित है, जो कि अत्यन्त कम है। जारवा लोगों की त्वचा का रंग एकदम काला होता है और कद छोटा होता है। करीब 1990 तक जारवा जनजाति किसी की नजरों में नहीं आई थी और एक अलग तरह का जीवन जी रही थी। अगर कोई बाहरी आदमी इनके दायरे में प्रवेश करता था, तो ये लोग उसे देखते ही मार देते थे, हालांकि 1998 के बाद इनकी इस आदत में बहुत बदलाव आ चुका है। उन्होंने बताया कि इसी जनजाति की जीवनी को इस पंडाल के माध्यम से दिखाया जाएगा। इस पंडाल को बनाने में फाईबर, लोहे के तार, पाइप, प्लाई, बांस और सन पैक का इस्तमाल किय गया है। इस पंडाल को बापी दा बना रहे हैं जो मिदनापुर के निवासी हैं। इस पंडाल को बनाने मे 45 पुरुष, और 22 महिला लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि पंडाल बनाने में 12 लाख, मूर्ति में दो लाख, लाइट में 1.5 लाख, साउंड सिस्टम में 60 हजार, प्रसाद में दो लाख , भंडारा में चार लाख कुल 24 लाख के आस पास खर्च हो होगा।

### पंडाल के अंदर मां दुर्गा के दर्शन से भक्तों को होगी देवलोक की अनुभूति



**रांची।** चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति में दुर्गा पूजा के सप्तमी के दिन बनारस के विद्वान पंडित आरती और डमरू के धुन से मां भगवती की आराधना करेंगे। समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि महीनों से चल रहे पंडाल के निर्माण कार्य को कारीगर मूर्त रूप देने में लगे हुए हैं। पंडाल के अंदर प्रवेश करते ही मां के भक्तों को देवलोक की अनुभूति होगी। वहीं पंडाल के अंदर की सज्जा हस्त निर्मित कमल फूल की आकृति से किया जायेगा। जबकि बाहर मुख्य द्वार पर मां के नेत्र की आकृति लगायी जायेगी।सनातन धर्म और हिंदुत्व का बोध भक्तों को कराया जायेगा। मां की प्रतिमा बंगाल के कारीगर तैयार कर रहे हैं। इसमें मां दुर्गा ने अपने हाथ में पूरे ब्रह्मांड को संभाला है। समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि रांची के श्रद्धालुओं के लिए उज्जैन के भजन गायक और दिल्ली के नाट्य मंडल की प्रस्तुति होगी। पंचमी के दिन दिल्ली के कलाकार दुर्गा जी के नौ रूपों की प्रस्तुति नाटक के माध्यम से करेंगे। साथ ही भारत माता की थीम पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। वहीं षष्ठी के दिन देश के प्रसिद्ध भजन गायक उज्जैन के गजेंद्र प्रताप सिंह रांची के भक्तों को भक्ति धारा से मंत्र मुक्त करेंगे। समिति ने 2023 के दुर्गोत्सव में करीब 30 लख रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया है।

# स्वच्छता अभियान सभी के लिए जरूरी : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को रांची विश्वविद्यालय, रांची के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित स्वच्छता ही सेवा / एक तारीख एक घंटा श्रमदान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन सादगी एवं स्वच्छता का प्रतीक था। स्वच्छता का तात्पर्य बाहरी स्वच्छता के साथ-साथ आंतरिक स्वच्छता से भी है। गांधी जी का मानना था कि स्वस्थ समाज के लिए स्वच्छ वातावरण आवश्यक है। यह संदेश जन-जन तक पहुंचे, इसके लिए प्रधानमंत्री ने इस अभियान का शुभारंभ किया है। राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता के प्रति अन्य को प्रेरित करने के साथ सदैव स्वयं के जीवन में भी अंगीकृत किया। उन्होंने स्वच्छता के साथ अपरिग्रह का भी संदेश दिया था। अपरिग्रह से हमारा अंतःकरण स्वच्छ होता है। उनका मानना था कि व्यक्ति की इच्छाएं असीम व अनंत है। इसपर नियंत्रण रखने के लिए एवं शांतिपूर्वक जीवन जीने के लिए अपरिग्रह का होना आवश्यक है। अपरिग्रह में स्वयं का श्रम के साथ-साथ समाज के प्रति निष्काम कर्म का भाव निहित है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की थी। इस अभियान के कारण ही आज हमारे रेलवे स्टेशन पूरी तरह स्वच्छ रहते हैं। ट्रेन में बायो टॉयलेट के कारण स्वच्छता को बढ़ावा मिला है। इस अभियान के कारण हम अपने परिवेश को साफ रखने के लिए प्रेरित हुए हैं और विकास के लिए सकारात्मक वातावरण का निर्माण हुआ है। उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की सरहाना की तथा सभी को स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई।

### स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्ट कार्य को लेकर सर्जन डॉ अजीत हुए सम्मानित

**रांची।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम करने को लेकर सदर अस्पताल के सर्जन डॉ अजीत कुमार को सम्मानित किया गया है। बता दें कि जनहित फाउंडेशन ने उन्हें सम्मानित किया है। पिछले तीन सालों से सदर अस्पताल में (विशेषकर लेप्रोस्कोपिक सर्जरी) के क्षेत्र में बेहतर काम करने को लेकर डॉ अजीत को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर डॉ अजीत ने कहा कि सदर अस्पताल में 10 से 12 प्रकार के नए लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की शुरूआत की जा चुकी है। रांची का सदर अस्पताल पहला जिला अस्पताल है जहां लेप्रोस्कोपिक सर्जरी शुरू की गई है। जिससे लोगों को काफी लाभी भी पहुंच रहा है।

हमारी टीम ने नियमित रूप से पित्त की थैली के पत्थर का ऑपरेशन, अपेंडिक्स का ऑपरेशन, पेट के गोले में सिस्ट, विभिन्न प्रकार के हर्निया का ऑपरेशन लेप्रोस्कोपिक विधि के द्वारा की जा रही है।

### राज्य स्तरीय खेलो झारखंड वुशू संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड के द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में राज्य स्तरीय खेलो झारखंड वुशू प्रतियोगिता 2023 आज यहाँ सम्पन्न हो गयी। रांची के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित ठाकुर विश्वनाथ शहदेव इंडोर स्टेडियम, में अयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के वूशु के अंडर 17/19 बालक बालिका के विभिन्न 35 भार वर्गो में खिलाड़ियों ने भाग लिया। आज इसके समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार सिंह, (रजिस्ट्रार सरला बिरला यूनिवर्सिटी रांची),थे जिन्होंने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के सफलता की कामना की।इस पर अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवेंद्र दुबे, (कोषाध्यक्ष झारखंड ओलिंपिक संघ) श्री शैलेंद्र दुबे (महासचीव झारखंड वुशू संघ), कुमुद प्रसाद साहू, उदय साहू, अमर प्रियदर्शी (निदेशक- झारखंड वूशु संघ)सहित रजि अहमद,रत्नेश कुमार,दीपक गोप, वहीद अली ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान किया। मंच का संचालन अमरेंद्र द्विवेदी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन सुशील कच्छप ने किया। रांची की टीम 19 स्वर्ण, 12 रजत एवं 13 कांस्य पदक के साथ बनी ओवरऑल चैंपियन बनी। रामगढ़ की टीम 10 स्वर्ण, 6 रजत एवं 6 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रही। ज्ञातव्य हो कि इस प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसके पश्चात चयनित खिलाड़ी रांची में जनवरी में होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 में राज्य टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### लोकहित अधिकार पार्टी ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

## 'लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए लोगों को जागने की जरूरत'



**नवीन मेल संवाददाता। कांके**

रांची लोकसभा के कांके विधानसभा अंतर्गत गागी एवं जयपुर पंचायत के कई गांवों का दौरा कर सामाजिक न्याय के तहत लोकहित अधिकार पार्टी की नीति एवं सिद्धांतों को ग्रामीण क्षेत्र के दबे कुचले वंचित शोषित उपेक्षित वर्गों के बीच जन जागरूकता अभियान के रूप में चलाया गया। जनसंपर्क व जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू, कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक, कांके प्रखंड अध्यक्ष देव पूजन ठाकुर, जिला सहसंयोजक धनकू साहू, जिला महिला मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष रूपाली मुंडा, महामंत्री सुनीता उरांव सहित क्षेत्र के दर्जनों सामाजिक अगुवा प्रतिनिधिगण शामिल हुए। इस बीच पार्टी के जिला महिला मोर्चा महामंत्री सुनीता उरांव की अध्यक्षता में चामगुरु गांव में कुछ नारी शक्ति महिला बहनों के साथ एक बैठक रखा गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए देश के 97% लोगों को जागने और जागने की आवश्यकता है। आगामी 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में लोकहित अधिकार पार्टी सभी सीटों पर लड़ेगी। जाति आधारित जनगणना, जिसकी जितनी आबादी उसको उतनी भागीदारी के तहत आरक्षण , सभी को निःशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था लागू करने और कराने के लिए कार्य करते रहेंगे। श्री साहू ने कहा भारतीय संविधान के बदौलत हम सभी जाति धर्म समुदाय के लोगों को समानता का अधिकार प्राप्त हुआ, जिसके बदौलत देश के सभी तबके के लोगों को पढ़ लिखकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है हमें हर हाल में भारतीय संविधान को बचाने के लिए एक जूटता के साथ प्रतिबद्ध होना होगा।

### सीसीएल में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत किया श्रमदान

**रांची।** सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी के नेतृत्व एवं दिशा-निर्देश में सीसीएल के मुख्यालय सहित सभी कोयला क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफल कार्यक्रम का आयोजन किया। इसी कड़ी में सीसीएल रांची द्वारा रविवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रांची के जाकिर हुसैन पार्क, रांची नगर निगम द्वारा संचालित सब्जी मंडी, रातू रोड, दरभंगा हाउस कैंपस सहित राज्य के 14 अन्य स्थानों में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (तक/संच) राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र एवं सीवीओ पंकज कुमार सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे। राम बाबू प्रसाद ने उपस्थित सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को दैनिक जीवन का अनिवार्य अंग बनाना होगा तथा आज लिए गए प्रण को व्यवहार में लाना होगा।

### डॉ. मनोज कुमार ने भाजपा पर की तीखी आलोचना, कहा-


## संकल्प यात्रा के दौरान घूम-घूमकर बाबूलाल झारखंड की जनता को ठगने का काम बंद करें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने भाजपा पर तीखी आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अपने संकल्प यात्रा के दौरान आम आवाम को ठगने एवं गुमराह करने का काम कर रहे है जो राज्य की जनता भाजपा के चाल चरित्र को बखूबी समझ रही है, उनका यह कथन की भाजपा की सरकार बनेगी तो छः माह में भरेंगे रिक्त पद यह सिर्फ व सिर्फ सगूफा है भाजपा नेताओं को सगुफा छोड़ने में महारत हासिल है। मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बाबूलाल मरांडी जी से जानना चाहा है कि जब श्री मरांडी राज्य की मुख्यमंत्री थे तो कितनी नियुक्तियां भरी। भाजपा की सरकार में रघुवर दास के समय कितनी नियुक्तियां की गई और बाबूलाल मरांडी को यह भी बताना चाहिए कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है प्रधानमंत्री के वादे के अनुसार देश में कितने बेरोगारों को नौकरी मिली, कितने गरीबों के खाते में कितने रुपए भेजे गए, इसलिए मरांडी सगूफा छोड़ना और लोकलुभाने झूठे वादे करना छोड़ें देश और राज्य की जनता सब जान और समझ चुकी है, इसलिए आपके झूठे प्रचार के झांसे में राज्य की जनता आने वाली नहीं है। राष्ट्रीय जनता दल पूर्व मुख्यमंत्री से यह भी जानना चाहती है कि आपके शासन काल में बाहरी भीतरी के नाम पर कितने निर्दोष लोगों की जान गई आपने राज्य के विकास के लिए क्या किया इसलिए जनता को बरगलाने का काम बंद कीजिए, सेवा भाव से जनता की सेवा कीजिए सभी जान चुके हैं कि कुतुब मीनार से कूद कर जान देना पसंद करेंगे किंतु भाजपा में नहीं जायेंगे वाले व्यक्ति हैं।

## हटिया में इस बार भी धूमधाम से मनाई जायेगी दुर्गापूजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आपनजन दुर्गा पूजा समिति, विकास नगर,र ोड नंबर-2, दुर्गा मंडप, हेसाग, हटिया के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाएगी। इस संबंध में समिति के सचिव जगत ज्योति राय ने बताया कि समिति द्वारा शारदीय दुर्गा पूजा की तैयारी की जा रही है। मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित करने के लिए विशाल और आकर्षक पंडाल का निर्माण कार्य जारी है। दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर समिति के सभी पदधारी और सदस्यगण सक्रियता से जुड़े हैं। समिति के संरक्षक व जाने-माने समाजसेवी (वरिष्ठ अधिवक्ता) रमेश चंद्र सरकार, अध्यक्ष स्वप्न कांति चंद व कोषाध्यक्ष तपन चौधरी सहित अन्य गणमान्य दुर्गा पूजा के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। जगत ज्योति राय ने बताया कि कलश स्थापना 15 अक्टूबर (रविवार) को है। तत्पश्चात दैनिक अनुष्ठान प्रारंभ हो जाएगा। महाषष्ठी का आयोजन शुक्रवार (20अक्टूबर) को देवी का कल्पारंभ, बोधन, आमंत्रण एवं अधिवास के साथ होगा। उक्त तिथियों को पुष्पांजलि, चंडी पाठ, होम, भोग वितरण, संध्या आरती, प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रम निर्धारित समय पर होंगे। वहीं, मंगलवार (24 अक्टूबर) को विजया दशमी पूजा सुबह 8:00 बजे प्रारंभ होगी एवं 9:30 बजे तक पुष्पांजलि, स्तोत्र पाठ व मांगलिक विसर्जन के बाद अपराजिता पूजा के साथ दुर्गोत्सव का समापन होगा। आपनजन दुर्गा पूजा समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में दुर्गोत्सव में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।




### रांची में वॉकाथन के साथ वन्यप्राणी सप्ताह 2023 शुरू

## वॉकाथन में एक हजार से अधिक लोगों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवपाददाता। रांची**

69वां वन्यप्राणी सप्ताह 2023 के उपलक्ष्य में रविवार को प्रातः 6:00 बजे वन्यप्राणी सप्ताह का शुभारंभ वॉकाथन के आयोजन से किया गया। इसका आयोजन स्कूली बच्चों एवं आम लोगों के बीच वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्येश्य से किया गया। उक्त कार्यक्रम में राँची के अलग-अलग विद्यालयों से 350 बच्चे एवं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से 400 आम लोग, मुख्य वन संरक्षक एवं अन्य संस्थानों के पदाधिकारी / कर्मचारी सहित 1000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। पुलिस महानिदेशक, झारखंड अजय कुमार सिंह एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, झारखण्ड डॉ० संजय कुमार श्रीवास्तव, द्वारा झंडा दिखाकर सभी प्रतिभागियों को पलाश वन सभागार, डोरंडा से रवाना किया गया। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने पलाश सभागार, वन भवन, डोरंडा से प्रातः 6:30 बजे से पैदल चलकर कडरू रोड-अरगोड़ा चौक, बिरसा चौक, हिनू चौक होते वापस पलाश सभागार, डोरंडा तक लगभग 10 किमी० की दूरी तय की। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, झारखण्ड डॉ संजय कुमार श्रीवास्तव, के द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं आम लोगों को वन एवं वनों के संरक्षण के संदर्भ में जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड श्री अजय कुमार सिंह ने भी आम लोगों एवं स्कूली बच्चों को वन एवं वनों के संरक्षण हेतु जागरूकता संदेश दिया। उक्त वॉकाथन का आयोजन एसआर नटेशा, भावसे, मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी, झारखण्ड, रांची के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्री अजय कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड, डॉ० संजय कुमार श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, झारखण्ड, शशीकर सामंत, प्रधान मुख्य वन संरक्षक कुलवंत सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### बोकारो : केंद्रीय विद्यालय में बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बोकारो।** शहर के सेक्टर-4 स्थित केंद्रीय विद्यालय नंबर वन में 1 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान का आयोजन हुआ. प्राचार्य मनोज कुमार ने हाथ में झाड़ू लेकर कार्यक्रम की शुरूआत की. उन्होंने कहा कि साफ-सफाई की यह पहल मात्र सांकेतिक है परंतु आम जनता के बीच में इस सांकेतिक पहल का दूरगामी प्रभाव पड़ता है. स्वच्छता के महत्व को समझकर हम एक स्वस्थ, सुखद व समृद्ध समाज बना सकते हैं. अपने आस-पास के पर्यावरण को भी सुंदर बना सकते हैं. मौके पर किशन चातर, भवेश चंद्र सिंह, अरविंद कुमार, निशांत चौबे, सत्यव्रत कुमार आदि ने छात्रों का अलग-अलग समूह बनाकर विद्यालय परिसर व आस-पास सफाई की.

### बोकारो : बारिश के कारण मिट्टी की दीवार गिरी, दबकर बच्ची की मौत

**बोकारो।** लगातार हो रही बारिश के कारण चास मुफस्सिल थाना इलाके के कुम्बरी गांव में 1 अक्टूबर की सुबह मिट्टी की दीवार गिर गई. इस दीवार के मलवे में दबकर चार वर्षीय एक बच्ची साइना परवीन की मौत हो गई. घटना के बाद आनन-फानन में परिजनों ने मलवा हटाकर बच्ची को मिट्टी से निकाला. घटना के बाद परिजनों में मातम है. बच्ची के पिता शमीम अंसारी ने बताया कि सुबह में उनकी बेटी घर के बगल के रास्ते से खेलने जा रही थी. उसी दौरान बारिश में भींगी हुई दीवार अचानक उस पर गिर गई. दीवार गिरने की आवाज सुनने पर आस-पास घर के लोग दौड़ कर निकले, किसी तरह मिट्टी को हटाकर बच्ची को निकाला. लोग अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उसकी मौत हो गई. इसकी जानकारी पुलिस को दी गई है.

### ‘एक तारीख, एक घंटा’ कार्यक्रम के तहत श्रमदान से सफाई अभियान शुरू



**जमशेदपुर।** चाकुलिया नगर पंचायत में रविवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एक तारीख एक घंटा कार्यक्रम के तहत श्रमदान से 24 जगहों पर स्वच्छता अभियान शुरू किया गया. इस अभियान में नगर पंचायत के पदाधिकारी और कर्मचारियों तथा आम लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी चंदन कुमार के नेतृत्व में मुख्य सड़क के किनारे सफाई अभियान चलाया गया. नागानल मंदिर के पास नगर पंचायत की कनीय अभियंता ग्लोरिया भेंगरा के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया. नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों और पार्कों में सफाई अभियान चलाया गया. थाना परिसर में कनीय अभियंता प्रदीप उरांव, पूणापानी के नाना-नानी पार्क में रेणुका महतो, रेलवे अंडरपास में कमाल कांत महाकुड़, मदरसा और मस्जिद के पास के जेइ लखींद्र माहली, बिरसा चौक पर तापस राय और आशीष ज्योति के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया.

### जमशेदपुर : कांग्रेस सेवादल ने पोटका में चलाया सदस्यता अभियान

**जमशेदपुर।** जिला कांग्रेस सेवादल महिला विंग की मुख्य संगठक रीता शर्मा के आह्वान पर पोटका प्रखंड के हल्दीपोखर में सेवादल कांग्रेस का संगठनात्मक सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ. शनिवार को शबाना परवीन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष सफी अहमद खान एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य संगठक सेवादल महिला विंग की रीता शर्मा तथा आमंत्रित अतिथि सुरज मुंडा थे. इस अवसर पर सफी अहमद खान ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक लालजी देसाई एवं झारखंड प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन के निर्देश पर जिले के सभी 18 प्रखंड में कांग्रेस सेवादल का गठन नए सिरे से किया जाएगा. प्रखंड स्तर पर मुख्य संगठक, दो उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, दो महामंत्री, पांच सचिव, प्रवक्ता, कार्यालय प्रभारी, 11 कार्यकारिणी सदस्य का गठन किया जाएगा. रीता शर्मा ने कहा कि पोटका प्रखंड के अन्तर्गत आने वाले 34 पंचायतों में जल्द से जल्द सेवादल कांग्रेस का कमेटी का गठन करना सुनिश्चित करें.

### धनबाद में 'एक तारीख, एक घंटा' के लिए स्वच्छता दिवस कार्यक्रम का आयोजन

# छात्राओं और शिक्षकों ने ली स्वच्छता की शपथ





**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद के द्वारा देशव्यापी स्वच्छता अभियान के क्रम में प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक अक्तूबर को एक घंटे श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कोला कुसुमा धनबाद में चलाया गया। इस अवसर पर सभी को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। इस स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर के आस-पास फैले प्लास्टिक, रबर, गोबर, झाड़ पत्ते, आदि इकट्ठा कर उसे कूड़ेदान में डाला गया। जेबीएवी के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने इस स्वच्छता अभियान के लिए श्रमदान किया। तदोपरांत सभी ने अच्छे से अपने हाथों की सफाई भी की, इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने कैसे ठीक से हाथ साफ करते हैं, उसका तरीका भी सभी को दिखलाया। अभियान से पूर्व क्षेत्रीय प्रचार प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने छात्राओं को स्वच्छता ही सेवा अभियान तथा पीएम के आज के श्रमदान अभियान के बारे में जानकारी देते हुए स्वच्छता के महत्व को समझाया। विद्यालय की वार्डन मोनिका भट्टाचार्जी ने भी स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला, और अपनी छात्राओं को आज के श्रमदान अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। सुबह 10 बजे श्रमदान अभियान से ठीक पहले विद्यालय परिसर में ही क्षेत्रीय प्रचार प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय द्वारा सभी विद्याथियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राज किशोर पासवान एवं जेबीएवी की शिक्षिका सरिता कुमारी, शिक्षक सत्यवान कुमार, सफाई कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही। इसके साथ ही विद्यालय परिसर के सफाई कर्मी सहित लगभग 200 स्कूली छात्राओं की आज के इस सफल अभियान में उपस्थिति रही। इससे पूर्व, इस सप्ताह में सीबीसी धनबाद द्वारा गिरिडीह जिले के उच्च विद्यालय, सदर क्षेत्र तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बेंगाबाद में श्रमदान तथा स्वच्छता शपथ अभियान चलाया गया।

### बाबूलाल मरांडी ने की सड़क की सफाई, दिया स्वच्छता का संदेश





**गिरिडीह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे देशव्यापी स्वच्छता अभियान के तहत गिरिडीह जिले में भी भाजपा की ओर से 1 अक्टूबर को विशेष आभियान चलाया गया. इस अभियान का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री-सह-भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया. इस दौरान बाबूलाल मरांडी समेत भाजपा के तमाम नेता हाथों में झाडू लेकर सड़क की सफाई करते दिखे. मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा की ओर से 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि स्वच्छता को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गंभीर हैं और लगातार आभियान चला रहे हैं. कहा कि स्वच्छ भारत आभियान की सफलता में देश के हर नागरिक को अपना योगदान देने की जरुरत है. इस मौके पर डॉ रविंद्र राय, पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहबादी, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, चुन्नुकांत समेत काफी संख्या में भाजपा के नेता व कार्यकर्त्ता शमिल थे.

### स्व. अजंबर गुड़िया मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता 8 अक्टूबर से

**चाईबासा।** सुदूरवर्ती सारंडा अंतर्गत मकरंडा पंचायत के ग्राम सागजोड़ी में दो दिवसीय 26वां स्व. अजंबर गुड़िया मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया है. यह प्रतियोगिता 8 एवं 9 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा. इस प्रतियोगिता में झारखंड एवं ओडिशा की 26 टीमें शामिल होंगे. यह जानकारी आयोजन समिति ब्वॉयज क्लब सागजोड़ी के सचिव संदीप गुड़िया ने दी. कहा कि इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जगन्नाथपुर विधान सभा के विधायक सोनाराम सिंकु एवं विशिष्ट अतिथि रंजित यादव जिला परिषद उपाध्यक्ष एवं रानी गुड़िया मुखिया मकरंडा पंचायत को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया हैं. उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 25 हजार रुपये नकद, ट्रॉफी व खस्सी, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रुपये नकद, खस्सी व ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 10 हजार नकद व खस्सी एवं चतुर्थ पुरस्कार के रूप में 5 हजार नकद व खस्सी प्रदान की जाएगी.

# हाथियों का तांडव, 16 घरों को तोड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड के सियारी व लोधी पंचायत के गांवों में हाथियों का झुंड पूरी रात तांडव मचाता रहा लेकिन वन विभाग की नींद नहीं खुली. इस दौरान हाथियों का झुंड 16 घरों को क्षतिग्रस्त कर घरों में रखे अनाज को चट गया. हाथियों ने कई एकड़ में लगी फसलों को भी रौंद दिया. 30 सितंबर की रात 11 बजे हाथियों का झुंड सबसे पहले सियारी पंचायत के चितु गांव में घुस गया और सात घर को तोड़ दिया. यहां पहुंचे हाथी घर पर रखे चावल, मकई, महुआ खा गए. इस दौरान हाथियों ने घरों में टीवी, स्टेबलाइजर, डीजे सेट साउंड, टीवी, फ्रिज, स्कूटी, सहित अन्य सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया. ग्रामीणों ने किसी तरह ढोल नगाड़ा बजाकर यहां से हाथियों को भगाया तो दो हाथी लोधी पंचायत के बन चतरा गांव के रास्ता टोला व भवरा टांड़ में पहुंच गए. यहां हाथियों ने 9 घरों को तोड़ दिया और घर पर रखे अनाज चट कर गए. हाथियों के भय से गांव के लोगों ने बाल-बच्चों समेत जंगल में भाग कर जान बचाई. बता दें कि 30 सितंबर की शाम को ही हाथी का झुंड गोमिया प्रखंड के आइईएल थाना क्षेत्र के नजदीक कमार्टांड़ में पहुंच गया था और यहां भी तोड़फोड़ की थी. वन विभाग की हाथी भगाओ टीम यहां पहुंचकर हाथियों को कमार्टांड़ से दनिया के जंगल की ओर भेजने का प्रयास किया, मगर हाथी दनिया जंगल की ओर जाने के बजाय वनचतरा के जंगल में घुस गए. रात चितु व वन चतरा गांव में हाथियों ने कई घरों को तोड़ कर ध्वस्त कर दिया और अनाज खा गया. इस संबंध में तेनुघाट वन क्षेत्र पदाधिकारी विनय कुमार से फोन पर संपर्क साधने की कोशिश की गई, मगर उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया.

### चैंबर ने मासूम कलाकारों को किया सम्मानित



**रांची ।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने महिला कलाकारों को सम्मानित किया ।पिछले दिनों मेरी आवाज मेरी पहचान की ओर से एक एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था । जिसमें स्वर्गीय लता मंगेशकर का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में कलाकारों ने अपने गानों से सब का दिल जीत लिया । मासूम कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज से सबको मंत्र मुक्त कर दिया । कलाकारों से खुश होकर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने स्टेज पर बुलाकर बुके देकर सम्मानित किया । किशोर मंत्री ने कलाकारों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि ऐसे होनहार और उभरते हुए कलाकारों को चेंबर ऑफ कॉमर्स पूरा सहयोग करेगा । मां सुलोचना शाहदेव, बेटी कृति शाहदेव और बेटा काव्य शाहदेव को सम्मानित किया गया । तीनों एक ही परिवार के हैं ।

### रेलकर्मियों ने चलाया सफाई अभियान

**चाईबासा।** हम सबने ठाना है भारत को स्वच्छ बनाना है. गली, मुहल्ला, गांव, शहर से गंदगी दूर भगाना है. उक्त बातें चक्रधरपुर रेल मंडल के सिनियर डीएसटीई नीलमाधव दास ने रविवार को मनोहरपुर रेल परिसर में आयोजित स्वच्छता सेवा कार्यक्रम में कही. उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में साफ-सफाई अतिमहत्वपूर्ण है. गंदगी के कारण ही मच्छर जनित बीमारी भी फैलती है, जिससे लोग विभिन्न रोगों के शिकार हो जाते है. इस दौरान वे स्वंय अपने हांथों में झाडू लेकर सफाई अभियान में शामिल हुए और रेलवे स्टेशन के आसपास सफाई की. इस अभियान में मुख्य रूप से मनोहरपुर स्टेशन प्रबंधक शैलेंद्र कुमार, आरपीएफ के एसआई एस सिंह, एएसआई ओपी यादव, एम चटर्जी, मनोज कुमार समेत दर्जनों रेलकर्मियों ने हिस्सा लिया.

### सीआरपीएफ 60वीं बटालियन व मारवाड़ी युवा मंच ने शहर में चलाया सफाई अभियान

**चाईबासा।** चक्रधरपुर की सीआरपीएफ 60वीं बटालियन व मारवाड़ी युवा मंच के संयुक्त प्रयास से रविवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शहर के विभिन्न इलाकों में साफ-सफाई की गई. इस दौरान सीआरपीएफ के जवानों व मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने चक्रधरपुर की पवन चौक, भगत सिंह चौक, थाना रोड समेत अन्य स्थानों पर झाडू लेकर साफ-सफाई की व कचरों का उठाव किया. साथ ही लोगों को साफ-सफाई के प्रति के जागरूक भी किया गया. इस मौके पर सीआरपीएफ 60वीं बटालियन के कमांडेंट अम्बुज मुथाल के अलावे अन्य अधिकारी, जवान समेत मारवाड़ी युवा मंच के चक्रधरपुर शाखा के अध्यक्ष उत्तम अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवध खिरवाल, सचिव प्रतिक शाह, कोषाध्यक्ष नरेश केडिया, संतोष अग्रवाल, कमल खैतान, दीपक खिरवाल, नितेश भगेरिया, पीयुष अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थे.

# ब्लास्टिंग से कच्चा मकान गिरा, महिला-उसके 4 बच्चे दबे

**पुटकी 17 नंबर की घटना, ग्रामीणों ने सभी को मलबे से निकाला**

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश व हेवी ब्लास्टिंग से पुटकी 17 नंबर में एक अक्टूबर रविवार को तड़के निशा देवी का मिट्टी का मकान गिर गया. मलबे में महिला और उसके 4 बच्चे दब गए. ग्रामीणों के सहयोग से सभी को निकाला गया. घटना तड़के करीब 3 बजे की बताई जाती है. परिवार के लोग गहरी नींद में सो रहे थे, तभी मकान गिर गया. मलबे में दबे लोगों की चीख-पुकार सुन आसपास के लोग जग गए और करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया. निशा देवी को गहरी चोट है, जबकि बच्चे मामूली रूप से घायल हैं. सभी का अस्पताल में इलाज कराया गया. परिवार के सभी सदस्यों को बगल के सामुदायिक भवन में रखा गया है. घायलों में महिला निशा देवी और उसके चार बच्चे अनुष्का कुमारी (6 वर्ष), सुगन कुमार (9 वर्ष), कारी कुमारी (4 वर्ष), खुशी कुमारी 2 वर्ष व खुशबू कुमारी (2 वर्ष) शामिल हैं.

### आउटसोर्सिंग कंपनी की ब्लास्टिंग से घरों में दरार

स्थानीय निवासी जानकी देवी ने बताया कि पुटकी 17 नम्बर के बगल में एसटीजी आउटसोर्सिंग कंपनी कोयला खनन के लिए ब्लास्टिंग करा रही है. इससे आसपास के घरों मे दरार पड़ गई है. ग्रामीणों ने बीसीसीएल प्रबंधन से कई बार पुनर्वास की मांग की. वार्ता व धरना-प्रदर्शन भी हुआ. इसके बावजूद वहां के लोगों को दूसरी पुनर्वासित नहीं किया गया.



## जागरूक

### ‘स्वच्छता ही सेवा 2013’ कैंपेन के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची में स्वच्छता अभियान का आयोजन

# स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता जरूरी, बच्चों दें ध्यान : प्राचार्य







**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वच्छता और पर्यावरण चेतना के प्रति प्रतिबद्धता का एक उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए, दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) राँची के विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान का आयोजन करके 'स्वच्छता ही सेवा 2023' कैंपेन का नेतृत्व किया। 01 अक्टूबर, 2023 को आयोजित इस कार्यक्रम में 60 से अधिक छात्र अपने शहर को स्वच्छ और साफ बनाने के उद्देश्य से एकत्रित हुए। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य पूरे भारत में स्वच्छता को बढ़ावा देना है। यह अभियान भारत सरकार द्वारा नागरिकों को स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने और एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य के लिए स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया। डीपीएस राँची के विद्यार्थीगण ने इस पहल को बेहद उत्साह के साथ अपनाया। सफाई अभियान सुबह-सुबह शुरू हुआ जब विद्यालय के छात्र एवं शिक्षक बिरसा चौक और हटिया रेलवे स्टेशन रोड पर एकत्र हुए। झाडू, कूड़ेदान, गार्बेज बैग को लेकर वे सड़कों और सार्वजनिक क्षेत्रों को साफ करने के लिए निकल पड़े। भारी बारिश भी इन उत्साही बच्चों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। छात्र स्थानीय निवासियों के साथ सक्रिय रूप से भी जुड़े और उन्हें पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने के महत्व के बारे में शिक्षित किया। इस अवसर का महत्त्व समझाते हुए, डीपीएस राँची के प्राचार्य एवं सिटी कोऑर्डिनेटर, राँची , डॉ. राम सिंह ने कहा, ₹जब सामाजिक और पर्यावरणीय पहल की बात आती है तो हमारे छात्र हमेशा सबसे आगे रहे हैं। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान उनके लिए सक्रिय रूप से एक उत्कृष्ट मंच है। हम सभी को हमारे देश को स्वच्छ बनाने में योगदान देना चाहिए। डीपीएस राँची में 'स्वच्छता ही सेवा 2023' अभियान केवल एक दिवसीय कार्यक्रम ही नहीं, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाला अथक प्रयास है जिससे विद्यार्थियों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न की जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण के लिए स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण है।इसका असर सार्वजनिक और व्यक्तिगत जीवन पर भी पड़ता है। राष्ट्रीय स्तर के इस अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जागरूकता, सड़कों की सफाई, स्वच्छता पर जागरूकता को बढ़ावा देना, स्वच्छ पेयजल के प्रति शिक्षित करना आदि शामिल है। डीपीएस राँची के विद्यार्थियों द्वारा की गई अनुकरणीय पहल इस बात का ज्वलंत उदाहरण है कि कैसे युवा 'स्वच्छ भारत अभियान' में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और अपने समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। यह भारत के लिए एक स्वच्छ और उज्जवल भविष्य को आकार देने में युवाओं के नेतृत्व वाले आंदोलनों की शक्ति का एक प्रमाण है।

## गागर में सागर

### पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा सदस्यों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 1 अक्टूबर 2023 को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मण्डल के अध्यक्ष शिवकुमार महतो नेतृत्व में रामगढ़ कैंट वार्ड नम्बर 8 में बिजुलिया तालाब के समीप स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत भारी बारिश में भाजपा सदस्यों ने मिलकर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो संजय सिंह,कैंट मण्डल के सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र शर्मा, आलोक सिंह,कैंट मण्डल महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि सूर्यवंश श्रीवास्तव, ऋषिकेश सिंह, ब्रजेश पाठक, मिथलेश मंडल, संतोष साह, आनंद साव, सत्यजीत सिंह, अमर कुमार, भोला राम आदि शामिल हुए ।

### केंद्रीय महाधिवेशन के लिए आजसू पार्टी के कार्यकर्ता रांची हुए रवाना



**रामगढ़।** आजसू पार्टी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महाधिवेशन के अंतिम दिन नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में नगर परिषद क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता रांची के लिए रवाना हुए। मौके पर मनोज कुमार महतो ने बताया कि आजसू का महाधिवेशन झारखंड नव निर्माण का संकल्प समागम होगा।इसलिए महाधिवेशन को पूरे राज्य का अधिवेशन बनेगा।इसका उद्देश्य राज्य के निर्माण में योगदान देने वाले आंदोलनकारियों का सम्मान करना है। मौके पर वार्ड पार्षद देवधारी महतो,रोशन कुमार,भुनेश्वर महतो,राजेंद्र महतो,नरेश महतो,अरविंद महतो,ललिता देवी,सीता देवी,सुरेश महतो,नुनूलाल महतो,पुरुषोत्तम कुमार,अनिल पटेल,सुगंध महतो आदि उपस्थित थे।

### मेरा माटी मेरा अभिमान के तहत श्रीदस के बच्चों ने शहीदों को किया नमन

**बरही ।** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा मोड़ में मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बच्चो के बीच पेंटिंग्स, निबंध आदि प्रतियोगिता के साथ शपथ कार्यक्रम भी आयोजित किए गए. प्राचार्य रोहित सिंह ने बताया कि मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम भारत की भूमि और वीरता का जश्न मनाने का एक अभियान है. जो देश की आजादी के अमृत महोत्सव का अंतिम भाग है. यह अभियान आजादी के उन नायकों के प्रति सम्मान और प्रेम दशार्ता है जिन्हे किसी कारणवश अब तक ध्यान नहीं दिया गया. यह कार्यक्रम देश के युवाओं के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करेगा. यह देश के प्रधानमंत्री के द्वारा शहीदो के सम्मान में प्रारंभ किया गया कार्यक्रम है. अंत में सभी छात्र-छात्राओं को पंच प्राण की शपथ दिलाई गई. साथ ही प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालो को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी गई. कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाये मौजूद थे.

### शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने मांगों को लेकर विधायक आवास को घेरा

**बरकट्ठा।** संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर और सरकार की गलत रणनीति के खिलाफ बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के विधायक अमित कुमार यादव के आवास का शिक्षकों ने घेराव किया। अपनी मांगों को लेकर वित्त रहित शिक्षक एवं शिकेत्तर कर्मचारियों ने माननीय विधायक को ज्ञापन सौंपा, जिसमें सभी वित्त रहित शिक्षण संस्थानों को अधिग्रहण करने, संस्थाओं को घाटा अनुदान देने, संस्थाओं के विद्यार्थियो को बगल के प्लस टू विद्यालयों में विलय के प्रस्ताव को वापस लेने संबंधित मांगे शामिल हैं। इन मांगों को लेकर विधायक अमित कुमार यादव ने सभी शिक्षा कर्मियों को आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार कि ऐसी तानाशाही नीतियों को चलने नहीं देंगे। शीत कालीन सत्र में मैं विधान सभा में इसका पुरजोर आवाज उठाने का कार्य करूंगा और आपकी मांगों को दिलवाने का प्रयास करेंगे। इस घेराव कार्यक्रम में आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह के प्रधानाध्यापक मुजीब अंसारी, शिक्षक उपेंद्र पांडेय,मनीष जोशी, विष्णु कांत पांडेय, बिन्तोष बर्णवाल, राम मुर्मू, अन्य विद्यालयों से शिक्षक इंद्रदेव प्रसाद, दिनेश कुमार यादव, रमेश यादव, तुलसी साव मुख्य रूप से शामिल रहे।वहीं जीएम इंटर कॉलेज इचाक, जे.एम.इंटर कॉलेज उरुका, आदर्श इंटर कॉलेज इचाक, उच्च विद्यालय सिझुआ, उच्च विद्यालय बडकाखुर्द, सी.एम.आदर्श उच्च विद्यालय इचाक,उच्च विद्यालय बेड़ोकला के तमाम शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी शामिल थे।

### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में चला स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा अभियान

# एनएसएस कार्यकर्ताओं ने निकाली साइकिल रैली



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में रविवार की सुबह एनएसएस इकाई की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने साइकिल रैली निकाली. मूसलाधार बारिश भी कार्यकर्ताओं का हौसला नहीं डिगा पाई. एनएसएस के कार्यकर्ताओं ने शहर की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो का नारा लगाया. स्टेडियम स्थित कर्जन ग्राउंड में एनएसएस कार्यकर्ताओं को प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल से रवाना किया. शहर के विभिन्न मार्गों डिस्ट्रिक्ट मोड़, डीवीसी चौक, कुलपति आवास, झील परिसर स्थित स्वर्ण जयंती कैफेटेरिया का भ्रमण करते हुए कार्यकर्ता झील परिसर पहुंचे. वहां बापू की प्रतिमा स्थल के पास उन्हें नमन करते हुए पूरे झील कैंपस की साफ-सफाई की. साथ ही महात्मा गांधी के दिए स्वच्छता संदेश को बिखेरते हुए लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया. एनएसएस कार्यकताओं ने शहरवासियों को संदेश दिया कि स्वच्छ वातावरण से ही हम स्वस्थ रह सकते हैं. आसपास की गंदगी को हर दिन हटाकर ही बीमारी से बचे रह सकते हैं. मौके पर प्राचार्य ने कहा कि पूरे देश के स्वच्छता अभियान में गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का भी योगदान है. यह साफ-सफाई हम खुद, समाज, राज्य और देशवासियों को स्वस्थ रखने के लिए कर रहे हैं. स्वस्थ रहने के लिए हमें साफ-सफाई के प्रति सदैव संजीदा रहने की जरूरत है. यह बात हमें आसपास के लोगों को भी बताना चाहिए. मौके पर सहायक प्राध्यापिका डॉ बसुंधरा कुमारी, डॉ पुष्पा कुमारी, महेश प्रसाद, कुमारी अंजलि, पुष्पा कुमारी,

## दशलक्षण महापर्व उत्तम क्षमा के साथ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मेन रोड स्थित श्री दिंगबर जैन मंदिर में पंडित दीपक शास्त्री के सानिध्य मे उत्तम क्षमा धर्म के साथ श्री दशलक्षण महापर्व विधि पूर्वक संपन्न हुआ। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने क्षमा याचना करके समाज की और से सभी सदस्यों से क्षमा मांगा। इस मौके पर समाज के लोगों ने एक दूसरे से कहा कि यदि जाने अनजाने हमसे कोई भूल हुई हो तो कृपया क्षमाप्रार्थी हैं। व्रतधारी प्रवीण पाटनी एवम संजय सेठी का अभिनंदन पत्र देकर स्वागत किया गया। वहीं, पंडित दीपक शास्त्री को शॉल एवम अभिनंदन पत्र देकर उनका स्वागत किया गया। जबकि रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में लौंग का माला पहनने का सौभाग्य अमराव देवी पाटनी के परपोता मर्दाव पाटनी को प्राप्त हुआ। जबकि श्री दिगंबर जैन मंदिर में लौंग का माला पहनने का सौभाग्श हीरालाल किरण देवी पाटनी को मिला। मौके पर समाज के लोगों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने कहा 'छोटा सा संसार , गलितयां अपार, 'आपके पास है, क्षमा का अधिकार', अर्थात क्षमा जीवन का श्रृंगार और सुख शांति का आधार है। कहा कि क्षमा से बढ़कर कुछ भी नहीं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में अज्ञान, अहंकार एवं भूल होना स्वभाविक है। कहा कि आत्मशुद्धि के पर्व क्षमावाणी पर अंतःकरण के द्वेश और वैर को त्यागकर जो व्यक्ति क्षमा करता है और क्षमा मांगता है, उसी के लिए इस संसार रूपी सागर को पार करना संभव है। श्री पाटनी ने कहा की क्षमा वीरों की निशानी और आभूषण है। मौके पर समाज माया समाज अध्यक्ष मानिकचंद जैन ,उपाध्यक्ष अरविंद सेठी,सह सचिव नरेंद्र छाबड़ा ,जम्मू पाटनी,रमेश सेठी,देवेंद्र गंगवाल ललीत चूरीवाल, राजू सेठी, राजू पाटनी,पदम चंद छाबड़ा, मनोज काला, अशोक काला, किशोर काला सौरभ अजमेरा, राजेंद्र चूड़ीवाल अशोक चूड़ीवाला , विवेक अजमेर गौरव अजमेर ,अंकित जैन, सुमित जैन, विनोद जैन ,नीरज सेठी, निशांत सेठी, शांतिलाल जी सेठी मांगीलाल जी चूड़ीवाल, पदम चंद छाबड़ा, सुशील चूड़ीवाल, प्रदीप पाटनी, अजय जैन, प्रवीण पाटनी, डॉ शरद जैन, महावीर प्रसाद गंगवाल, ललित गंगवाल, नितिन पाटनी, वीरेंद्र राहुल जैन, गंगवाल, रमेश सेठी, संजय सेठी, विकास रापड़िया सुमट जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## बरकट्ठाः विधायक ने पांच करोड़ के चार विकास कार्य का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने बरकट्ठा और चलकुशा प्रखंड के तीन गांव में लगभग पांच करोड़ के लागत से निर्माण होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास जिप सदस्य कुमकुम देवी की उपस्थिति में किया। इनमें बरकट्ठा प्रखंड के केंदुआ वन में स्कूल उन्नयन कार्य, जतघघरा में एक पीसीसी पथ और जतघघरा से बराकर नदी के बेरोगांय पुल तक एक किलोमीटर तक कालीकरण रोड निर्माण और मनैया के पुरनीटांड़ से खरपोका तक सड़क निर्माण कार्य शामिल है। इस मौके पर आयोजित शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र के लोंगो के लिए स्वास्थ्य,आवागमन की सुविधा और बेहतर स्कूल निर्माण और शिक्षा का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। लोंगो की अपेक्षाओं को पूरा करने और प्रत्येक गांव में विकास कार्य को धरातल पर उतारने का हरसंभव कोशिश मेरी रहती है। शिलान्यास समारोह में ग्रामीण विकास विभाग के सहायक अभियंता सुनील कुमार, जिप सदस्य कुमकुम देवी, आशा कंस्ट्रक्शन के चंद्रधरी मेहता, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, महामंत्री इंद्रदेव यादव, नारायण प्रसाद, रीतलाल चौधरी आदि मौजूद थे।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत किया गया श्रमदान



**रामगढ़।** 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ मनीष कुमार के मार्गदर्शन में भारी वर्षा के बीच भी नगर परिषद के सभी 32 वार्डों में श्रमदान तथा साफ सफाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत स्थित सभी जलाशयों, ट्रैक्टर स्टैंड, चौक चौराहा, रेलवे कॉलोनी आदि की श्रमदान कर साफ सफाई की गई। साथ ही मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनीष कुमार, नगर प्रबंधक प्रीतम सिंह, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अमर कुमार, स्वच्छता मित्रों एवं स्थानीय लोगों द्वारा शहर को साफ रखने हेतु प्रतिज्ञा भी ले गई।

### स्वस्थ शरीर के लिए स्वच्छता जरूरी : डॉ ज्ञानी



**बरही ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन के पूर्व संध्या पर पूरे देश में सफाई अभियान चलाया जाना था. इसी के तहत बरही में भी अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से सफाई अभियान कार्यक्रम चलाया गया. कार्यक्रम अस्पताल के उपाध्यक्ष डॉ प्रकाश ज्ञानी की अगुवाई में आयोजित की गई थी. जिसमें सभी सहिया दीदी ने शामील रही. परंतु लगातार हो रहे वर्षा के कारण स्वच्छता पखवाड़ा का यह कार्यक्रम कुछ ही देर में संपन्न हो गया. मौके पर डॉ ज्ञानी ने लोगो से अपने परिवेश को साफ सुथरा रखने की अपील किया. जिससे मच्छर या अन्य जीवाणुओं का प्रकोप नही हो. गंदगी बीमारी का प्रमुख कारण है. स्वच्छ परिसर से ही स्वस्थ शरीर बनाया जा सकता है. इस कार्यक्रम में पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर, अस्पताल के पंकज आजाद, चालक अब्दुल्लाह, नरेश प्रजापति आदि मौजूद रहे.

### सलैया और झुरझूरी में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन



**बरकट्ठा।** जिला जल एवं स्वच्छता विभाग हजारीबाग के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सलैया और झुरझुरी में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया।इस निमित 15 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक पुरे भारत में स्वच्छता पखवाड़ा का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वहीं मुख्य संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि महात्मा गांधी के सपना को साकार करने के लिए हम सभी भारत के नागरिक स्वच्छ भारत बनाने में हम अपना दायित्व का निर्वहन करेंगे। सलैया में कार्यक्रम कि अध्यक्षता मुखिया इन्द्रदेव प्रसाद और संचालन जलसहिया रेखा देवी ने किया। वही झुरझुरी में अध्यक्षता मुखिया प्रियंका कुमारी ने किया। इस दौरान लोगों स्वच्छता पखवाड़ा के तहत साफ सफाई अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सुनैना देवी, प्रेमलता देवी, उर्मिला कुमारी, उमा कुमारी, सुनीता कुमारी, चमेली देवी, मंजू देवी, प्रियंका कुमारी, सुनीता देवी, रामकिशन प्रसाद, परमेश्वर महतो, अर्जुन प्रसाद, तारा देवी, रूपा कुमारी, अनीश कुमार, मो० कलावती, बसंती देवी कैलाश महतो पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी,जल सहिया सोमा गुप्ता,सुनीता कुमारी, ललिता देवी ,बेबी देवी,मीना मसोमत,कंचन कुमारी, गीता देवी,पूनम देवी,मुन्नी देवी,कुमारी विनीता,बबिता देवी, उषा देवी,पूनम कुमारी एएनएम, विनय कुमार भारती को, नरेश प्रसाद समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### सत्येंद्र सिंह की मनायी गई पांचवीं पुण्यतिथि

#### जरूरतमंदों के बीच किया गया छाता का वितरण





**रामगढ़।** कुरूम निवासी स्वर्गीय सत्येंद्र सिंह की 1 अक्टूबर को पांचवी पुण्यतिथि मनी स्व सिंह की पुण्यतिथि के मौके पर सुपुत्र चिकित्सक डॉ प्रवीण कुमार, पत्रकार पवन कुमार सिंह, अनुंडल कृषि पदाधिकारी लव कुमार, रेलवे में कार्यरत कुश कुमार, पुत्रवधु ममता सिंह, कविता सिंह, सुमन, सुमिता सिंह, पोता कृष, रूद्र, अनुभव, देव, पोती भाव्या, छोटी, काव्या उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व सिंह एक ऐसे व्यक्ति थे जो हर जरूरमंद की मदद किया करते थे। साथ ही वे बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए हमेशा प्रेरित किया करते थे। उनका कहना था की शिक्षा वह माध्यम है जो जीवन के हर मोड़ में आपका साथ देगी। इसलिए शिक्षा बेहतर तरीके से ग्रहण करें। शिक्षा आपके लिए जीवन में आगे बढ़ने का द्वार खोलेगी। स्वर्गीय सत्येंद्र सिंह की पांचवी पुण्यतिथि पर उनके पोता अनुभव कुमार ने कई जरूरतमंद लोगों के बीच छाता का वितरण किया। वहीं, जिन लोगों को छाता मिला उन्होंने कहा कि स्व सत्येंद्र सिंह ने अपने जीवन काल में हम सबों की हमेशा मदद की थी। कहा कि हम सबों को उनकी हमेशा याद आती है।

### घंघरी के संदीप को एसएससी (एनसीबी) में मिली कामयाबी



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के घंघरी निवासी संदीप कुमार यादव पिता छोटी यादव का चयन एनसीबी (स्वापक नियंत्रण ब्यूरो) विभाग में हुआ है। बताते चलें कि संदीप एसएससी द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में एनसीबी विभाग में ऑल इंडिया रैंक में 179 वां रैंक पाकर अपने माता-पिता और बरकट्ठा क्षेत्र का नाम रौशन किया। उन्होंने बताया कि मेरे पिता किसान है और दैनिक मजदूरी का काम करते हैं, माता गृहणी है ।मेरी प्राथमिक शिक्षा गांव के ही उत्क्रमित मध्य विद्यालय घंघरी, माध्यमिक शिक्षा प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा तथा इंटरमीडिएट और स्नातक की परीक्षा मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स हजारीबाग से हुई। सफलता के बाद परिवार के साथ-साथ पुरे क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। वहीं सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान के छात्र रहे संदीप को गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात शिक्षक वीरेंद्र कुमार, इंद्रदेव प्रसाद, राजदेव प्रसाद,शहनवाज अंसारी ने बधाई देते हुए भविष्य में इससे भी बड़ी सफलता पाने की कामना किया ।

## स्वागत

### शौर्य जागरण रथ में उमड़ी भीड़, जय श्रीराम के लगे नारे

# 'अयोध्या तो झांकी है, अभी काशी-मथुरा बाकी है'



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** अयोध्या से करियातपुर पहुंचे शौर्य जागरण रथ का विहिप व बजरंग दल के संयुक्त अगुवाई में 16 गांवो के हजारों सनातन धमार्लंबियो ने जोरदार स्वागत किया. इंद्रदेव ने भी जमकर रथ का स्वागत करते हुए रामलला का पांव पखारने का काम किया. दिन भर हो रहे वर्षा के बाबजूद भी रथ के स्वागत में लोगो ने कोई कसर नहीं छोड़ी. करियातपुर, बरसोत, दुलमहा, धनवार, कोरियाडीह, रणिचुआ आदि गांवों से हजारों की संख्या में स्त्री पुरुष और बच्चे भगवा कपड़े में छतरी लगाकर रथ पर सवार रामलला का दर्शन किया. रथ के साथ पधारे मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता विहिप विभाग मंत्री सह हजारीबाग पालक जन्मेंजय ने कहा किं जब तक हम सनातनी एक नही होंगे, देश की सुरक्षा और अखंडता पर खतरा है. उन्होंने जोर देकर कहा कि अयोध्या तो सिर्फ झांकी है, काशी मथुरा अभी बाकी है. उन्होंने यात्रा में शामिल लोगो से आगामी 8 अक्तूबर को रांची के मोरहाबादी में होने वाले हिंदू धर्म सभा में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील किया. इस जागरण रथ यात्रा में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, पालक अनूप यादव, प्रान्त संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति, सामाजिक समरसता प्रमुख प्रदीप सोनी, बजरंग दल संयोजक प्रशांत सिंह, संयोजक सुरेंद्र, प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता, मंत्री कैलाश ठाकुर आदि सहित कई लोग मौजूद रहे. मौके पर शामिल सभी लोगो ने सनातन की रक्षा का संकल्प लिया. कार्यक्रम संपन्न करवाने में चंदन केसरी, संतोष प्रजापति, टिंकू केसरी, कैलाश केसरी, मुन्ना केसरी, धर्मेंद्र प्रजापति आदि मौजूद थे।

## रामगढ़ः लापता युवक का शव बंद खदान से बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भदानीनगर ओपी अंतर्गत आईएजी मोड़ के निकट कोल कंपनी स्थित बंद पोखरिया खदान में रविवार की सुबह युवक का शव मिलने से क्षेत्र में मातम का माहौल पसर गया है। शव मिलने की खबर से घटना स्थल पर जनप्रतिनिधि सहित स्थानीय लोगों की काफी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार पटेलनगर के करमाली टोला निवासी 25 वर्षीय सुजल करमाली पिता जगदेव करमाली शनिवार की शाम अपने दोस्तों से फोन पर बात करते हुए कहा कि मैं तेतरिया खदान तरफ हूं थोड़ी देर में आ रहे हैं। देर रात तक घर नहीं आने पर परिजनों सहित आसपास के लोगों द्वारा उक्त स्थान पर पहुंच खोजबीन करने पर तेतरिया खुली खदान के समीप होंडा साइन बाइक जेएच 02 एएम 7326, हेलमेट, चप्पल, मोबाइल मिला। जिसके बाद मामले की सूचना भदानीनगर पुलिस को दी गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने रात 10-11 बजे तक खदान के आसपास युवक को तलाशने की कोशिश की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। दूसरे दिन रविवार की अहले सुबह पोखरिया में युवक की खोजबीन के क्रम में उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव के घर आते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगें। इस दौरान उपस्थित लोगों के आंखों से भी गम के आंसू छलक पड़े। वहीं परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। करमाली टोला में शोक की लहर है। बताया जाता है कि मृतक घर का एकलौता पुत्र था। शव का अंतिम संस्कार रविवार को ही लपंगा जंगल में किया गया। इधर, भदानीनगर पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। घटनास्थल पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, बिक्रम करमाली आदि मौजूद थे।

## गागर में सागर

### बानो में स्व विशम्भर सिंह फुटबॉल मैच का आयोजन



**बानो ।** पबुड़ा खेल मैदान में भुइयाँ समाज के तत्वावधान में स्व विशम्भर सिंह फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि बानो गद्दी के गोपाल सिंह प्रधान, सत्यनारायण कोटवार विशिष्ट अतिथि बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में उद्घाटन मैच रनिया फुटबॉल क्लब व बांगुरकेला के बीच खेला गया ।जिसमें बांगुरकेला की टीम 1-0से बिजयी रहा। मौके पर मुख्य अतिथि गोपाल सिंह ने कहा आज हमें हर्ष के साथ कहना पड़ रहा है कि हमारा समाज के लोगो ने खेल के माध्यम से अपने जाति की उपस्थिति राज्य मैं उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। अपने बच्चों को विद्यालय जरूर भेजे ।शिक्षा के बिना समाज का विकास नही हो सकता है ।विशिष्ट अतिथि बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक ने कहा खेल के माध्यम से समाज के लोगो में एकजुटता लाना अच्छी पहल है ।इस तरह के सामाजिक कार्य होने से एकजुटता आती है ।आज हमारा जिला खेल के माध्यम से ही लोग जानते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में चित्रसेन सिंह, विपिन सिंह, अनिल सिंह ,सुरेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह आदि लोगो का सहयोग रहा।

### स्वच्छता अभियान में रोटरी क्लब कोडरमा के लोगों ने लिया भाग




**कोडरमा।** रोटरी क्लब कोडरमा ने नगर परिषद के द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लिया. नगर परिषद ऑफिस से महाराणा प्रताप चौक तक क्लब के सदस्यों ने नगर प्रशासक और उनकी टीम के साथ सफाई अभियान में भाग लिया. रोटरी क्लब के सचिव नवीन जैन ने इस मौके पर कहा कि स्वच्छता अभियान चला कर ही हम अपने शहर को और अपने शरीर को स्वस्थ बना सकते हैं. शहर को स्वच्छ बनाना हमारी जिम्मेदारी है. प्रति महीने इस तरह के स्वच्छता अभियान की आवश्यकता है. स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है. नगर परिषद को भी निरंतर अपनी जिम्मेदारी मुस्तैदी से निभाने की आवश्यकता है. इस मौके पर रोटरी के पूर्व अध्यक्ष महेश दारूका, राम रतन महर्षि, रोटेरियन जेपी नारायण, ओम खेतान, निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन मौजूद थीं.

### लगातार हो रही बारिश ने बढ़ाई परेशानी, कई लोगों के मकान गिरे



**कोडरमा।** मरकच्चो प्रखंड में पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है. वहीं लगातार बारिश से विभिन्न पंचायतों में कई कच्चे मकान भी गिर गए हैं. जामू पंचायत के जागेश्वर दास का कच्चा मकान बारिश में ढह गया, जिससे उनके परिवार के समक्ष रहने की समस्या उत्पन्न हो गयी है. उक्त परिवार अभी दूसरे के घर में रहने को विवश हैं. जागेश्वर दास की पत्नी की दिमागी हालत भी सही नहीं है. वहीं दशारो पंचायत के शमीम अंसारी, सिमरिया पंचायत के डुमरडीहा निवासी रौशन साव, डुमरडीहा निवासी रूबी देवी और डुमरडीहा की ही गिरिजा देवी का भी कच्चा मकान गिर गया है. घर गिर जाने की वजह से पीड़ित परिवारों के समक्ष रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है. लगातार हो रही बारिश से मरकच्चो प्रखंड की विभिन्न बरसाती नदियों के अलावे कुआं, नहर, डैम, तालाबों आदि के जलस्तर में भी इजाफा हुआ है. ग्रामीण सड़कों पर जल जमाव होने से भी लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है.

### सिमडेगा समाहरणालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान

# डीसी और एसपी ने दिया स्वच्छता का संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान मनाने को लेकर दिनांक 01 अक्तूबर को सुबह दस बजे एक साथ एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान हेतु स्वच्छता पखवाड़ा समारोह का आयोजन जिला स्तर, प्रखंड, पंचायत एवं सभी ग्रामों में शुरूआत किया गया। स्वच्छता के लिए श्रमदान में मुख्य रूप से उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ कुमार, अपर समाहर्ता श्री अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमण्डल पदाधिकारी श्री महेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री पंकज कुमार भगत सहित जिला के पदाधिकारीगण द्वारा श्रमदान देते हुए समाहरणालय परिसर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपायुक्त महोदय ने कहा कि भारत में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा समारोह पूरे देश में मनाया जा रहा हैं। हमें उम्मीद है कि इस तरीके का अभियान चला कर व्यक्तिगत स्तर एवं जनमानस में स्वच्छता के प्रति जागरूकता ला सकते है। स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए व्यक्तिगत एवं सामाजिक, राजनीतिक, सिविल सोसाइटी सबके सम्मिलित प्रयास से ही गांव, राज्य, देश को स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने सकते हैं। इस क्रम में प्रशासक नगर परिषद सिमडेगा द्वारा कार्यालय नगर परिषद, जय प्रकाश उद्यान, अनुमण्डल कार्यालय के समीप, साप्ताहिक बाजार, बस स्टैण्ड, चौक-चौराहों, समाहरणालय परिसर में एवं अन्य स्थानों पर साफ-सफाई कर श्रमदान दिया गया। पेयजल स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा सिमडेगा कार्यालय परिसर, रामरेखा धाम परिसर , बृहत ग्रामीण जलापूर्ति योजना कोचेडेगा एवं विभिन्न वाटर सप्लाई परिसर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा हेतु श्रमदान किया गया। इसके अलावा सिमडेगा जिला के सभी प्रखंडों के कार्यालय परिसरों, पंचायत भवनों, पर्यटन स्थलों, अस्पतालों में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा हेतु श्रमदान सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित कर्मियों के द्वारा किया गया।

## बीडीओ ने चलाया सफाई अभियान



**कुरडेग।** स्वच्छता ही सेवा के तहत एक तारिख एक घंटा अभियान के अन्तर्गत आज रविवार को दिन के 10:00 बजे प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिषर , कुरडेग सिमडेगा मुख्य पथ के किनारे प्र० बि पदा० श्री ज्ञानमणि एक्का के अगुवाई में श्रम दान किया गया प्र० वि० पदा० , प्रधान लिपिक , सहायक ने हाथ में झाड़ु लेकर कचरों की सफाई की। इस अवसर पर पर प्र० वि० पदा० ने कहा कि कल 2 अक्टुबर को महात्मा गाँधी जी की जयंती है उन्होने स्वच्छता को अपनाने के साथ स्वच्छ भारत की कल्पना की थी सभी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए और श्रम दान कर अपने परिषर को स्वच्छ बनाने में भागीदारी देना चाहिए । प्र० वि० पदा० ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता को अपनाने के साथ स्वच्छ रहने के लिये अपने आस पास को साफ सुथरा रखें । मौके पर प्र० वि० पदा० श्री ज्ञानमणि एक्का , प्रधान लिपिक कंचन कुजूर , सहायक सोनू कुमार , ऑपरेटर लखन गुप्ता , सहायक जोधन सिंह , पंचा० सचिव जोनसन बुढ़ , पंचा० सचिव सुरेन्द्र बड़ाईक , अनु० सोनिया देवी , अनु० गुलशन लुगून , नाजिर नकुल महली , रोशन रंजन बर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### बीडीओ के नेतृत्व में कर्मियों ने चलाया सफाई अभियान



**बानो।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत 1 अक्टूबर को प्रखंड कार्यालय बानो में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पूरे प्रखंड कार्यालय परिसर सहित मुख्य पथ के किनारे की सफाई की गई। वहीं सभी ने अपने आसपास सफाई रखने हेतु शपथ भी लिया। कार्यक्रम में बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, डॉ दुलमु बुडीउली, महाबीर सिंह, आशुतोष कुमार सी आई अशोक बड़ाईक, अजय कुमार सिंह सहित प्रखण्ड कार्यालय व अंचल कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत जयपाल सिंह मुण्डा खेल समिति बानो पहान के अध्यक्ष प्रमोद लुगुन के अध्यक्षता में जयपाल सिंह मुण्डा खेल मैदान के आस पास की भी सफाई की गई।

## सिमडेगा : नवाखानी पर्व धूमधाम से मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले के ओड़िसा सीमा पर स्थित बोलबा प्रखंड के आरसी चर्च बरटोली मालसाड़ा में रविवार को नवाखानी पर्व हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान फादर थॉमस सोरेंग, फादर पौलुस लकड़ा, फादर अनिल के द्वारा विनती उपासना व मिस्सा बलिदान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने क्षेत्र में अच्छी बारिश और बेहतरीन फसल उत्पादन हेतु परमपिता परमेश्वर को धन्यवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित विधायक विक्सल कोंगाड़ी के जिला प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि यह नवाखानी का पर्व हम सभी अच्छी वर्षा और ईश्वर द्वारा फसल की शक्ल में दिए गए उपहार के लिए उन्हें धन्यवाद करने के उपलक्ष्य में मनाते है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक विरोधी वर्तमान केंद्र सरकार कई तरह से हमे समाप्त करने की मंशा पर काम कर रही है और उसी के अनुरूप कानून में संशोधन के साथ ही नए-नए कानूनों को अमली जामा पहनाने का काम कर रही है। संविधान में हम आदिवासियों को मिले अधिकार से क्रिश्चियन समाज को वंचित करने की मंशा से ही भाजपा द्वारा डिलिस्टिंग योजना का राग अलापने का कार्य प्रारंभ किया गया है। भाजपा की मंशा यह है कि हम सभी आदिवासी, अल्पसंख्यक आदि के जमीन को छिनकर अपने सहयोगी को उपलब्ध कराने की है, जिसके तहत केंद्र में बैठी पूंजीपतियों की सरकार कई तरह के रणनीति बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों को भाजपा के चालाकियों को समझने के साथ ही अपनी एकता बनाए रखने पर ध्यान देना होगा। साथ ही कहा कि वर्ष 2024 के चुनाव को अभी से ही लोगों को धर्म और संप्रदाय के नाम पर बांटकर वोट प्राप्त करने की मंशा रखने वाली भाजपा के संरक्षण में देश भर में नफरत के बीज बोए जा रहे है। इसी के तहत ही अभी हाल में ही क्रिश्चियन समाज के लोगों को आदिवासी सूची से बाहर करने संबंधित बयान जारी किए गए है। वही हमारा आरक्षण को खत्म करने के लिए ही निजीकरण का खेल खेला जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाकर भाजपा और उनके सहयोगियों को उनके नफरती मंशा को विफल करने में सहयोग करे।

### कोडरमाः शौर्य जागरण रथ यात्रा का बजरंबली चौक पर भव्य स्वागत



**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड के बजरंगबली चौक पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के लोगों ने शौर्य रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया. इस दौरान सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चों ने रथ पर पुष्प वर्षा किया. वहीं विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने जय श्री राम, जय जय श्री राम के नारे लगाए. बता दें कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा सामरोह जनवरी 2024 में होना है. उसके साक्षी बनने के लिए संपूर्ण हिन्दू समाज को आमंत्रित करने के लिए देशभर में बजरंग दल द्वारा शौर्य जागरण रथ यात्रा निकाली गई है. इस दौरान बजरंग दल के जिला संयोजक राजू यादव ने बताया कि झारखंड राज्य के चार जिलों से शौर्य जागरण रथ यात्रा निकाली गई है, जो आगामी 8 अक्टूबर को रांची पहुंचेगी. वही सभी लोगों से रांची पहुंच कर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की. मौके पर बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, विश्व हिंदू परिषद चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, मनोज राणा, द्वारिका प्रसाद राणा, गौतम मोदी, मुखिया प्रतिनिधि संजय दास, बरुन यादव, रामावतार यादव आदि लोग मौजूद थे.

### क्लोरोफिल स्कूल में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा ।** महाराणा प्रताप चौक झुमरी तिलैया में स्थित क्लोरोफिल स्कूल में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया. इसमें छोटे-छोटे बच्चे गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के लिबास में नजर आये. छोटे बच्चों ने गांधीजी पर बनाया हुआ सबसे लोकप्रिय गीत ह्लदे दी हमें आजादी बिना खडग, बिना ढालह्व पर एक बहुत ही मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया. प्राइमरी क्लास के बच्चों ने गांधीजी और शास्त्रीजी की तस्वीर को अपने हाथों से कैनवास पर पेंसिल और रंगों की सहायता से उकेरा. कुछ बच्चों ने गांधीजी और शास्त्रीजी के स्लोगन ह्लजय जवान, जय किसानह्व ह्लसत्य और अहिंसाह्व को भी अपने चार्ट पेपर पर लिखकर दर्शाया. क्लास 1 के बच्चों ने कविता पाठ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

### आपके द्वार कार्यक्रम

## बिना क्नेक्शन के भी भेजे गए गलत बिजली बिल में होगा सुधार : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा रविवार को विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सदर प्रखंड के बड़ाबरपानी पंचायत के कुडरूम गांव पहुंच ग्रामीणों की समस्या सुनी। मौके पर ग्रामीणों ने बिजली एवं पानी की समस्या बताई। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा अंधाधूंध बिजली बिल भेजा जा रहा है। कई लोगों का दो से तीन बिजली बिल भेजा गया है। वहीं गलत बिजली बिल में सुधार करने से भी विभाग के कर्मी आनाकानी करते हैं। जिस पर विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामीणों का एक क्नेकशन के बाद भी दो या तीन बिजली बिल आ रहा है। बगैर क्नेकशन के भेजे गए बिजली बिल में सुधार किया जाएगा। साथ ही इसका स्थायी समाधान किया जाएगा। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाएं भी बताई। साथ ही योजना का लाभ लेने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान : एनसीसी कैडेटों ने की बराकर नदी तट की सफाई

**कोडरमा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सैनिक स्कूल तिलैया के एनसीसी कैडेटों ने सफाई अभियान चलाया. कैडेटों ने बराकर नदी व तटवर्ती क्षेत्र में सफाई की. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर, भारत सरकार के निदेर्शानुसार चलाये जा रहे ह्लस्वच्छता अभियानह्व अंतर्गत रविवार का दिन जल स्त्रोतों व नदियों की सफाई का रहा. रिमझिम बारिश के बीच सैनिक स्कूल तिलैया के उप-प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल लालनुन सियामा ने कुल 50 एनसीसी कैडेटों और लगभग 10 एनसीसी स्टॉफ के साथ बराकर नदी व तटवर्ती क्षेत्र की साफ-सफाई की. भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी व कैप्टन राहुल सकलानी ने कहा कि हम न केवल मिट्टी और जल की सफाई कर रहे हैं, बल्कि अपने आस-पास मौजूद कचरों में छिपी बीमारियों को भी साफ कर रहे हैं. एनसीसी कैडेट के तौर पर हमें स्वयं भी प्लास्टिक व कृत्रिम रेशों वाले कपड़ों-झोलों का उपयोग न करने का संकल्प लेना होगा. इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाइन लीडर अनंत कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ अध्यापक मनोरंजन पाठक, एनसीसी पदाधिकारी सेकेंड ऑफिसर राजेश कुमार, सेकेंड ऑफिसर निरंजन उपाध्याय, सेकेंड ऑफिसर प्रतीक पांडेय, सेकेंड ऑफिसर विकास सिंह आदि लोग मौजूद थे.

## प्रेरणा

### स्कूली बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# एसएस उवि. के बच्चों ने बनाया चंद्रयान-3




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कहा जाता है की हुनर तो सब में होता है, किसी का छिप जाता है तो किसी का छप जाता है। बस इसी बात को चरितार्थ करते हुए एस एस स्कूल सिमडेगा और शिक्षक राज आनंद सिन्हा से पढ़ रहे विज्ञान संकाय पांच बच्चों ने मिल कर चंद्रयान 3 ही बना डाला। स्नेहिल राज, कुमार अमन,तपेश्वर मांजी,योगेश पातर और राहुल साई इन पांच बच्चों ने चंद्रयान-3 को ध्यान में रखते हुए एक ऐसा मॉडल बना डाला जो बिल्कुल चंद्रयान-3 के जैसा ही है ! जैसे चंद्रयान-3 में लैंडर रोवर विक्रम इत्यादि थे वैसे ही बच्चों ने भी अपने मॉडल में परिकल्पना की है ! मॉडल को बहुत अच्छी तरह से लाइट्स और मोटर का उपयोग करके सजाया है ! प्रज्ञान रोवर विक्रम लैंडर से वैसे ही बाहर निकल रहा है जैसे चंद्रयान-3 के वास्तविक उपकरण में दिखाया गया है। बच्चों ने 12 दिन कड़ी मेहनत इस मॉडल का निर्माण किया है और कुल 1500 की लागत लगी है। बातचीत के दौरान बच्चों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से चंद्रयान-3 चर्चा का विषय बना हुआ था। देखने में बहुत ही खूबसूरत चंद्रयान-3 का मॉडल लोगों को आकर्षित कर रहा था। बच्चों की उत्सुकता जागी और उन्होंने सोचा कि क्यों ना एक छोटा चंद्रयान 3 का मॉडल बनाया जाए। अपनी सोच की एक कल्पना का रूप देते हुए पांचो बच्चों ने मिलकर चंद्रायान का मॉडल बना डाला। बच्चों ने बताया कि शिक्षक राज आनंद सिन्हा ने बैटरी की साइकिल और बैटरी कार का आविष्कार किया था, जिससे उन्हें खूब प्रेरणा मिली थी। बस इसी तरह कुछ नया करने की सोच के साथ बच्चों ने चंद्रयान-3 का मॉडल बनाया है। बच्चों ने बताया कि इस मॉडल को बनाने के बाद अभी तक किन्ही का भी ध्यान इस और आकर्षित नहीं हुआ है। इस मॉडल को बनाने में कड़ी मेहनत और बुद्धि की आवश्यकता के साथ-साथ एक अच्छी सोच की भी जरूरत पड़ी थी। सभी बच्चे अपने कार्य से और काम करते हुए मॉडल के साथ खेलते हुए बहुत खुश नजर आ रहे हैं,और अन्य बच्चों के बीच यह मॉडल एक मनोरंजन का साधन बन चुका है।

## बुजुर्ग दिवस पर विशेष : न पेंशन, न राशन और न है आधार... कहां है सरकार



**आलोक कुमार**

**जलडेगा।** भले ही आज हम बुजुर्ग दिवस मना कर एक दो चिन्हित बुजुर्गों को सम्मान कर रहे हैं पर वाकई में बुजुर्ग दिवस मनाना तभी सार्थक माना जा सकता है जब हर एक बुजुर्ग को उसके हक का पेंशन, राशन मिले। झारखंड अलग राज्य बने 23 साल हो गए। कई सरकारें बनी और बड़े-बड़े वादे कर लोगों को सपने दिखाते रहे। आदिवासी व मूलवासियों के समग्र विकास के लिए अलग राज्य गठन की चिर प्रतीक्षित मांग 23 साल पहले पूरी हो चुकी है, लेकिन क्या अबतक आदिवासी व मूलवासियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है ? लोगों को अब भी राशन व पेंशन जैसे सरकारी लाभकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है ? राज्य में पंचायत चुनाव भी हो चुका है विकास को गति देने के लिए कराए गए पंचायत चुनाव के बाद भी अंतिम पंक्ति के लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाना सरकार के प्रखंड स्तर के सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पंचायत प्रतिनिधियों की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है।

### लाभकारी योजना से वंचित है वृद्धा

जलडेगा प्रखंड के टीनगिना पंचायत के पीयोसोकरा चौकीदार टोली गांव की रहने वाली 100 वर्षीय से भी अधिक सुखमनी सुरीन का नाम आज तक सरकार के किसी भी खाते में दर्ज नहीं हुआ है। उसे आज तक सरकार की किसी भी लाभकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है ।सुखमनी सुरीन को ना राशन मिलता है और ना ही पेंशन, उसका आधार कार्ड भी नहीं है। आधार कार्ड नहीं रहने के कारण उन्हें किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सुखमनी सुरीन का पति हारून डांग की मृत्यु वर्षों पहले ही हो चुकी है। उसका बेटा अथवा बेटी कोई भी नही हैं। इसलिए गांव के भूतपूर्व चौकीदार स्व जोसेफ सुरीन के घर में रहती है। झारखंड अलग राज्य बनने के 23 साल बाद भी एक आदिवासी विधवा वृद्धा का आधार व राशन कार्ड नहीं बनना, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, आदि का लाभ नहीं मिलना व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है।

## गागर में सागर

### चिनिया पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को किया जब्त, चालक फरार



**चिनिया।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की शाम कनहर नदी के सड़की नामक स्थान से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त किए। थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि डोल गांव निवासी बिट्टू गुप्ता एवं मुकेश कुमार की दोनों गाड़ियों को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। मौके से चालक फरार बताया जा रहा है। यह अभियान इंस्पेक्टर रामजी महतो के नेतृत्व में चलाया गया। पुलिस की करवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप है। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी तरह के अवैध धंधे पर पुलिस की पैनी नजर है। कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान में पुलिस के पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे।

### यज्ञ स्थल पर छात्र-छात्राओं के बीच बैग और शिक्षण सामग्री का वितरण



**श्री बंशीधर नगर।** जीयर स्वामी के पावन सानिध्य में पाल्हे जतपुरा यज्ञ स्थल पर श्री त्रिदंडी देव प्रतिवादि भयंकराचार्य रामानुजाचार्य फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच बैग और शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। ट्रस्ट की निदेशक कविता मिश्र ने स्तरोन्नत हाईस्कूल जतपुरा के प्राथमिक वर्ग के छात्र छात्राओं को बैग व शिक्षण सामग्री प्रदान किया। बैग और शिक्षण सामग्री मिलने के बाद नन्हें स्कूली बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उस मौके पर एनएचएआई के जीएम संजय मिश्र, कोसलेश दूबे, तारकेश्वर पांडेय, बीरेन्द्र चौबे, कैप्टन सुनील कुमार चौबे, उमेश शुक्ल, स्तरोन्नत हाईस्कूल जतपुरा के प्रिंसिपल रमोद कुमार, अखिलेश शुक्ल समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नेतरहाट में दुर्गा पूजा समिति का गठन

**महुआडांड़।** दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को नेतरहाट स्थित दुर्गा बाड़ी परिसर में नेतरहाट हिंदू समाज की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा समिति का गठन किया। अध्यक्ष पद के लिए राजू यादव, उपाध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, सचिव महावीर सिंह, उपसचिव सुदामा प्रसाद, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, उपकोषाध्यक्ष संतोष साहू, अंकेक्षक भोला साहू, संरक्षक पद के लिए सुदर्शन साहू व रंजन चटर्जी का चयन किया गया। कार्यकारणी समिति में समाजसेवी सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजय प्रसाद, अशोक प्रसाद साहू, सुदामा प्रसाद, बीरू कुमार, तेजनारायण किसान, आशुतोष तिवारी, आयोन राय समेत 22 लोगों का चयन किया गया।

### अजीत देवनदिया वन अधिकार समिति के अध्यक्ष चुने गए , एतवा तुरी सचिव

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत माल्हन पंचायत के देवनदिया गांव में रविवार को वन अधिकार समिति के पुनर्गठन को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान कामेश्वर मुंडा ने की। बैठक में माल्हन मुखिया जतरु कुमार मुंडा मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में वन अधिकार समिति के पुनर्गठन को लेकर विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से देवनदिया निवासी अजीत मुंडा को समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं सचिव के पद पर एतवा तुरी का चयन किया गया है। वन अधिकार समिति में मुखिया जतरु मुंडा, रामकिशुन मुंडा, सुनील मुंडा, दिनेश मुंडा, दीपक तुरी, अशोक तुरी, लालू तुरी, किदन मुंडा, मुखर्जी मुंडा, चंपा देवी, जितनी देवी, दुलारी देवी, कमला देवी, ललिता देवी आदि को शामिल किया गया है।

### बैठक में दुर्गा पूजा की रूपरेखा तैयार

**चंदवा।** हरैया दुर्गा पूजा समिति की बैठक रविवार को डॉ मनीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें गत वर्ष हुई दुर्गा पूजा के आय-व्यय का विवरण कोषाध्यक्ष बिहारी सिंह ने प्रस्तुत किया। साथ ही आगामी दुर्गा पूजा की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मृत्युंजय सिंह उर्फ सोनू सिंह, डॉ मनीष कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि संदीप टोप्पो, बिहारी सिंह, सुबोध जयसवाल, जमुना जयसवाल, कामेश्वर प्रसाद, संतोष जयसवाल, बबलू खान, संजय कुमार, अजय जयसवाल, विकास कुमार, बिहारी साव, आलोक कुमार, सुरेश साव, प्रवीन सिंह, मनोज पांडा, राजेश साव, ईश्वर साव, सुरेश साव, विक्रम लाल शाहदेव, पारस प्रसाद आदि मौजूद थे।

## स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत जिले भर में सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई

# सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

### खरौंधी प्रखंड की सभी पंचायतों में की गई सफाई



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत रविवार को प्रखंड की सभी पंचायतों में मुखिया के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

मझिगावां पंचायत सचिवालय परिसर में मुखिया बिंदा देवी, खरौंधी पंचायत सचिवालय परिसर में मुखिया मंजू देवी, चंदनी पंचायत में मुखिया रामगहन मेहता, राजी पंचायत में मुखिया रिंकू देवी, सुंडी में मुखिया प्रतिनिधि राजा सिंह, करिवाडीह पंचायत में मुखिया मंशा देवी सिसरी पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि उदय अलबेला, अरंगी पंचायत में मुखिया फूलकुमारी देवी, कूपा पंचायत में उप मुखिया सूर्यदेव चौधरी ने स्वच्छता अभियान चलाकर पंचायत सचिवालय के कैंपस सहित आसपास साफ सफाई की। अभियान में प्रखंड क्षेत्र में अन्य जनप्रतिनिधियों एवं स्कूली बच्चों ने भी विद्यालय परिसर एवं सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया।

मौके पर समाजसेवी संतोष सिंह, सतीस राम, कृष्णा राम, कृष्णा गुप्ता, उमाशंकर प्रसाद, साक्षी गुप्ता, सौम्या कुमारी, प्रतिभा कुमारी, प्रियंका कुमारी, आदेल शिवा, प्रमोद कुमार, रवि हुसैन आदि मौजूद रहे।

### रंका में स्वास्थ्य कर्मियों ने सफाई कर स्वच्छता की शपथ ली

**रंका।** हॉस्पिटल में स्वास्थ्य कर्मियों ने सफाई कर स्वच्छता की शपथ ली। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने घर व आसपास की स्वच्छता को गंभीरता से लेना होगा तभी स्वच्छ भारत का मिशन सफल हो पायेगा।

चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि साफ सफाई हमारे जीवन का हिस्सा है। सभी व्यक्तियों को अपने घर, आसपास एवं कार्यालय में विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए ताकि आपका मन प्रसन्न रहे। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रिद्धि कुमारी, डॉ महजबी, डॉ गोरखनाथ पांडे, डॉ प्रीति सिंह तिवारी, डॉ मो. इश्तेयाक, डॉ भानु प्रताप सिंह, बीपीएम सुधीर कुमार, बीएएम दिनेश गुप्ता, एएनएम शहनाज नयन सिन्हा, किरण कुमारी, ललन राम, एमटीएस पंकज विश्वकर्मा, एमपीडब्ल्यू मंदीप प्रसाद गुप्ता, मुकेश ठाकुर, अनिल ठाकुर, अनिल राम आदि उपस्थित थे।

### मेराल प्रखंड में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव तथा शहर के लोगों ने सामूहिक रूप से सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई की। उधर, योग गुरु स्वामी रामदेव के आह्वान पर पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान न्यास के प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा के नेतृत्व में अस्पताल चौक के समीप सरस्वतीया नदी छठ घाट शिव स्थान पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान डॉ दीपक कुमार यादव, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश कुमार मिश्रा, संजय प्रसाद, मृतुंजय पांडे, जगदीश मेहता, नान्हु मेहता, सोनू सोनी, रामगति ठाकुर, आकाश शर्मा, थाना के कंप्यूटर ऑपरेटर नीरज पांडे, सुभाष कुमार, रोहित मेहता आदि ने श्रमदान किया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में थाना परिसर में तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में अस्पताल परिसर में तथा व्यावसायिक संघ एवं समाजसेवी संगठनों द्वारा बस स्टैंड तथा बाजार क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। वहीं हासनदाग पंचायत में नहर चौक पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी विडिसी नंदू चौधरी उप मुखिया अविनाश चौबे मेसर्स गुलबास अंसारी, शिवनाथ चौधरी राजेंद्र चौधरी आदि ने भी अभियान चलाकर साफ सफाई किया।



### धुरकी में चला सफाई अभियान

**धुरकी।** स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत रविवार को धुरकी थाना प्रभारी व मुखिया के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कपुर्री चौक पर थाना प्रभारी सदानंद कुमार, मुखिया महबूब अंसारी के नेतृत्व में साफ सफाई की गई। इस मौके पर थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने कहा कि हमें अपने घर व परिसर के साथ ही आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रतिदिन श्रमदान करना चाहिए।



### केतार प्रखंड में मुखिया के नेतृत्व में चलाया गया साफ-सफाई अभियान

**केतार।** प्रखंड के सभी पंचायतों में रविवार को मुखिया के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय परिसर में मुखिया मुंगा साह, बलीगढ़ पंचायत सचिवालय परिसर में मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, पाचाडुमर में मुखिया श्याम सुंदर बैठा,परती कुशवानी पंचायत में मुखिया मुन्नी देवी, परसोडीह में मुखिया बसंती देवी, लोहरगाड़ा पंचायत में मुखिया नीलम देवी और केतार पंचायत सचिवालय परिसर और सुप्रसिद्ध चतुभुर्जी मंदिर परिसर में मुखिया प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पंचायत सचिवालय के कैंपस सहित आसपास साफ सफाई की गई। इसमें चतुभुर्जी मंदिर परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ भी शामिल हुए। मौके पर राम बिचार साहू, संजय पाल, धर्मेंद्र सिंह, विरेंद्र लाल, अशोक पासवान आदि मौजूद रहे।

## अनुमंडलीय अस्पताल में चला स्वच्छता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में अस्पताल में कर्मचारियों ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान अस्पताल कर्मियों ने पूरे अस्पताल की साफ-सफाई की। मौके पर डॉ नागेश्वर प्रसाद राजेश कुमार सूरज लामा शशि कुमार, अंजनी कुमारी, ममती, असफाक अहमद, बिट्टू कुमार, फूलकुमारी, विपेस राज मौजूद थे।



### पिपरडीह व बारोडीह ग्राम में मना स्वच्छता दिवस

जेएसएलपीएस आजीविका महिला ग्राम संगठन पिपरडीह के तत्वावधान में रविवार को पिपरडीह व बारोडीह ग्राम में स्वच्छता दिवस मनाया गया। स्वच्छता अभियान के बाद बुजुर्ग सम्मेलन किया गया। जेंडर सीआरपी दीपशिखा ने कहा कि इस सम्मेलन में बुजुर्ग भैया तथा दीदी दोनों जुड़ सकते हैं। अपना समूह बना सकते हैं। उन्होंने वृद्धा पेंशन, राशनकार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना व बीमा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समूह से होने वाले लाभ की चर्चा विस्तार से की। सम्मेलन में पंचायत की मुखिया उषा देवी, ग्राम संगठन के अध्यक्ष निर्मला देवी, सचिव पम्मी देवी, कोषाध्यक्ष पूनम देवी, रीता देवी, मुंद्रिका राम, रघुराज यादव, रामदत्त राम, कृष्णा राम, भगवान राम, शिवपति देवी, गायत्री देवी, आरती कुमारी, सीमा कुंवर, छठनी देवी आदि उपस्थित थे।




### चिनिया प्रखंड मुख्यालय परिसर में बीडीओ की अध्यक्षता में हुई सफाई

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा की अध्यक्षता में सफाई अभियान चलाया गया। सुबह 10:00 बजे से 1 घंटा चले कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। इसके बाद नारे लगाते हुए संगठन के लोगों ने पैदल मार्च कर थाना मोड़, बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल तक पहुंचकर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान लोगों ने स्वच्छता ही सेवा है, बीमारी जानलेवा है, शौचालय को अपनाएंगे बीमारी दूर भगाएंगे, बापू का घर-घर पहुंचे संदेश स्वच्छ रहे हमारा देश इत्यादि नारे लगाते हुए लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया। मौके पर पंचायत सेवक रामनाथ सिंह, रोजगार सेवक दिग्विजय दुबे, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार, अशोक पाल, पंकज कुमार, अगस्त यादव आदि मौजूद थे।



## राजनीति

### पूर्व विधायक ने अपने कार्यकाल में एक रुपये का काम नहीं किया : राम

# भाजपा ने अनंत प्रताप देव पर किया जोरदार पलटवार

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

स्थानीय जल क्रांति भवन में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने प्रेसवार्ता कर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव पर जोरदार पलटवार किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक करम पूजा के अवसर पर जाकर वहां के लोगों से कहा कि केतमा गांव हमारे पूर्वजों का बसाया हुआ है। पूर्व विधायक के कार्यकाल में केतमा गांव नहीं बल्कि पूरे प्रखंड में एक पैसा का भी कार्य नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि ताहिर अंसारी आज भी अनाप शनाप बोलते हैं। अभी भी जंगल वाली आदत नहीं छूटी है।



ताहीर अंसारी दिखावे के लिए रोड पर आए हैं परंतु सामाजिक कार्य में नहीं है। उन्होंने कहा कि झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय को तनिक भी राजनीतिक ज्ञान नही है। अगर ज्ञान है तो वह अलकर गांव जाकर शिलापट्ट पर देख लें कि राज्य सरकार की योजना नहीं है, बल्कि केंद्र सरकार की योजना है।

उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक ने अपने कार्यकाल में एक रुपये का काम नहीं किया, परंतु सांसद बीडी राम एवं विधायक भानु प्रताप शाही केंद्र के पैसे से क्षेत्र में विकास कर रहे हैं तो उनके पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम पूछना चाहते हैं मुक्तेश्वर पांडेय से कि आपके मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पावर प्लांट का शिलान्यास किया। क्या उसमें काम लगा? डोमनी बाराज का शिलान्यास किया था। उसमें भी काम नहीं लगा।

उन्होंने कहा कि दूसरे के काम पर आप ढिंढोरा पीटते हैं। केंद्र सरकार की योजना है। माल महाराज के और मिर्जा खेले होली। उन्होंने कहा कि बालचौरा का शिलान्यास किया गया था, लेकिन अभी भी वहां पर कुछ कार्य किया हुआ है। ठेकेदार का अभी भी सामान पड़ा हुआ है। लेकिन पूर्व विधायक एवं ताहिर अंसारी के द्वारा कार्य को रुकवाया गया है ताकि विधायक भानू प्रताप देव की लोकप्रियता कम हो जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक बड़े राज राजेंद्र प्रताप देव के द्वारा कधवन सोन बाराज शिलान्यास किया था, लेकिन कार्य नहीं लगा है क्यों? उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में केंद्र की योजना चल रही है। राज्य सरकार की योजना एक भी नहीं चल रही है। उन्होंने कहा कि मुक्तेश्वर पांडेय किस पार्टी में हैं खुद पता नहीं है। रात में भाजपा में और दिन में झारखंड मुक्ति मोर्चा में है। मौके पर अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, विभूति भूषण चौबे, शहरी मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, ग्रामीण विकास पांडेय, संजय कांस्यकार, अविनाश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डंडई प्रखंड में निलंबित की गई पीडीएस दुकान

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड क्षेत्र स्थित डंडई गांव के जन वितरण दुकानदार पारसनाथ प्रसाद की दुकान को निलंबित कर दिया गया है। कटौती कर लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण करने और सरकारी तराजू के अलावा निजी तराजू के माध्यम से खाद्यान्न देने के आरोप में डीएसओ ने उक्त कार्रवाई की है। साथ ही उनके सभी तरह के आवंटन को गांव के ही जनवितरण दुकानदार विंध्याचल महिला समूह को टैग कर दिया गया है। इसकी जानकारी संबंधित जन वितरण दुकानदार के साथ टैग हुए दुकानदार और एमओ चोनाराम हेम्ब्रम के अलावा गोदाम प्रबंधक और किरासन तेल डिपो को दे दी गई है। इसकी



प्रतिलिपि उपायुक्त को भी दी गई है। मालूम हो कि उक्त दुकान पर सैकड़ों लाभुक माह के अंतिम शुक्रवार 29 तारीख को खाद्यान्न लेने पहुंचे थे। इस बीच दुकानदार के परिजनों ने मशीन की खराबी होने की बात कह कर उन्हें वापस भेज दिया था। इस मामले की जानकारी लाभुकों ने मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम के साथ-साथ एमओ को भी दी थी।

ज्ञान की बात

यदि हम अपनी नियत अच्छी और मकसद सही रखेंगे तब मुसीबत के समय किसी न किसी रूप में ऊपर वाला हमारी मदद जरूर करेगा ।

– अज्ञात



# सीखने की ललक हो

सीखने की न कोई उम्र होती है और न ही ज्ञान का अंत होता है। हम जितना ज्ञान अर्जित करेंगे, उतना ही आगे बढ़ेंगे। सीखने से ही विकास का द्वार खुलता है। इन वाक्यों से सहज समझा जा सकता है कि अगर कोई व्यक्ति कुछ करने की ठान ले तो रूकावटें बाधा नहीं बनती हैं। ऐसा ही एक कार्य कर दिखाया है कर्रा प्रखंड के घासीबारी गांव की जागरूक महिला किसान सुनीता बारला ने। आज वह महिला किसानों के लिए आईकॉन बन चुकी है। सुनीता का परिवार कृषि पर ही आश्रित है। परिवार द्वारा सिर्फ धान की ही खेती की जाती थी, वह भी परंपरागत तरीके से। इससे परिवार की माली हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। ऐसी स्थिति में सुनीता ने कुछ करने की ठानी और 2017 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित आदिवासी सखी मंडल से जुड़ गयी। सुनीता बताती हैं कि गांव की कृषक सखी के माध्यम से उसे जेएच आईएमडीआई परियोजना के तहत ड्रिप खेती की जानकारी प्राप्त हुई। इसके बाद उसने घासीबारी ग्राम संगठन के माध्यम से पंजीकरण कराया। निबंधन कराने के बाद उसे एमडीआई सिस्टम मिल गयी। इसकी सहायता से सुनीता ने पहली बार टमाटर और दूसरी बार मिर्च की खेती की। बाद में सुनीता ने लोधमा सीएलएफ में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इससे बारला को उन्नत कृषि की जानकारी मिली। जानकारी मिलने के बाद सुनीता ने अप्रैल में फसल योजना तैयार करते हुए पत्तागोभी की खेती की शुरूआत की। उसने खेती करने के लिए 15 हजार का ऋण महिला समूह से प्राप्त किया और ड्रिप सिंचाई के माध्यम से खेती शुरू की। खेती में कुल लागत 15,500 रुपये की आई। इतनी लागत से 3,700 किलोग्राम गोभी का उत्पादन हुआ। सुनीता बताती है कि उसने 20 रुपये प्रति की दर से पत्तागोभी बेचकर 74 हजार रुपये अर्जित किये। लागत घटाने के बाद सुनीता को लगभग 60 हजार रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ। सुनीता बताती है कि कृषि में रुचि और नया कुछ सीखने की ललक से ही वह आज अपनी पहचान उन्नत महिला किसान के रूप में बना पाई है। वह आगे बताती हैं कि इस परियोजना से जुड़ने का मुख्य कारण है जेएसएलपीएस के माध्यम से क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम में टपक सिंचाई योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करना। साथ ही इससे जुड़े किसानों के फसल लगे खेतों को देखने और नया सीखने का अवसर मिला। ड्रिप के माध्यम से खेती कर अपनी आजीविका को आगे बढ़ा रही है और उसकी आय में भी वृद्धि हो रही है। ऐसे में सुनिता से किसानों को बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। राज्य के किसान खेती की प्रकृति को बदलकर अच्छी कमाई कर सकते हैं। साथ ही सरकार को भी ऐसे किसानों को प्रोत्साहन देने की जरूरत है।

**सुनीता का परिवार कृषि पर ही आश्रित है। परिवार द्वारा सिर्फ धान की ही खेती की जाती थी, वह भी परंपरागत तरीके से। इससे परिवार की माली हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। ऐसी स्थिति में सुनीता ने कुछ करने की ठानी और 2017 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित आदिवासी सखी मंडल से जुड़ गयी।**

# क्यों बापू पसंद करते थे विद्यार्थियों से मिलना





आर.के.सिन्हा

***महात्मा*** गांधी को विद्यार्थियों से मिलना-जुलना और उनसे बातें करना पसंद था। वे स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी अकसर जाते थे। वे एक बार मास्टर जी की भी भूमिका में आ गये थे। वे पहली बार 12 मार्च 1915 को राजधानी दिल्ली आये तो सेंट स्टीफंस कॉलेज में ठहरे। वे वहां पर छात्रों और फेक्ल्टी से भी मिले। उनके साथ सामयिक सवालों पर लंबी चचाएं की। दरअसल उन्हें दिल्ली प्रवास के दौरान सेंट स्टीफंस कॉलेज में रुकने का आग्रह उनके करीबी सहयोगी दीनबंधु सी.एफ.एंड्रयूज ने किया था। दीनबंधु एंड्रयूज उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए थे जिसने सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। यहां के छात्रों पर गांधी जी और एंड्रयूज का असर न हो यह नहीं हो सकता। यहां की दीवारों पर अभी भी गांधीजी और एंड्रयूज के चित्र टंगे हैं। सेंट स्टीफंस कॉलेज की स्थापना दिल्ली में ब्रदरहुड ऑफ द एसेंनडेंड क्राइस्ट ने सन 1877 में हुई थी। अब इसे दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी कहा जाता है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी के फादर सोलोमन बताते हैं कि सेंट स्टीफंस कॉलेज को भले ही ब्रिटेन की एक मिशनरी ने शुरू किया पर इसकी भारत तथा यहां के लोगों के प्रति निष्ठा और समर्पण असंदिग्ध रहा। दीनबंधु एंड्रयूज ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के प्रबल पक्षधर थे। इसी से अंदाजा लग जायेगा कि सेंट स्टीफंस कॉलेज को खोलने वाली संस्था का मूल चरित्र किस तरह का है। गांधी जी यहां 1918 तक रहे । उन्हें यहां पर ब्रजकृष्ण चांदीवाला नाम के एक छात्र मिले जो आगे चलकर उनके पुत्रवत हो गये। उन्होंने ही गांधी जी की मृत्यु के बाद अंतिम बार स्नान करवाया था। गांधीजी का काशी से भी गहरा लगाव था। वे अपने जीवनकाल में 12 बार काशी आये। अपना पहला राजनीतिक उद्बोधन गांधीजी ने 5 फरवरी 1916 को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में दिया था। सेंट्रल हिंदू कॉलेज परिसर में काशी हिंदू विश्वविद्यालय का स्थापना समारोह मनाया जा रहा था। साथ में बीएचयू के संस्थापक पं. मदन मोहन मालवीय, एनी बेसेंट, दरभंगा के महाराजा रामेश्वर सिंह के साथ कई रियासतों के राजा वहां मौजूद थे। गुजराती वेशभूषा (धोती, पगड़ी और लाठी) में आये गांधीजी ने मंच से लोगों के सामने तीन बातें रखी थीं। गांधीजी ने कहा था- 'देश की जनता, छात्र और आप सभी भारत का स्वराज कैसा चाहते हैं? कांग्रेस और मुस्लिम लीग के लोग स्वराज को लेकर क्या सोचते हैं, यह स्पष्ट होना चाहिए? इसी बीच गांधीजी की नजर वहां मौजूद राजाओं के आभूषणों पर पड़ी। उन्होंने कहा- अब समझ में आया कि हमारा देश सोने की चिड़िया से गरीब कैसे हो गया? आप सभी को अपने स्वर्ण जड़ित आभूषणों को बेचकर देश के जनता की गरीबी दूर करनी चाहिए।' इस बीच,यह जानकारी भी कम लोगों को है कि गांधी जी मास्टर जी के भी भूमिका में रहे। राजधानी में उनकी पाठशाला चलती थी। वे अपने छात्रों को अंग्रेजी और हिन्दी पढ़ाते थे। उनकी कक्षाओं में सिर्फ बच्चे ही नहीं आते थे। उसमें बड़े-बुजुर्ग भी रहते थे। वे राजधानी के वाल्मीकि मंदिर परिसर में 214 दिन रहे। 1 अप्रैल 1946 से 10 जून,1947 तक। वे

**दीनबंधु एंड्रयूज ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के प्रबल पक्षधर थे। इसी से अंदाजा लग जायेगा कि सेंट स्टीफंस कॉलेज को खोलने वाली संस्था का मूल चरित्र किस तरह का है। गांधी जी यहां 1918 तक रहे।**

## इन दिनों

शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। उनकी पाठशाला में खासी भीड़ हो जाती थी। गांधी अपने उन विद्यार्थियों को फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में साफ-सुथरे ढंग से तैयार हो कर नहीं आते थे। वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते थे। वे मानते थे कि स्वच्छ रहे बिना आप शुद्ध ज्ञान अर्जित नहीं कर सकते। यह संयोग ही है कि इसी मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की भी शुरूआत की थी। बहरहाल वह कमरा जहां पर बापू पढ़ाते थे, अब भी पहले की तरह ही बना हुआ है। इधर एक चित्र रखा है, जिसमें कुछ बच्चे उनके पैरों से लिपटे नजर आते हैं। आपको इस तरह का चित्र शायद ही कहीं देखने को मिले। बापू की कोशिश रहती थी कि जिन्हें कतई लिखना-पढ़ना नहीं आता वे भी कुछ लिख-पढ़ सकें। इस वाल्मीकि मंदिर में बापू से विचार-विमर्श करने के लिए पंडित नेहरू से लेकर सीमांत गांधी खान अब्दुल गफ्फार खान भी आते थे। सीमांत गांधी यहां बापू के साथ कई बार ठहरे भी थे। अब भी इधर बापू के कक्ष के दर्शन करने के लिए देखने वाले आते रहते हैं। वाल्मीकि समाज की तरफ से प्रयास हो रहे हैं कि इधर गांधी शोध केन्द्र की स्थापना हो जाये। गांधी जी की संभवतः महानतम जीवनी 'द लाइफ ऑफ महात्मा गांधी' के लेखक लुई फिशर भी उनसे वाल्मीकि मंदिर में ही मिलते थे। वे 25 जून, 1946 को दिल्ली आये तो यहां पर बापू से मिलने पहुंचे थे। उस समय इधर प्रार्थना सभा की तैयारियां चल रही थीं। 'द लाइफ ऑफ महात्मा गांधी' को आधार बनाकर ही फिल्म गांधी का निर्माण हुआ था। यही नहीं, गांधी जी के आशीर्वाद से ही जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी स्थापित हुई। वे इसके पहले करोल बाग और फिर ओखला के परिसरों में कई बार गये भी। महात्मा गांधी ने अगस्त 1920 में, असहयोग आंदोलन का ऐलान करते हुए भारतवासियों से ब्रिटिश शैक्षणिक व्यवस्था और संस्थानों का बहिष्कार करने का आह्वान किया था। गांधी जी के आह्वान पर, उस समय अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कुछ अध्यापकों और छात्रों ने 29 अक्टूबर 1920 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया की बुनियाद रखी। बाद में जामिया, अलीगढ़ से दिल्ली स्थानांतरित हो गया। ब्रिटिश शिक्षा और व्यवस्था के विरोध में बने जामिया मिल्लिया इस्लामिया को धन और संसाधनों की बहुत कमी रहती थी। रजवाड़े और पैसे वाले लोग, अंग्रेजी हुकूमत के डर से इसकी आर्थिक मदद करने से कतराते थे। इसके चलते 1925 के बाद से ही यह बड़ी आर्थिक तंगी में घिर गया। ऐसा लगने लगा कि यह बंद हो जायेगा। लेकिन गांधी जी ने कहा कि कितनी भी मुश्किल आए, स्वदेशी शिक्षा के पैरोकार, जामिया को किसी कीमत पर बंद नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''जामिया के लिए अगर मुझे भीख भी मांगनी पड़े तो मैं भीख मांगूगा।'' गांधी जी के सबसे छोटे पुत्र देवदास गांधी ने जामिया में एक शिक्षक के रूप में काम किया। गांधी जी के पोते रसिकलाल ने भी जामिया में पढ़ाई की। यह जरूरी है कि देश गांधी जी के व्यक्तित्व के इस पक्ष को भी जाने की वे छात्रों और नौजवानों के बीच में जाना पसंद करते थे।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

## बोधि वृक्ष

***आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

***जो*** साधक तत्वदर्शी संत से दीक्षा लेते हैं और सतनाम या सरनाम का जप करते हैं उन्हें शरीर के भीतर सतलोक की मधुर ध्वनि सुनाई देती है। सतलोक की उस मनमोहक वाणी को सुनकर सच्चा भक्त काल की दुनिया में रुचि खो देता है और यहां भौतिक सुख-सुविधाओं को संचित करने का कभी लक्ष्य नहीं रखता। कबीर परमेश्वर सतलोक से सह शरीर अवतरित हुए और आदरणीय गरीबदास जी महाराज से जिंदा बाबा के रूप में मिले, जब वे मार्च 1727 (विक्रमी संवत 1784) शुक्ल पक्ष, द्वादशी फाल्गुन के महीना में हरियाणा के झज्जर जिले गांव छुड़ानी में अपने खेत में मवेशी चरा रहे थे, परमात्मा ने उन्हें सतज्ञान से परिचित कराया फिर धर्मराज (ब्रह्म काल के मुख्य न्यायाधीश) के दरबार में उनकी पवित्र आत्मा को ले कर गये। परमात्मा का शरीर अत्यंत तेजस्वी था। भगवान के जाते ही धर्मराज (यम) अपनी कुर्सी से खड़े हो गये और उन्हें प्रणाम किया जैसे एक निचला अधिकारी एक उच्च अधिकारी के सामने झुक कर खड़ा होता है। अपनी काबिलियत साबित करने और गरीबदास जी को अपना गवाह बनाने के लिए भगवान ने धर्मराज (यम) को डांटा। आइए पढ़ते हैं उनकी बातचीत।

**भगवान कबीर जी ने कहा :**
**मेरे भूले चुके हंस को तू पकड़िए मत कजाक**

हे कजाक (शैतान)! मेरे (कबीर साहेब) भक्त जिसने पूर्ण संत से नाम दीक्षा ली हो और सतभक्ति करता है, उसको मत पकड़ना ।

**बोले पुरुष कबीर से धर्मराय कर जोड़ तुम्हरे हंस को पकडू नहीं मैंने दोहई लाख करोड़**

धर्मराज (यम) ने कबीर भगवान से माफी मांगी और उनके भक्तों को नहीं पकड़ने का वादा किया।

*(क्रमशः)*

# बच्चों के बढ़ते यौन शोषण पर चिंतन



किशन भावनानी गोंदिया


***वैश्विक*** स्तरपर बढ़ते प्रौद्योगिकी, तकनीकी और डिजिटलाइजेशन के चलते जहां एक और दुनियां को बहुत लाभ मिले हैं तो इसके कुछ दुष्टपरिणाम भी हुए हैं। मसलन आर्थिक अपराधों में वृद्धि, ऑनलाइन गड़बड़ियां, डाटा चोरी सहित सबसे अधिक दूषित बढ़ती पोर्नोग्राफी की क्लिप व फिल्मों के आसानी से अनेक एप्स के द्वारा मोबाइल फोन पर उपलब्धि से यौन शोषण के मामलों में वृद्धि होनें को रेखांकित करना जरूरी है। जैसा कि हम देख रहे हैं आज छोटे-छोटे बच्चों के हाथ में मोबाइलें आ गई है और वह किस तरह के प्रोग्राम, क्लिप देखते हैं हम अंदाज नहीं लगा सकते। बस! यही से हमें दुष्परिणाम मिलने शुरू हो जाते हैं। हालांकि सरकार ने इसकी सुरक्षा में संशोधित यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पास्को) अधिनियम 2012 बनाया है जिसमें 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की के साथ उसकी सहमति से भी संबंध, रेप की श्रेणी में आता है। पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत आपसी सहमति से यौन संबंध बनाने की न्यूनतम उम्र अभी 18 साल है। यानि 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ उसकी सहमति से भी संबंध को रेप ही माना जाता है। इसके चलते किशोरवय रिश्तों से पनपे यौन सम्बंध भी अपराध के दायरे में आ जाते है। विभिन्न हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट इसपर अपनी चिंता जाहिर कर चुके हैं। नवंबर 2022 में कर्नाटक हाई कोर्ट ने लॉ कमीशन से इस संबंध में रिपोर्ट तैयार करने का आग्रह किया था, इसी तरह मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने भी कहा था। उधर 2021 में संसदीय समिति ने भी उम्र 18 से घटकर 16 करने की सिफारिश की थी, जिसका मामला विधि आयोग को सोपा गया था, जिसने 27 सितंबर 2023 को अपनीं 283 वीं रिपोर्ट विधि मंत्रालय को सौंप दी, जिसमें पोक्सो एक्ट के तहत अपनी सहमति से यौन संबंध बनाने की उम्र 18 से घटकर 16 साल करने के पक्ष में नहीं है। चूंकि यह मामला बच्चों के बढ़ते यौन शोषण पर चिंता का है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पॉक्सो) अधिनियम 2012 में सबूत के अभाव व नाबालिक अपराधी की आड़ में छुटने को रेखांकित करना जरूरी है। साथियों बात अगर हम विधि आयोग की 283 वीं रिपोर्टकी करें तो, लॉ कमीशन पॉक्सो एक्ट के तहत आपसी सहमति से यौन सम्बंध बनाने की उम्र 18 साल से घटाकर 16 साल करने के पक्ष में नहीं है। सरकार को सौंपी अपनी 283 वीं रिपोर्ट में आयोग ने कहा है कि आपसी सहमति की उम्र को 18 से घटा कर 16 करने के दुष्परिणाम होंगे, इसका असर बाल विवाह और बच्चों की तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान पर पड़ेगा। आयोग का कहना है कि ऐसे दौर में जब बच्चों के खिलाफ साइबर स्पेस में यौन अपराध और फुसलाकर अपराध की घटनाएं बढ़ रही ऐसी किसी भी कोशिश के गंभीर परिणाम होंगे। आपसी सहमति के मामलों में पॉक्सो एक्ट में संसोधन का सुझाव हालांकि आयोग ने ऐसे केस में जहां पीड़ित 16 या उससे अधिक उम्र की हो और यौन सम्बन्धों के लिए लड़की की मूक सहमति है, पॉक्सो एक्ट में संसोधन के लिए

**पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत आपसी सहमति से यौन संबंध बनाने की न्यूनतम उम्र अभी 18 साल है। यानि 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ उसकी सहमति से भी संबंध को रेप ही माना जाता है।**

## शोषण

विशेष सुझाव भी दिये है ताकि ऐसे मामलों में सजा निर्धारित करते वक्त जज केस के तथ्यों को ध्यान में रखकर फैसला ले सके। आयोग ने कहा है कि अगर कोर्ट संतुष्ट हो कि आरोपी और पीड़ित के बीच नजदीकी संबंध थे तो कोर्ट अपने विवेक से सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए पॉक्सो एक्ट में निर्धारित न्यूनतम सजा से कम सजा भी दे सकता है। हालांकि कोर्ट को इसके कारण अपने लिखित आदेश में दर्ज कराने होंगे। आयोग ने कहा है कि आरोपी के साथ कोर्ट नरमी कुछ तथ्यों के आधार पर बरत सकता है।

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# मालदीव में भारत विरोधी मुहिम का चेहरा मोइज्जू की जीत के मायने



संजीव

***पूर्व*** और पश्चिमी देशों के बीच मुख्य शिपिंग मार्ग पर स्थित हिंद महासगर में 1100 से ज्यादा छोटे-बड़े द्वीपों से बने मालदीव के चुनाव नतीजों ने प्याली में तूफान की रंगत ला दी है। प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) के उम्मीदवार और देश के मौजूदा राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह चुनाव हार गये हैं। भारत समर्थक माने जाने वाले मोहम्मद सोलिह को पीपुल्स नेशनल कांग्रेस उम्मीदवार मोहम्मद मोइज्जू ने हराया है। राजधानी माले के मेयर मोइज्जू को चीन का प्रबल समर्थक माना जाता है। मोइज्जू हमेशा से चीन के साथ मजबूत संबंधों पर जोर रहे हैं। मालदीव के चुनावी नतीजों ने भारत की चिंता इसलिए बढ़ा दी है क्योंकि भारत और चीन, दोनों ही देशों के लिए मालदीव की भौगोलिक स्थिति का रणनीतिक महत्व है। दोनों देश दशकों से यहां अपना दबदबा बढ़ाने का प्रयास करते रहे हैं। चीन बीआरआई के साथ कर्ज व तेल आपूर्ति के जरिये अपना प्रभाव जमाता रहा है तो भारत की तरफ से अरबों डॉलर के प्रोजेक्ट यहां चलाये जा रहे हैं। यही वजह से दोनों देश यहां की चुनावी प्रक्रिया पर गहरी नजर रख रहे थे। 8 सितंबर को शुरूआत में पहले दौर के मतदान तक यहां न तो मोइज्जू जीते न सोलिह ने। चुनावी जीत के लिए अनिवार्य 50 फीसदी मत दोनों में से किसी को नहीं मिले। शनिवार को हुए चुनाव में मोइज्जू ने अपने प्रतिद्वंद्वी इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को 18 हजार मतों से हरा दिया। मोइज्जू को 53 प्रतिशत और सोलिह को 46 प्रतिशत मत मिले। मोइज्जू ने अपने चुनावी मुहिम के दौरान भारत विरोध को यह कहते हुए हवा दी थी कि सत्ता में आने पर देश से भारतीय सैनिकों को हटायेंगे और मालदीव के व्यापारिक संबंधों को संतुलित करेंगे। पेशे से इंजीनियर रहे 45 वर्षीय मोइज्जू सात साल तक आवास मंत्री रहे हैं और जब उन्हें राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया गया, उस समय वे राजधानी माले के मेयर थे। मोइज्जू ने ब्रिटेन से सिविल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। दरअसल, मोइज्जू अचानक बदले राजनीतिक घटनाक्रमों की सीढ़ियों पर चढ़कर सत्ता तक पहुंचे हैं। 2018 में भ्रष्टाचार के आरोप के चलते मालदीव के तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल्लाह यामीन को सत्ता छोड़नी पड़ी। उस समय मोइज्जू देश के कंस्ट्रक्शन मिनिस्टर थे। यामीन फिलहाल भ्रष्टाचार के आरोप में 11 साल की जेल की सजा काट रहे हैं। यामीन के जेल जाने के बाद मोइज्जू को अपनी पार्टी का नेतृत्व संभालने का मौका मिला। यामीन के राष्ट्रपति रहते ही मालदीव बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) बना था। इस दौरान चीन मालदीव में पांव जमाने में कामयाब रहा। उस दौर में विपक्ष में रहे सोलिह लगातार आरोप लगाते रहे थे कि यामीन ने मालदीव को चीन के कर्ज जाल में धकेल कर रख दिया। मालदीव पर चीन का 23 हजार करोड़ का कर्ज है। भ्रष्टाचार के मामले में फंस कर सत्ता गंवाने वाले यामीन का चीन प्रेम मोइज्जू के रूप में जारी रहा। मोइज्जू ने चीन समर्थन को और मजबूत किया। 2021 के चुनाव में मोइज्जू माले शहर के मेयर बने और शहर के विकास को लेकर चीन के साथ 16 हजार करोड़ का प्रोजेक्ट शुरू किया, जिसके तहत माले एयरपोर्ट से जोड़ने वाले एक पुल का निर्माण कराया जायेगा। ब्रिज को फ्रैंडशिप ब्रिज भी कहा जाता है। लिहाजा, मोइज्जू जब

**भारत समर्थक माने जाने वाले मोहम्मद सोलिह को पीपुल्स नेशनल कांग्रेस उम्मीदवार मोहम्मद मोइज्जू ने हराया है। राजधानी माले के मेयर मोइज्जू को चीन का प्रबल समर्थक माना जाता है।**

## मुहिम

विपक्षी गठबंधन की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बने तो उन्होंने मालदीव में भारत विरोध को लगातार हवा दी। पार्टी की तरफ से इंडिया आउट कैंपेन का सहारा लिया। 2018 में राष्ट्रपति चुने गये सोलिह पर उन्होंने मालदीव में भारत को मनमर्जी से काम करने देने का आरोप लगाया। दरअसल, भारत ने मालदीव को 2010, 2013 में दो हेलिकॉप्टर और 2020 में एक छोटा विमान उपहार के रूप में दिया। भारत का कहना है कि इस विमान का इस्तेमाल खोज एवं बचाव अभियानों के लिए या मरीजों को एक स्थान से दूसरे जगह ले जाने में किया जाना था।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### ट्रेलर ने बोलेरो को मारी टक्कर, दो भाइयों की मौत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में जिले आज रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में दो सगे भाईयों की मौत हो गई। दोनों भाई जनकपुर के भरतपुर से बिलासपुर अपने पिता को लेने जा रहे थे। इस दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बोलेरो को टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कटघोरा पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज सुबह दोनों भाई ज्ञान दुबे व प्रेम दुबे जनकपुर के भरतपुर से बिलासपुर अपने पिता को लेने जा रहे थे, इस दौरान कटघोरा अम्बिकापुर नेशनल हाइवे-130 के पास बेरतरतीब तरीके से दौड़ रही ट्रेलर ने चार पहिया वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाइयों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कटघोरा पुलिस एवं एम्बुलेंस की टीम ने रेस्क्यू कर दोनों शव को बाहर निकाल पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस दुर्घटना की जांच कर आगे की कार्यवाही में जुटी हैं।

### गृहिणी का फंदे से झूलता शव बरामद

**कूचबिहार।** माथाभांगा शहर के न्यूटाउन पाड़ा इलाके में एक गृहिणी का शव आज उसके घर में फंदे से लटका पाया गया। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। गृहिणी का नाम पिंकी साहा है।
घटना की सूचना पर माथाभांगा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। माथाभांगा थाना पुलिस ने पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है।
मृतक गृहिणी के पिता का आरोप है कि बेटी शादी 2008 में हुई थी। शादी के दौरान दहेज देने के बाद भी उस पर शादी के बाद अपने पिता के घर से पैसे लाने का दबाव डाला जाता था। पैसे न देने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। पिता का आरोप है कि पैसे न देने पर बेटी की हत्या कर फांसी पर लटका दिया गया है। दूसरी तरफ, गृहिणी के पति बापी साहा का कहना है कि वह मानसिक रूप से बीमार थी। जिसकी दवा भी खा रही थी। कल रात झगड़ा हुआ था। जिसके बाद आज सुबह फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप झूठे है।

### कार और ट्रक की टक्कर में दो की मौत, तीन घायल

**इंदौर।** शहर के कनाड़िया थाना क्षेत्र में बायपास रोड पर शनिवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में एक छात्र और एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कार सवार छात्र-छात्राएं एक ढाबे पर खाना खाने के बाद वापस लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसा इतना इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे छात्र-छात्राओं को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।
कनाड़िया थाना पुलिस के मुताबिक घटना शनिवार की रात करीब ढाई बजे बिचौली मदार्ना के पास हुई। हादसे में 19 वर्षीय समृद्धि पुत्री यश भंडारी निवासी झालरा पाटन (राजस्थान) और उत्सव पुत्र कृष्णकुमार सोनी निवासी झालावाड़(राजस्थान) की मौत हुई है, जबकि जयंत,रुचि और कुश सोनी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस को छात्रों ने बताया कि सभी रात को बायपास स्थित जसपाल ढाबा पर खाना खाने गए थे। लौटते वक्त एक ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान कार सड़क किनारे दूसरे ट्रक में घुस गई। कार की रफ्तार तेज होने के कारण कार का अगला हिस्सा ट्रक में घुस गया। हादसा देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और बड़ी मशक्कत के बाद मृतकों और घायलों को निकाला। पुलिस ने देर रात घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया, जबकि मृतकों के शवों को एमवाय अस्पताल भिजवाया। पुलिसवालों ने छात्र-छात्रा से मिले फोन से परिवार को काल लगाए और पूरी घटना बताई। पुलिस के अनुसार, मृतक छात्रा समृद्धि अहमदाबाद के बीआरडीएस कालेज से फैशन डिजाइनिंग का कोर्स कर रही थी। उसने पिता से कालेज ट्रिप पर जाने का बोला और वह एक होटल में रुकी। वह दोस्तों के साथ पार्टी करने गई थी।

### साउथ दमदम में युवती की डेंगू से मौत

**कोलकाता।** राज्य में डेंगू से एक और मरीज मौत हो गयी। घटना शनिवार रात उत्तर 24 परगना जिला अंतर्गत दक्षिण दमदम इलाके की है। मृत मरीज का नाम समाप्ति मल्लिक है। वह मोतीझील इलाके के एमएम घोष रोड की रहने वाली थी। समाप्ति मल्लिक को पिछले कुछ दिनों से बुखार समेत कई लक्षण दिख रहे थे। सीने में दर्द महसूस होने पर उसे पहले आरजी कर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत बिगड़ने पर उसे नागेरबाजार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सांस लेने में तकलीफ बढ़ने के कारण उसे शनिवार रात फिर से आरजी कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में भर्ती कराए जाने के कुछ घंटों बाद ही उसकी मौत हो गई। उसके मृत्यु प्रमाणपत्र में डेंगू का जिक्र है।

# हर माह होगी थानेदार से लेकर एडीजी तक की समीक्षा : योगी

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने के लिए लगातार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मातहतों को निर्देश देते रहते हैं। रविवार को भी उन्होंने अधिकारियों को जिला स्तर से लेकर जोन स्तर पर समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में अपराधिक घटनाओं से लेकर पेंडिंग मामलों पर चर्चा हो और लापरवाही करने वालों पर एक्शन लिया जाए। हर घटना एक सबक होती है, इससे फील्ड में तैनात अधिकारी सीख लें और एक्टिव रहें ताकि दोबारा ऐसी घटनाएं प्रदेश में न हों और समय रहते उनको रोका जा सके। शोहदों पर नकेल कसने के लिए दोबारा एंटी रोमियो अभियान चलाया जाए।
मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में जिला स्तर पर साइबर क्राइम थाना और थाना स्तर पर साइबर सेल का गठन करने के भी निर्देश दिये हैं। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने जनपदों में तैनात एडीजी, आईजी रेंज की पाक्षिक और डीजीपी एडीजी जोन की मासिक समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए है। साथ ही जिलों के पुलिस कप्तान, पुलिस कमिश्नर थाना की साप्ताहिक समीक्षा बैठक करें। बैठक में प्रदेश में आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने, शिकायती पत्रों के शत-प्रतिशत निस्तारण, चार्ज शीट और पेंडिंग मामलों के तेजी से निस्तारण कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घटना सबक है। अंबेडकरनगर की घटना से पुलिस अधिकारी सबक लें और दोबारा ऐसी घटना न हो। पूरे प्रदेश में शोहदों पर नकेल कसने के लिए दोबारा एंटी रोमियो स्क्वाड को एक्टिव किया जाए और अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। जिला मॉनिटरिंग कमेटी (डीएम, एसपी, एसएसपी कमिश्नर, जिला जज) की बैठक निरंतर हो ताकि समय से चार्जशीट दाखिल होती रहे।
इसमें पॉक्सो और महिला अपराध पर खास फोकस रखा जाए। लव जिहाद के मामलों में नये कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रदेश के लगभग सभी थाने सीसीटीवी से लैस हो गये हैं, जहां काम चल रहा है वहां एक हफ्ते में पूरा किया जाए। अभी रेंज स्तर पर साइबर क्राइम थाने बने हैं। अब इसे जिला स्तर पर बनाने की कार्रवाई शुरू की जाए। इसी तरह जिला स्तर पर साइबर सेल संचालित हैं। इसे भी थाना स्तर पर संचालित करने के लिए कार्यवाही शुरू की जाए। इसके लिए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाए। वहीं, थाना स्तर पर साइबर सेल के संचालन के बाद भी साइबर हेल्प डेस्क का संचालन बंद न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

## राज्यपाल ने 6 विवि में नियुक्त किए अंतरिम वीसी

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉक्टर सी.वी. आनंद बोस ने एक बार फिर राज्य के छह विश्वविद्यालय में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति की है। राजभवन की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि राज्यपाल ने प्रोफेसर अचिंत्य साहा को मुर्शिदाबाद विश्वविद्यालय का अंतरिम कुलपति बनाया है। इसी तरह प्रोफेसर बीबी परिदा को महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी का अंतरिम कुलपति, प्रोफेसर निखिल चंद्र रे को कूचबिहार पंचानन विश्वविद्यालय का अंतरिम कुलपति, प्रोफेसर रथिन को अलीपुरद्वार विश्वविद्यालय का अंतरिम कुलपति, प्रो. दिलीप मैती को विश्व बांग्ला विश्वविद्यालय का अंतरिम कुलपति और सी.एम. रवीन्द्रन (आईपीएस सेवानिवृत्त) को उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय का अंतरिम कुलपति नियुक्त किया गया है।
उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति की वजह से राज्यपाल का राज्य सरकार के साथ टकराव चल रहा है। शिक्षा विभाग लगातार इस बात का आरोप लगाता रहा है कि बिना विभाग से परामर्श किए राज्यपाल कुलपतियों की नियुक्ति करते रहे हैं।

## राजद की मानसिकता समाज में भेद कराने की रही है : गिरिराज

**एजेंसी। पटना**




केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राजद पर आरोप लगाते हुए कहा है कि लालू प्रसाद यादव और राष्ट्रीय जनता दल की मानसिकता शुरू से ही समाज में भेद कराने की रही है। दिल्ली से पटना लौटने पर रविवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्तमान में भी लालू यादव और उनके दल के नेता भी समाज में भेद कराने का ही काम कर रहे हैं। ठाकुर उपनाम को लेकर चल रहे विवाद के बीच उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के इस बयान पर कि राजपूत जाति के विधायक भाजपा से ज्यादा हमारे दल राजद में है। राजपूत को सम्मान सबसे ज्यादा राजद के लोग देते हैं के जवाब में गिरिराज ने कहा कि यह संख्या बल का सवाल नहीं है सवाल है मानसिकता का।किन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राजद नेताओं द्वारा ठाकुर विवाद उठाने के बाद वे सोच रहे थे कि लालू प्रसाद यादव ठाकुरों से माफी मांग कर समाज में शांति बहाल करेंगे लेकिन लालू ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने ठाकुरों से माफी नहीं मांगी। ठाकुर समाज से अभी तक माफी नहीं मांगकर लालू ने इस समाज का दिल दुखाया है जो अच्छा नहीं है।
बता दें कि आरजेडी से राज्यसभा सांसद मनोज झा ने 21 सितंबर को सदन में 'ठाकुर' वाली कविता पढ़ी थी। इसके बाद आरजेडी के विधायक चेतन आनंद ने मोर्चा खोल दिया। हालांकि मनोज झा के सपोर्ट में खुद आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव हैं। लालू का कहना है कि मनोज झा ने कुछ गलत नहीं कहा है। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने बयान दिया था कि 'राजपूत जाति के विधायक बीजेपी से ज्यादा विधायक हमारे दल में हैं। राजपूत को सम्मान सबसे ज्यादा राजद के लोग देते हैं।

## गौठानों और रीपा के माध्यम से ग्रामीण रोजगार को मिला बढ़ावा : मुख्यमंत्री भूपेश

**एजेंसी। रायपुर**




मुख्यमंत्री भूपेश की अध्यक्षता में रविवार को विकास भवन कार्यालय में राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक हुई। बैठक में दिशा समिति अंतर्गत सामूहिक कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें साथ ही लक्ष्यों को समय से प्राप्त करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में गौठानों और रीपा के माध्यम से ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिला है। राज्य सरकार द्वारा स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए सी-मार्ट की स्थापना की गई है। रोजगार बढ़ाने हेतु स्व-सहायता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।
राज्य स्तरीय दिशा समिति की समीक्षा बैठक में केन्द्र सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा, निगरानी, मूल्यांकन तथा केन्द्र एवं राज्य के मध्य समन्वय बढ़ाने पर चर्चा की गई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, आदिम जाति विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, शहरी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्योग विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा, खाद्य, स्किल डेव्हलपमेंट, चिप्स, खनिज विभाग, जल संसाधन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई।
समीक्षा बैठक में मनरेगा अंतर्गत कार्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि सितम्बर 2023 की स्थिति में मनरेगा अंतर्गत 19.92 लाख परिवारों को कार्य मिला है वहीं 01 लाख 36 हजार 838 कार्यों को पूर्ण किया गया है। मनरेगा अंतर्गत विगत पांच वर्षों में 5 हजार 690 नवीन तालाब, 2 हजार 915 अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। आधार बेस्ड भुगतान में राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर 7वां स्थान है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना - 2 अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना - 3 अंतर्गत 5612 किलोमीटर लम्बाई की शतप्रतिशत की स्वीकृति में छत्तीसगढ़ राज्य प्रथम है एवं समस्त लम्बाई पूर्ण कर ली गई है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के प्रथम चरण में 175 ग्रामों का चयन किया गया है। उक्त चयनित सभी ग्रामों में वांछित संकेतकों को पूर्ण कर आदर्श ग्राम घोषित किया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग की मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना अंतर्गत विगत वर्षों में 01 करोड़ 37 लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क जांच एवं दवाई वितरित की गई है। मातृ मृत्यु अनुपात 23 प्वाइंट के साथ देश में द्वितीय सर्वाधिक गिरावट दर्ज की गई है।

## बच्चों को सफाई-संस्कृति से संस्कारित करें स्वच्छता को आदत बनाएं: राज्यपाल पटेल

**राज्यपाल ने सफाई कर्मचारियों के साथ किया श्रमदान**

**राष्ट्रपिता के जन्मदिवस के पूर्व राज्यपाल ने दी स्वच्छांजलि**

**एजेंसी। भोपाल**



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रविवार को एक तारीख, एक घंटा, एक साथ अभियान के तहत स्वच्छता गतिविधियों में शामिल होकर श्रमदान किया। राज्यपाल पटेल ने न्यू मार्केट परिसर में झाड़ू लगाकर कचरा साफ किया। उन्होंने स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम में उपस्थित जनों और सफाई कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने इन्दौर का उदाहरण देते हुए भोपालवासियों को देश में स्वच्छता का सिरमौर बनने के लिए प्रेरित किया। न्यू मार्केट व्यापारी संघ और जन प्रतिनिधियों ने राज्यपाल पटेल को पौधा और शॉल भेंट कर अभिनंदन किया।
राज्यपाल पटेल ने कहा कि सफाई संस्कृति से बच्चों को संस्कारित करें। अपने घर, परिसर को हमेशा स्वच्छ रखने की महत्ता बताएं। स्वच्छता को आदत बनाएं। बच्चों को सफाई रखने की प्रेरणा, स्वयं के आचरण और व्यवहार से दें। स्वच्छता अभियान एक दिन का अभियान नहीं है, इसे हमें साल के 365 दिन संचालित करना चाहिए। इस मौके पर भोपाल नगर निगम महापौर मालती राय उपस्थित थीं।
उल्लेखनीय है कि 16 से 30 सितम्बर तक देश भर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया गया, जिसके तहत स्वच्छता पर आधारित अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके तहत एक अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम के तहत एक तारीख, एक घंटा, एक साथ अभियान आयोजित हुआ।
राज्यपाल पटेल न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुँचे। उन्होंने यहाँ विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की। मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन समिति के सदस्यों ने मंदिर पहुँचने पर राज्यपाल पटेल का अभिनंदन किया।

## सम्राट चौधरी ने कहा, जदयू का टूटना अब तय

**एजेंसी। पटना**



बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी रविवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पटना के बांस घाट पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर कहा कि विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन पहले ही नीतीश को किनारे लगा चुका है। साथ ही दावा किया कि जदयू में कई नेताओं के बीच तनातनी चल रही है। इसका सीधा असर अब दिखने लगा है। जदयू का टूटना अब तय है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जदयू दो धड़ों में बंट चुका है। जदयू अध्यक्ष ललन सिंह और बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी को लेकर दावा किया है कि दोनों के बीच दूरियां बढ़ चुकी हैं। नीतीश कुमार अब पार्टी नहीं गैंग चलाते हैं। उनके गैंग में अब विद्रोह हो चुका है। अब स्थिति ऐसी है कि जदयू में जितने भी नेता बचे हैं राजनीति में उनका खास महत्व नहीं रह गया है। दरअसल, पिछले दिनों ललन सिंह और अशोक चौधरी के बीच नोक-झोंक होने की खबर आई थी। हालांकि, अशोक चौधरी ने इससे इनकार किया था। अशोक चौधरी के बयान के बाद बरबीघा से जदयू विधायक सुदर्शन ने अशोक चौधरी के खिलाफ कई तरह के आरोप लगाये। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बांस घाट पर करीब 6 लाख लोगों के दाह संस्कार करने के रिकॉर्ड बनाने वाले शाह जी उर्फ सीता राम राय को सम्मानित किया गया।

## राजनीति

### ग्वालियर-चंबल को कांग्रेस से छीनने में सिंधिया की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

# पुराने कार्यकर्ताओं की नाराजगी का करना पड़ रहा सामना

**एजेंसी। भोपाल**



अपने 22 वफादार विधायकों के साथ भाजपा में शामिल होकर मार्च 2020 में कमल नाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को गिराने वाले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को अपने पूर्व पार्टी सहयोगियों के क्रोध का सामना करना पड़ रहा है। राजनीति में टिके रहने की क्षमता को लेकर सिंधिया को अपने पूर्व पार्टी कार्यकताओं की नाराजगी का भी सामना करना पड़ा है।
कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें 'गद्दार', 'बिकाऊ' और कुछ अन्य अशोभनीय उपमाओं से नवाजा गया। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि सिंधिया भाजपा में घुटन महसूस कर रहे हैं क्योंकि वह अपने दम पर निर्णय नहीं ले सकते हैं जैसा कि वह कांग्रेस में करते थे। कई दशकों तक सत्ता में रहने के बाद पिछले साल उनके गढ़ ग्वालियर में भाजपा के मेयर की सीट हारने के बाद उनके नेतृत्व पर सवाल उठ गया है। एक के बाद एक, उनके वफादार अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए कांग्रेस में वापस जाने लगे और पिछले कुछ महीने में उनमें से एक दर्जन से अधिक लोग सबसे पुरानी पार्टी में वापस चले गए हैं।
सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस, जिसने सिंधिया के जाने पर उन पर जोरदार हमला किया था, ने उनके वफादारों का पार्टी में वापस स्वागत किया, यह धारणा बनाने के लिए कि केंद्रीय मंत्री ने ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में अपना प्रभुत्व खो दिया है।
हालांकि, उनसे जुड़े लोगों ने कांग्रेस के आरोप का खंडन करते हुए कहा कि सबसे पुरानी पार्टी ने हमेशा व्यक्तिगत नेतृत्व में विश्वास किया है, जो ाजपा की संस्कृति के बिल्कुल विपरीत है।
भाजपा प्रवक्ता और सिंधिया समर्थक पंकज चतुर्वेदी ने कहा, "कांग्रेस नेतृत्व ज्योतिरादित्य सिंधिया को लेकर चिंतित है क्योंकि वह उनकी रणनीति जानते हैं और उन्होंने अपनी पुरानी पार्टी को बेनकाब कर दिया है। गुटबाजी और व्यक्तिवाद से कांग्रेस का गहरा नाता है। भाजपा ने राज्य विधानसभा चुनाव के लिए कई दिग्गजों, खासकर केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रह्लाद पटेल के अलावा राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को मैदान में उतारा है। ऐसी चर्चा है कि सिंधिया भी मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ सकते हैं।
हालाँकि, पंकज चतुर्वेदी ने इसे खारिज करते हुए कहा कि भाजपा नेतृत्व ने राज्य पार्टी इकाई में संतुलन बनाने के लिए बड़े लोगों को मैदान में उतारा है, और अगर सिंधिया विधानसभा चुनाव लड़ते हैं, तो यह पार्टी की योजनाओं के खिलाफ हो सकता है। उन्होंने कहा, "हालांकि, कोई नहीं जानता कि केंद्रीय नेतृत्व क्या फैसला करता है, लेकिन बहुत कम संभावना है कि सिंधिया विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।" सूत्रों का दावा है कि सिंधिया अपनी पिछली राजनीतिक पार्टी - कांग्रेस, जो आरएसएस-भाजपा की विचारधारा के बिल्कुल विपरीत है, में वर्षों से व्यक्तिवाद की राजनीति के गवाह रहे हैं और वह धीरे-धीरे नई पार्टी की संस्कृति के अनुसार खुद को ढाल रहे हैं। एक वरिष्ठ पत्रकार ने कहा, वह पार्टी नेताओं से मिल रहे हैं और केंद्रीय भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर सभी कदम उठा रहे हैं। सिंधिया खुद को आम आदमी के तौर पर पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। यह कहना कि सिंधिया अपनी राजनीतिक जमीन खो चुके हैं और भाजपा में घुटन महसूस कर रहे हैं, गलत होगा क्योंकि बड़े नेता हर कदम बहुत सोच समझकर ही उठाते हैं। गौरतलब है कि उन्हें मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में एक विशिष्ट भूमिका सौंपी गई है। पंद्रह साल के अंतराल के बाद 2018 में कांग्रेस को सत्ता में वापस लाने में ग्वालियर-चंबल क्षेत्र एक महत्वपूर्ण कारक था। पार्टी ने 34 में से 26 सीटें जीती थीं और इसका काफी श्रेय सिंधिया को जाता है। और अब, भाजपा उनके नेतृत्व का उपयोग इस क्षेत्र में अधिकतम सीटें जीतने के लिए करेगी।

### तिहरे हत्याकांड में हटाए गए थानेदार और चौकी प्रभारी

**कौशांबी।** चायल तहसील के मोहिनुद्दीनपुर तिहरे हत्याकांड में अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ने जांच के संदीपन घाट के थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी हर्रायपुर को पुलिस लाइन भेजा है। इस दौरान पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इस कार्रवाई के पीछे पीड़ित परिवार का मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात का असर बताया जा रहा है। संदीपन घाट के मोहिनुद्दीनपुर गांव में रहने वाले होरीलाल, बेटी बृजकली और दामाद शिवशरण की हत्या 15 सितम्बर को गोली मारकर कर दी गई थी। इस हत्याकांड में शामिल गांव के पीएसी जवान सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। हत्याकांड को लेकर हुए हुए बवाल और आगजनी में पुलिस समेत राजस्व कर्मियों अफसरों पर लापरवाही का आरोप लगा।

## गागर में सागर

### मिश्रित युगल स्कवाश में भारत का दबदबा, मनगांवकर अंतिम 32 में जीते



**हांगझोउ।** भारतीय पुरुष टीम के रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को हराकर स्वर्ण पदक जीतने के बाद मिश्रित टीमों ने भी यहां एशियाई खेलों के अपने पूल चरण के मुकाबले जीतकर अच्छी शुरूआत की जबकि पुरूष एकल में महेश मनगांवकर भी अंतिम 32 का मुकाबला जीत गए। पूल ए में दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू की जोड़ी ने जेइजिन यू और हवायिओंग युम की दक्षिण कोरिया की जोड़ी को 22 मिनट में 2-0 (11-2, 11-5) से हराया। दीपिका और संधू ने बाद में पाकिस्तान के मेहविश अली और नूर जमां को 11.4, 11.1 से मात दी। अनाहत सिंह और अभय सिंह की जोड़ी ने भी 15 मिनट चले पूल डी के मैच में डेविड विलियम पेलिनो और वोने एलिसा डालिडा की फिलिपीन्स की जोड़ी को 2-0 (11-7, 11-5) से शिकस्त दी। अगले मैच में उन्होंने पाकिस्तान की सादिया गुल और फरहान जमां को 11.3, 11.2 से हराया। भारत का सामना अब पूल डी में दो अक्टूबर को थाईलैंड से और पूल ए में तीन अक्टूबर को जापान से होगा। पुरूष एकल में मनगांवकर ने फिलीपींस के जोनाथन रेयेस को 11.8, 11.4, 11.2 से हराया।

### वर्ल्ड कप में भारत को रोकना बहुत मुश्किल : स्टुअर्ट ब्रॉड



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार है और अगर टूर्नामेंट में सब कुछ मेजबान टीम की योजना के अनुसार हुआ, तो उन्हें रोकना बहुत मुश्किल है। भारत ने आखिरी बार वनडे विश्व कप तब जीता था जब वे इंग्लैंड में 1983 संस्करण जीतने के बाद 2011 में टूर्नामेंट के सह-मेजबान थे। इस बार भारत वर्ल्ड कप के सभी मैचों की मेजबानी अकेले करेगा और घर में भारत को चुनौती देना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होने वाला। पिछले महीने एशिया कप पर कब्जा जमाने के बाद भारत की नजर वर्ल्ड कप पर है। कई एक्सपर्ट और दिग्गज क्रिकेटरों का मानना है कि टीम इंडिया आईसीसी ट्रॉफी का सूखा जल्द खत्म कर देगी। भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगी। स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा, अगर इंग्लैंड अपना विश्व कप खिताब बरकरार रखने में कामयाब होता है। तो यह शानदार होगा, लेकिन मुझे लगता है कि अगर भारत अपना आदर्श टूर्नामेंट खेलता है तो उन्हें रोकना बहुत मुश्किल है। जोस बटलर के पास निश्चित रूप से चुनौती देने वाली टीम है, जिसमें उच्च स्कोर बनाने की क्षमता है लेकिन मुझे लगता है कि मेजबान और शीर्ष क्रम की वनडे टीम के रूप में भारत के लिए इससे पार पाना बेहद मुश्किल होगा।

### लुइस सुआरेज ने फोर्टलेजा के खिलाफ ग्रेमियो के लिए अंक हासिल किया



**रियो डी जनेरियो।** लुइस सुआरेज के गोल की मदद से ग्रेमियो ने ब्राजील की सीरी ए चैंपियनशिप में फोटार्लेजा को 1-1 से बराबरी पर रोका और एक अंक हासिल किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अनुभवी थियागो गैलार्डो ने हाफटाइम से ठीक पहले पेनल्टी स्पॉट से फोर्टलेजा को बढ़त दिला दी, लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा ग्रेमियो अधिक एकजुट दिखे और दूसरे हाफ में कई मौकों के साथ गोल करने के करीब पहुंच गए। फिर, सुआरेज ने अंतिम क्षणों में मेजबान टीम के डिफेंस को तोड़ते हुए गोल दागा। ग्रेमियो ब्राजील की 20-टीम सीरी ए तालिका में 25 खेलों में 44 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, वह शीर्ष पर चल रहे बोटाफोगो से सात अंक पीछे है। शनिवार को ब्राजीलियाई सीरी ए के अन्य मुकाबलों में, फ्लामेंगो ने बाहिया के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 1-0 से जीत हासिल की। साओ पाउलो ने कोरिंथियंस के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2-1 से जीत हासिल की, कुइआबा ने फ्लुमिनेंस के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 3-0 से जीत दर्ज की और एटलेटिको माइनिरो ने इंटरनैशनल में 2-0 से जीत दर्ज की।

# लगातार तीसरे वर्ल्ड कप से बाहर युजवेंद्र चहल का छलका दर्द



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने विश्व कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि अब ड्रॉप होने की आदत सी हो गई है। ये उनकी जिंदगी का हिस्सा हो चुका है।

ये पहला मौका नहीं है जब चहल को टीम मैनेजमेंट ने नजरअंदाद किया है। इससे पहले भी कई बार ऐसा हो चुका है। हालांकि, कोच और कप्तान ने इस फैसले के पीछे वजह बल्लेबाजी में गहराई लाना बताया है, लेकिन घरेलू सरजमीं पर युजवेंद्र चहल जैसे शानदार स्पिन गेंदबाज को बाहर रखने के फैसले पर कई क्रिकेट दिग्गज ने भी हैरानी जताई है। अब, इस मुद्दे पर चहल ने खुलकर अपनी बात रखी है। चहल को 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक घरेलू धरती पर होने वाले विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली।

विजडन इंडिया ने चहल के हवाले से कहा, मैं समझता हूं कि केवल 15 खिलाड़ी ही इसका हिस्सा हो सकते हैं, क्योंकि यह एक विश्व कप है। जहां आप 17 या 18 को नहीं ले सकते। मुझे थोड़ा बुरा लगता है, लेकिन जीवन में मेरा उद्देश्य आगे बढ़ना है। उन्होंने हंसते हुए कहा, मुझे अब इसकी आदत हो गई है...तीन विश्व कप हो गए हैं।

2019 के बाद से चहल आईसीसी टूर्नामेंट में भाग लेने में कामयाब नहीं हुए हैं। 2016 में अपने डेब्यू के बाद से भारत की सफेद गेंद वाली टीम में नियमित रूप से चहल ने खेला था। उन्हें इंग्लैंड में 2019 विश्व कप में 12 विकेट लिए थे।

विश्व कप से उनका बाहर होना एक बड़ी चर्चा का विषय था। महान ऑफ-स्पिनर हरभजन सिंह जैसे कई पूर्व खिलाड़ियों ने कहा कि चहल को टीम में लिया जाना चाहिए था। इस बीच, चहल केंट के साथ तीन मैचों की काउंटी चैंपियनशिप के लिए इंग्लैंड चले गए और अब उनका ध्यान भारत के लिए टेस्ट खेलने का मौका पाने पर है।

चहल ने कहा, मैं यहां (केंट में) खेलने आया हूं क्योंकि मैं किसी भी तरह कहीं न कहीं क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मुझे यहां लाल गेंद से मौका मिल रहा है और मैं गंभीरता से भारत के लिए लाल गेंद से खेलना चाहता हूं। इसलिए यह मेरे लिए एक अच्छा अनुभव था।

टीम में अन्य स्पिन गेंदबाजों और भारत के वर्ल्ड कप सफर पर चहल ने कहा, निश्चित रूप से वे अच्छा कर रहे हैं और मैं इसकी सराहना करता हूं।

मुख्य लक्ष्य यह है कि भारत जीते, क्योंकि यह कोई व्यक्तिगत खेल नहीं है। मैं टीम का हिस्सा हूं या नहीं, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे चुनौती पसंद है और यह मुझे बताती है कि मुझे कड़ी मेहनत करने की जरूरत है ताकि मैं टीम में वापसी कर सकूं।

# एशियाई खेल : महिला हॉकी में भारत और कोरिया के बीच रोमांचक मैच ड्रॉ

**एजेंसी। हांगझोऊ**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों के अपने तीसरे पूल ए मैच में कोरिया के खिलाफ पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 1-1 से रोमांचक ड्रा खेला। भारत के लिए नवनीत कौर (44') और कोरिया के लिए हेजिन सीएचओ (12') ने गोल किया। दोनों टीमों ने शुरूआत से ही आक्रामकता दिखाई और कोरिया के पास शुरूआती बढ़त लेने का मौका था, लेकिन भारतीय टीम की उप कप्तान और डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का ने गोल लाइन पर शानदार बचाव करते हुए कोरिया को आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद भारत अधिकांश कब्जे को नियंत्रित करते हुए तेजी से पासिंग लय में आ गया और संगीता कुमारी को भारत को बढ़त दिलाने का अच्छा मौका भी मिला क्योंकि वह कोरिया की रक्षा पंक्ति को पार कर चुकी थी और उन्हें अपने गोलकीपर को हराना था लेकिन वह ऐसा नहीं कर सकीं। इस प्रकार उनका शॉट निशाने पर था और वह एक बड़ा मौका चूक गया।



इस बीच कोरिया ने जवाबी हमला करना शुरू कर दिया और इसका फायदा उन्हें तब मिला जब उन्होंने पेनल्टी स्ट्रोक जीता, जिसे हाइजिन सीएचओ (12') ने बिना किसी कठिनाई के गोल में बदल दिया। इसके बाद भारत ने बराबरी की तलाश में अपनी गति बढ़ा दी। कई मौकों पर भारत स्कोर करने के करीब भी आया, लेकिन टीम सफल नहीं हुई और पहला क्वार्टर कोरिया के 1-0 की बढ़त के साथ समाप्त हुआ।

दूसरे क्वार्टर में भारत ने स्कोर बराबर करने के प्रयास में तेज शुरूआत की, जिसके कारण उन्होंने दो पेनल्टी कॉर्नर भी जीते, लेकिन उनमें से किसी का भी फायदा उठाने में असफल रहे। साथ ही, संगीता कुमारी के पास एक बार फिर गोलकीपर को छकाते हुए बराबरी का गोल करने का बड़ा मौका था लेकिन उनका शॉट लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाया।

अपनी बढ़त का फायदा उठाने के लिए कोरिया ने तीसरे क्वार्टर में एक मजबूत आक्रामक प्रयास किया, जिससे शुरूआती पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका। इस बीच भारत बराबरी करने के लिए प्रतिबद्ध रहा और तेज आक्रमण कर कोरिया की रक्षा को दबाव में रखा और इसका फायदा उन्हें मिला जब नवनीत कौर (44') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारतीय टीम को बराबरी पर ला दिया।

तीसरा क्वार्टर 1-1 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ।

बराबरी का गोल करने के बाद भारत ने मैच के चौथे और अंतिम क्वार्टर में जोरदार प्रदर्शन किया। हालांकि, कोरिया ने न केवल दबाव को अच्छी तरह से झेला बल्कि भारत को कड़ी चुनौती दी।

भारतीय टीम ने विजयी गोल की तलाश में जवाबी हमला करना शुरू कर दिया और खेल के अंतिम मिनटों में पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया, लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल पाए। अंतिम क्वार्टर में दोनों टीम एक भी गोल नहीं कर पाई और इस तरह मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

भारतीय टीम जो अब तक अजेय है, वर्तमान में पूल ए अंक तालिका में तीन मैचों में सात अंकों के साथ शीर्ष पर है। भारत अपने आखिरी पूल ए मैच में मंगलवार को हांगकांग चीन से भिड़ेगा।

## अदिति ने गोल्फ में जीता सिल्वर, रचा नया इतिहास

**एजेंसी। हांगझोऊ**



अदिति अशोक ने गोल्फ में सिल्वर मेडल हासिल किया है। एशियाई खेलों के इतिहास में भारत की किसी महिला गोल्फर का ये पहला पदक है। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक रविवार को 19वें एशियाई खेलों के अंतिम दौर में अपनी बढ़त बरकरार नहीं रख पाईं और गोल्ड से चूक गईं। अदिति के लिए व्यक्तिगत रजत पदक एशियाई खेलों में भारत के लिए पहला गोल्फ पदक है। इस बीच, भारतीय टीम पहले से चौथे स्थान पर खिसक गई और बिना पदक के एशियन गेम्स में अपना सफर खत्म करना पड़ा।

यह स्कोरिंग के लिए एक कठिन दिन था, क्योंकि केवल छह खिलाड़ियों ने अंडर पार शॉट लगाए और केवल दो खिलाड़ियों को सफलता मिली। उनमें से एक थाईलैंड की 21 वर्षीय अर्पिचया युबोल थीं, जो अदिति की तरह एलपीजीए टूर पर खेलती हैं। यूबोल ने अंतिम राउंड में 68 का स्कोर किया और भारतीय से आगे रहते हुए स्वर्ण पदक जीता। भारतीय महिला टीम भी शीर्ष स्थान से चौथे स्थान पर खिसक गई और पदक से बाहर हो गई। जैसे ही यूबोल ने स्वर्ण पदक जीता, रजत अदिति के खाते में गया और कांस्य पदक कोरिया की ह्युनजो यू (65) ने जीता, जिनका अंतिम दिन का सर्वश्रेष्ठ दौर था। पुरुष वर्ग में, अनिर्बान लाहिड़ी (65-67-74-68) टी-12 पर थे, एसएसपी चौरसिया (67-72-68-75) टी-28 पर खिसक गये। खलिन जोशी (70-69-69-73) टी-27वें और शुभंकर शर्मा (68-69-76-73) 32वें स्थान पर रहे। पुरुष टीम भी सातवें स्थान पर रही।

भारतीय पुरुष सातवें स्थान पर रहे, कोरिया ने स्वर्ण पदक जीता, थाईलैंड दूसरे और हांगकांग तीसरे स्थान पर रहा।

## हमें विश्वास है कि टीम वर्ल्ड कप में कुछ खास कर सकती है : मिलर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मिडिल ऑर्डर द.अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर का मानना है कि मौजूदा टीम भारत में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले विश्व कप में कुछ खास करने में सक्षम है। दक्षिण अफ्रीका अपने घर में ऑस्ट्रेलिया पर 3-2 से सीरीज जीतकर वर्ल्ड कप के लिए आई है। वनडे क्रिकेट में अब तक सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने से चूकने वाली प्रोटियाज टीम 7 अक्टूबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 1996 के चैंपियन श्रीलंका के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगी। मिलर ने बीबीसी से कहा, हम वास्तव में विश्वास करते हैं कि हम कुछ विशेष कर सकते हैं। वास्तविकता यह है कि हमने विश्व कप नहीं जीता है। इसलिए, इस सच्चाई को नजरअंदाज करने का कोई मतलब नहीं है। हालांकि, इससे हमारे खेल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह इस बारे में है कि आपके सामने क्या है...अगली गेंद, आपका अगला पल। मैं जानता हूं कि बाकी लोग भी इसी मानसिकता के हैं। हम इसे इतिहास रचने के मौके के तौर पर देख रहे हैं। यह कितना शानदार मौका है। अगर हम अच्छा खेलते हैं, तो हम जानते हैं कि हमारे पास शानदार मौका है। दक्षिण अफ्रीका पुरुषों की वनडे रैंकिंग में चौथी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में मेगा इवेंट में प्रवेश करेगा और शीर्ष 15 व्यक्तिगत रैंकिंग सूची में मिलर सहित पांच बल्लेबाज हैं।



पिछले विश्व कप चक्र में मिलर का औसत 60.7 और स्ट्राइक रेट 114.15 है। वह भारतीय परिस्थितियों में अपने बल्लेबाजी समूह को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए समर्थन दे रहे हैं। मिलर ने टीम के प्रदर्शन पर कहा, हमने पिछले चार वर्षों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं व्यक्तिगत रूप से आंकड़ों पर आधारित व्यक्ति नहीं हूं, लेकिन आंकड़ों को देखना और यह जानना अच्छा है कि हम जो काम कर रहे हैं, उससे हमें क्या लाभ मिला है। यही वह जगह है जहां खेल जीते और हारे जाते हैं। मुझे लगता है कि हमने कुछ लोगों को गलत साबित कर दिया है। तेम्बा बावुमा को ही देख लीजिए, उन्हें बहुत से लोगों से आलोचना झेलनी पड़ी, लेकिन वह एक शानदार कप्तान और इस प्रारूप में एक बेस्ट बल्लेबाज है। मिलर ने यह भी स्वीकार किया कि बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज की विश्व कप में बड़ी भूमिका होगी।

## कायन चेनाई ने मेन्स ट्रैप में कांस्य पदक जीता

**हांगझोऊ।** शूटिंग में भारत को एक और मेडल हासिल हुआ है। हालांकि, मेन्स ट्रैप टीम में गोल्ड जीतने वाले कायन चेनाई को व्यक्तिगत मेन्स ट्रैप में ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा। कायन चेनाई ने 1978 के बाद से पुरुष ट्रैप व्यक्तिगत में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद जगाई थी। इससे पहले, इस इवेंट में रणधीर सिंह ने बैंकॉक में स्वर्ण पदक जीता था। कायन चेनाई ने जोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की ट्रैप टीम प्रतियोगिता में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता। यह ट्रैप टीम प्रतियोगिता में भारत का पहला स्वर्ण पदक था। इससे पहले, 1998 में बैंकॉक, 2002 में बुसान और 2006 में दोहा में लगातार भारत ने तीन एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। इस जीत ने अनुभवी जोरावर सिंह संधू के लिए पदकों का एक सेट तैयार किया। जिन्होंने 1998 में मानवजीत सिंह संधू और मनशेर सिंह के साथ रजत पदक और 2010 में ग्वांग्झू में इस टीम के साथ कांस्य पदक जीता था। भारत ने निशानेबाजी में सात स्वर्ण, नौ रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 22 पदकों के साथ बेहद सफल अभियान पूरा किया।

## भारत की ट्रैप शूटिंग टीम ने मचाई धूम

# पुरुषों ने गोल्ड, महिलाओं ने सिल्वर जीता



**एजेंसी। हांगझोऊ**

भारतीय निशानेबाजी टीम ने एशियाई खेलों की निशानेबाजी प्रतियोगिताओं में पुरुष ट्रैप टीम ने स्वर्ण पदक और महिला टीम ने रजत पदक जीतकर अपनी कुल मेडल की संख्या 21 कर ली है। किनान चेनाई, पृथ्वीराज और जोरावर सिंह की तिकड़ी ने मेन्स टीम ट्रैप शूटिंग में यह उपलब्धि हासिल की। पुरुष ट्रैप टीम ने गेम रिकॉर्ड 318 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता और कुवैत और चीन से आगे रही, जिन्होंने क्रमशः 358 और 354 के स्कोर के साथ रजत और कांस्य पदक जीते। क्वालीफाइंग स्पर्धा के अंत में चेनाई 125 में से 122 अंकों के साथ भारत के लिए स्कोरिंग में सबसे आगे रहे, जबकि जोरावर सिंह 120 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जबकि, पृथ्वीराज का स्कोर 119 था। भरतीय पुरुषों ने कुवैत से कड़ी चुनौती पर काबू पा लिया, जिसमें स्कीट में दोहरे स्वर्ण पदक विजेता अब्दुल्ला अल-रशीदी और चीन शामिल थे। चेनाई ने शीर्ष रैंक वाले निशानेबाज के रूप में फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जबकि संधू ने भी तीन अन्य के साथ शूट-ऑफ के बाद फाइनल में जगह बनाई क्योंकि चारों का स्कोर 120 था। महिला ट्रैप टीम प्रतियोगिता में मनीषा कीर, राजेश्वरी कुमारी और प्रीति रजक की भारतीय तिकड़ी चीन के बाद दूसरे स्थान पर रही और रजत पदक जीता। भारतीय टीम ने 337 का संयुक्त स्कोर बनाया और कोरिया गणराज्य से पीछे रही जिसने 357 का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाया। वहीं, कजाकिस्तान ने कांस्य पदक जीता। महिला टीम को आगे बढ़ाते हुए मनीषा कीर ने 114 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत वर्ग में फाइनल में जगह बनाई।

### मुक्केबाज परवीन हुड्डा ने जीता कांस्य पदक, ओलंपिक कोटा सुनिश्चित किया

विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज परवीन हुड्डा ने महिलाओं की 57 किग्रा स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाकर एशियाई खेलों में पदक सुनिश्चित करने के साथ पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। विश्व चैम्पियनशिप में 63 किग्रा में पदक जीतने वाली परवीन ने रविवार को यहां क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान की सितोरा तर्डिबेकोवा को सर्वसम्मत फैसले से हराया। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया 60 किग्रा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उत्तर कोरिया की मुक्केबाज वोन उन्गयोंग से दूसरे दौर में आरएससी (रेफरी द्वारा मैच रोकने) से हारने के बाद बाहर हो गईं। मौजूदा एशियाई चैंपियन परवीन अपने मुकाबले में शुरू से ही लय में दिखी। उन्होंने अपनी लंबाई का फायदा उठाते हुए 21 साल की प्रतिद्वंद्वी को बाएं और दाएं दोनों ओर से मुक्के जड़े। परवीन ने शुरूआती दौर में आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन इसके बाद तर्डिबेकोवा को अपने करीब आने का मौका दिया और फिर सटीक पंच जड़े। तर्डिबेकोवा ने भी इस दौरान कुछ अच्छे मूव बनाकर परवीन को पंच जड़े लेकिन यह काफी नहीं था। जैस्मीन ने पहला दौर 5-0 से अपने नाम किया। उन्होंने इसके बाद अपने 'हेड गियर' को सही तरीके से लगाने की मांग की।

## एशियाई खेल

### स्वर्ण पदक विजेता सुदीप्ति हजेला ने कहा-

# ओलंपिक में सोना जीतने तक सफर जारी रहेगा

**एजेंसी। इंदौर (मध्यप्रदेश)**

एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिता के टीम ड्रेसेज वर्ग में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में शामिल सुदीप्ति हजेला का अगला लक्ष्य इस सुनहरी उपलब्धि को ओलंपिक खेलों में दोहराना है। उनका कहना है कि जब तक वह ओलंपिक में देश के लिए सोना नहीं जीत लेतीं, तब तक उनका सफर जारी रहेगा। हजेला रविवार को गृहनगर इंदौर लौटीं जहां हवाई अड्डे पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव और अन्य लोगों ने उनका ढोल-नगाड़ों की थाप पर जोरदार स्वागत किया। उन्हें हवाई अड्डे से खुली जीप में सवार करके शहर की सड़कों पर जुलूस निकाला गया। जुलूस में तिरंगे झंडे वाली कई गाड़ियों का काफिला चल रहा था।



भारत ने चीन के हांगझोउ में 26 सितंबर (मंगलवार) को एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिता के टीम ड्रेसेज वर्ग में शीर्ष पर रहकर स्वर्ण पदक के 41 साल के इंतजार को खत्म किया। एड्रेनेलिन फिरफोड पर सवार दिव्यकीर्ति सिंह, हृदय विपुल छेड़ा (चेमक्सप्रो एमरेल्ड) और अनुश अग्रवाला (एट्रो) ने कुल 209.205 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। हजेला भी टीम का हिस्सा थीं, लेकिन सिर्फ शीर्ष तीन खिलाड़ियों के स्कोर गिने जाते हैं। हजेला ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा होना मेरे लिए गर्व की बात है। अब मेरा अगला लक्ष्य ओलंपिक में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। जब तक मैं ओलंपिक में स्वर्ण पदक नहीं जीत लेती, तब तक मेरा सफर जारी रहेगा। घुड़सवारी की 21 वर्षीय खिलाड़ी ने बताया कि वह पिछले दो साल से फ्रांस में प्रशिक्षण ले रही थीं और कोविड-19 के प्रकोप से पहले एशियाई खेलों के चयन ट्रायल की तैयारी कर रही थीं। उन्होंने कहा,ह्यह्यइस मुकाम तक पहुंचने का सफर कतई आसान नहीं था, लेकिन अब लगता है कि मेरा हर प्रयास बेहद कीमती था। हजेला ने यह भी कहा कि देश की महिलाओं को कभी हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर झांसी वाली रानी लक्ष्मीबाई मुश्किलों से लड़ी थीं, तो उनसे प्रेरणा लेकर हम भी अपने जीवन में बहुत कुछ कर सकते हैं।

सुदीप्ति के पिता मुकेश हजेला ने कहा, अपनी बेटी की उपलब्धि पर मैं बेहद गौरवान्वित हूं। आपके लिए उससे बड़ा दिन कोई नहीं हो सकता, जब आपको आपके बच्चों के नाम से पहचाना जाए। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी छह साल की उम्र से घुड़सवारी सीख रही है। सुदीप्ति के पिता ने कहा, मेरी बेटी हमारे घर से ज्यादा अस्तबलों में रही है। उसने शून्य से शीर्ष तक का सफर तय किया है।



## गागर में सागर

### टोयोटा ने दर्ज किया सबसे ऊंचा मासिक बिक्री आंकड़ा




**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) की कुल थोक बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 53 प्रतिशत बढ़कर 23,590 इकाई हो गई। यह कंपनी की मासिक बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। पिछले साल सितंबर में कंपनी ने डीलरों के पास 15,378 वाहन भेजे थे। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बयान में कहा कि सितंबर में घरेलू बाजार में उसकी बिक्री 22,168 इकाई रही। इस दौरान उसने 1,422 इकाइयों का निर्यात भी है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उपाध्यक्ष-बिक्री और रणनीतिक विपणन अतुल सूद ने कहा कि बिक्री प्रदर्शन कंपनी के विविध उत्पाद पोर्टफोलियो की बढ़ती स्वीकार्यता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि हमारे विभिन्न उत्पादों की मांग निरंतर बनी हुई है जिसकी वजह से कंपनी सितंबर में रिकॉर्ड प्रदर्शन कर पाई है।

### 209 रुपए महंगा हुआ कमर्शियल गैस सिलेंडर



**नई दिल्ली।** ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने आम लोगों की जेब पर एक और बोझ बढ़ा दिया है। सूत्रों के अनुसार, तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 1 अक्टूबर से 209 रुपए बढ़ जाएंगी। 19 किलोग्राम वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की दिल्ली खुदरा बिक्री कीमत 1 अक्टूबर से 1731.50 रुपये/सिलेंडर होगी। हालांकि घरेलु एलपीजी सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया। वैसे तो मूल्यों में बढ़ोतरी कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर पर हुई है लेकिन इससे बाजार में खाने-पीने की चीजें महंगी होंगी और इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर बढ़ेगा। बता दें, एक सितंबर को तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में 158 रुपये की कटौती की थी। इसके बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत घटकर 1,522 रुपये हो गई थी। अगस्त महीने की शुरूआत में भी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 99.75 रुपये की कटौती की थी।

### टाटा स्टील का ब्रिटिश संयंत्र को कार्बन-मुक्त करने का लक्ष्य : सीईओ



**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने अगले तीन साल में अपने ब्रिटेन स्थित संयंत्र को कार्बन-मुक्त करने का लक्ष्य तय किया है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी वी नरेंद्रन ने यह जानकारी दी। कंपनी ने कार्बन-मुक्तिकरण योजना के तहत ब्लास्ट फर्नेस (बीएफ) विधि की जगह कम उत्सर्जन वाली इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) विधि को अपनाया जाएगा। भारतीय कंपनी टाटा स्टील, साउथ वेल्स के पोर्ट टालबोट में स्थित ब्रिटेन की सबसे बड़ी 30 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) क्षमता वाली इस्पात कंपनी की मालिक है। इसमें करीब 8,000 लोग काम करते हैं। नरेंद्रन ने कहा, मजदूर संघों के साथ बातचीत चल रही है। हमें कई अनुमतियों की भी आवश्यकता है। कुछ बुनियादी ढांचे का उन्नयन करना है। बहुत सारे काम करने की जरूरत है। इस पर काम पहले ही शुरू हो चुका है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि अगले तीन साल में हम ये प्रक्रिया पूरी कर लेंगे। उन्होंने कंपनी को कार्बन-मुक्त करने की योजना की समयसीमा के बारे में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। नरेंद्रन ने पहले कहा था कि ब्रिटेन सरकार की वित्तीय सहायता के बिना यह संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कंपनी नए संयंत्र के लिए मशीनरी हासिल करने के संबंध में कुछ यूरोपीय आपूर्तिकर्ताओं से बात कर रही है।

# एफपीआई ने सितंबर में भारतीय शेयर बाजारों से 14,767 करोड़ रुपए निकाले

**एजेंसी- नई दिल्ली**




डॉलर में मजबूती, अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) सितंबर में भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे हैं। लगातार छह माह तक लिवाली के बाद एफपीआई ने सितंबर में भारतीय शेयर बाजारों से 14,767 करोड़ रुपए की निकासी की है। क्रेविंग अल्फा के प्रबंधक-स्मॉलकेस और प्रमुख भागीदार मयंक मेहरा ने कहा, आगे चलकर भारतीय बाजारों में एफपीआई का प्रवाह अनिश्चित रहेगा। काफी हद तक यह भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन, रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा और कंपनियों के सितंबर तिमाही के नतीजों पर निर्भर करेगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने सितंबर में शुद्ध रूप से 14,767 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। इससे पहले अगस्त में शेयरों में एफपीआई का प्रवाह चार माह के निचले स्तर 12,262 करोड़ रुपए पर आ गया था। वहीं एफपीआई मार्च से अगस्त तक लगातार छह माह भारतीय शेयरों में शुद्ध लिवाल रहे थे। इस दौरान उन्होंने 1.74 लाख करोड़ रुपए के शेयर खरीदे थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, डॉलर की मजबूती की वजह से एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं। डॉलर सूचकांक 107 के करीब है। इसके अलावा अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल (10 साल के लिए 4.7 प्रतिशत) आकर्षक बना हुआ है, ऐसे में एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। ब्रेंट कच्चे तेल का दाम 97 डॉलर प्रति बैरल पर है। यह भी एफपीआई की बिकवाली की एक वजह है। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, अमेरिका और यूरो क्षेत्र में आर्थिक अनिश्चितता के अलावा वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लेकर बढ़ती चिंता की वजह से भी एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं। इन स्थितियों की वजह से एफपीआई जोखिम लेने से बच रहे हैं।" उन्होंने कहा कि इसके अलावा कच्चे तेल के ऊंचे दाम, महंगाई के आंकड़े और बढ़ती ब्याज दरें भी एफपीआई की धारणा को प्रभावित कर रही हैं। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में 938 करोड़ रुपए डाले हैं। इस तरह चालू कैलेंडर साल में अबतक शेयरों में एफपीआई का निवेश 1.2 लाख करोड़ रुपए रहा है। वहीं बॉन्ड बाजार में उन्होंने 29,000 करोड़ रुपए से ज्यादा डाले हैं।

### महंगे क्रूड का असरः महंगा हुआ हवाई ईंधन

## बढ़ेंगे फ्लाइट के टिकट्स के दाम




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में अगले कुछ दिनों में त्योहारी सीजन की शुरूआत हो जाएगी। इसके साथ ही लोग बड़ी संख्या में आवाजाही के लिए फ्लाइट का इस्तेमाल करेंगे। ऐसे में त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने बड़ा झटका दिया है और हवाई ईंधन को महंगा कर दिया है। इसके बाद राजधानी दिल्ली में एटीएफ कीमत 1,18,199.17 रुपए प्रति किलो लीटर पर पहुंच गई है। यहां पिछले महीने के मुकाबले 5500 किलो लिटर यानी 5.50 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बता दें कि नई कीमत 1 अक्टूबर 2023 से लागू हो चुकी हैं। ध्यान देने वाली बात ये है कि कच्चे तेल के दाम में इजाफे के बाद अळऋ की कीमत में इजाफा हुआ है। सितंबर 2023 में दिल्ली में एटीएफ का दाम 1.12 लाख प्रति लीटर पर बिक रहा था। 1 सितंबर को भी एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी, जिसके बाद त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले एयरलाइंस कंपनियों की चिंता बढ़ गई थी। ध्यान देने वाली बात ये है कि अक्तूबर के महीने में हुई हवाई ईंधन की कीमत में बढ़ोतरी को मिलाकर लगातार चार बार एयर फ्यूल के दाम में बढ़ोतरी की जा चुकी है। 1 जुलाई को भी तेल कंपनियों ने एटीएफ के दाम में 1.65 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। जेट फ्यूल के दाम में बढ़ोतरी के पीछे मुख्य कारण है कच्चे तेल की कीमत में इजाफा। पिछले कुछ दिनों में इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल के दाम में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई है और इसकी कीमत 97 डॉलर तक पहुंच गई है।

### फिर से 1.60 लाख करोड़ रुपए के पार निकला जीएसटी कलेक्शन

**नई दिल्ली।** जीएसटी से कमाई के मामले में सितंबर महीना शानदार साबित हुआ है। सितंबर महीने के दौरान जीएसटी कलेक्शन एक बार फिर से 1.60 लाख करोड़ रुपए के पार निकल गया है। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष में अब तक ऐसा चार बार हो चुका है, जब किसी एक महीने में कलेक्शन का आंकड़ा 1.60 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रहा हो। वहीं हर महीने सालाना आधार पर जीएसटी कलेक्शन में ग्रोथ का ट्रेंड भी बना हुआ है। वित्त मंत्रालय के द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर महीने में जीएसटी से सरकारी खजाने को 1,62,712 करोड़ रुपए मिले हैं, जो साल भर पहले यानी सितंबर 2022 की तुलना में 10 फीसदी ज्यादा है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जीएसटी से सरकार को अब तक 9,92,508 करोड़ रुपए मिल चुके हैं। इस तरह चालू वित्त वर्ष के दौरान सरकार का औसत मासिक कलेक्शन अब तक 1.65 लाख करोड़ रुपए है, जो सालाना आधार पर 11 फीसदी की ग्रोथ है। इससे पहले अगस्त महीने के दौरान सरकार को जीएसटी से 1,59,069 करोड़ रुपए मिले थे। यह 6 महीने में पहली बार 1.60 लाख करोड़ रुपए से कम का कलेक्शन था। उससे पहले सरकार को मार्च 2023 के बाद हर महीने 1.60 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन हो रहा था। हालांकि साल भर पहले की तुलना में देखें तो अगस्त में भी जीएसटी कलेक्शन बेहतर ही रहा था, क्योंकि अगस्त 2022 की तुलना में कलेक्शन में 11 फीसदी की तेजी आई थी।

## पाक जला तो आर्मी चीफ मुनीर को आई आतंकवाद से लड़ने की याद

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



आतंकवाद का समर्थक और आंतकियों को शरण देने वाला पाकिस्तान अब खुद इस आघ में जल रहा है। हाल ही में 2 मस्जिदों में आत्मघाती हमले के बाद सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर ने आतंकवादियों के खिलाफ सैन्य अभियानों के जरिए देश से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की प्रतिबद्धता जतायी है। जनरल मुनीर की यह टिप्पणी शुक्रवार को पाकिस्तान में किये गए दो आत्मघाती हमलों के बाद सामने आई है, जिसमें 65 लोगों की मौत हो गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि बलूचिस्तान में शुक्रवार को एक आत्घाती विस्फोट में कुल 60 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 60 अन्य घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि यह विस्फोट मस्तुंग में मदीना मस्जिद के समीप पैगम्बर मोहम्मद के जन्मदिवस के मौके पर निकाले गए जुलूस को निशान बनाकर किया गया था। उन्होंने बताया कि वहीं खैबर-पख्तूनख्वा के हांगू में एक पुलिस थाने की मस्जिद को निशाना बनाकर किए गए दूसरे विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई थी और 12 अन्य लोग घायल हो गए थे। अधिकारी के मुताबिक, विस्फोट के प्रभाव से मस्जिद की छत ध्वस्त हो गई थी। सेना की मीडिया शाखा ने शनिवार रात को एक बयान में बताया कि सेना प्रमुख ने शनिवार को क्वेटा का दौरा किया, जहां उन्हें हालिया आतंकी हमलों के बारे में जानकारी दी गई। मुनीर ने बताया कि इस तरह के हमलों को अंजाम देने वालों का इस्लाम से कोई लेना-देना नहीं है।

# ग्लोबल इंडियन अवार्ड पाने वाली पहली महिला बनीं सुधा मूर्ति

**नवीन मेल संवाददाता। टोरंटो**



इंफोसिस के सह-संस्थापक एन.आर. नारायण मूर्ति की पत्नी प्रसिद्ध लेखिका सुधा मूर्ति को इंडो-कैनेडियन समारोह में कनाडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा ग्लोबल इंडियन अवार्ड" से सम्मानित किया गया। ग्लोबल इंडियन अवार्ड हर साल एक प्रमुख भारतीय को दिया जाता है जिसने अपने चुने हुए क्षेत्र में एक प्रमुख छाप छोड़ी है। अवार्ड की राशि 50,000 डॉलर है। कनाडा इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष सतीश ठक्कर ने शनिवार रात कहा, हमें सुधा मूर्ति को ग्लोबल इंडियन अवार्ड प्रदान करते हुए बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने अपना पूरा करियर आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके द्वारा चुने गए क्षेत्र में सफलता पाने का मार्ग प्रशस्त करने में बिताया है और वह समाज को कुछ वापस देने के लिए उत्साहित हैं। भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा से पुरस्कार स्वीकार करते हुए सुधा मूर्ति ने कहा, आपके देश से यह पुरस्कार पाना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस पुरस्कार के लिए उन्हें चुनने के लिए कनाडा इंडिया फाउंडेशन (सीआईएफ) को धन्यवाद देते हुए मूर्ति ने कहा, सीआईएफ महाभारत में कृष्ण की तरह है। कृष्ण देवकी के भी पुत्र हैं और यशोदा के भी। देवकी उनको जन्म देने वाली मां थीं और यशोदा ने उनका पालन-पोषण किया। आप भारत में पैदा हुए हैं लेकिन यहीं बसे हैं, यह यशोदा है और आपकी माता भारत है। दोनों देशों के बीच एक सेतु के रूप में भारत-कनाडाई प्रवासियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, आप एक अलग भूमि में भारतीय संस्कृति के वाहक हैं।

## विदेश

# आतंक फैला रहा खालिस्तान, भारतीय मूल के सिख की कार पर चलाई गोली

**एजेंसी। लंदन**



कनाडा में पैर जमाकर बैठे खालिस्तानी समर्थक कुछ अन्य देशों में भी अपना खौफ पैदा करने के लिए आतंक फैलाने का काम कर रहा है। ब्रिटेन में एक सिख रेस्तरां मालिक ने दावा किया कि खालिस्तान समर्थकों ने उसकी कार पर गोली चलाई। उन्होंने दावा किया कि मई से ही उनके परिवार को सोशल मीडिया के जरिए धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार सुबह भारतीय मूल के सिख हरमन सिंह की दोनों कारों के सामने लाल रंग छिड़क दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कृत्य के पीछे खालिस्तान समर्थकों का हाथ है। हरमन ने खुद एक वीडियो जारी कर सारी घटना भी बताई। उन्होंने बताया कि वो खालिस्तान के खिलाफ हैं, लेकिन उनका मुंह बंद करवाने का प्रयास किया जा रहा है। हरमन सोशल मीडिया पर खालिस्तान के खिलाफ खुलकर बात रखते हैं, लेकिन अब उन्हें धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। हरमन ने बताया कि वह इंग्लैंड में खालिस्तान के खिलाफ बोलते हैं, लेकिन यह मुझे चुप रहने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा, "कल रात को बदमाश मेरे घर के बाहर आए और खतरे के रूप में खून का प्रतीक लाल रंग फेंक दिया। बाद में उन्होंने मेरी कार की विंडस्क्रीन पर गोली चलाई। पिछले आठ महीनों में खालिस्तानियों ने मुझ पर चार बार हमला किया है। हरमन सिंह ने दावा किया कि खालिस्तान विरोधी सोशल मीडिया पोस्ट के बाद से उन्हें हजारों जान से मारने की धमकियां मिली हैं। उन्होंने कहा कि खालिस्तान समर्थकों ने उनकी पत्नी और बेटी का रेप करने की भी धमकियां दी हैं। उन्होंने कहा, उन्होंने मेरे बच्चों के स्कूल का पता भी बता दिया, लेकिन पुलिस इन घटनाओं पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

## सहयोग — चांद और उसके भी पार पहुंचेंगे अमेरिका और भारत के संबंध

# ‘जी20 की सफलता अमेरिका के बिना संभव नहीं’

**एजेंसी। वाशिंगटन**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के संबंध अब तक के उच्चतम स्तर पर हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उन्हें एक अलग स्तर तक लेकर जाएगी। जयशंकर ने कहा कि ये द्विपक्षीय संबंध चंद्रयान की तरह चांद पर और उससे भी परे पहुंचेंगे। भारतीय दूतावास द्वारा यहां आयोजित सेलिब्रेटिंग कलर्स ऑफ फ्रेंडशिप' कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका के विभिन्न हिस्सों से इंडिया हाउस' में एकत्र हुए सैकड़ों भारतीय-अमेरिकियों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, आज एक स्पष्ट संदेश है कि हमारा रिश्ता अब तक के उच्चतम स्तर पर है, लेकिन जैसा कि अमेरिका में कहा जाता है कि आपने अभी तक कुछ भी नहीं देखा है, हम इन संबंधों को एक अलग स्तर, एक अलग जगह ले जाने वाले हैं। जयशंकर ने कहा कि जी20 की सफलता अमेरिका के सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा, जब चीजें अच्छी होती हैं, तो हमेशा मेजबान को इसका श्रेय मिलता है। यह उचित भी है, लेकिन यदि जी20 के सभी सदस्य देश इस आयोजन की सफलता के लिए काम नहीं करते, तो यह संभव नहीं था।" जयशंकर ने भारतीय-अमेरिकियों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, ह्यह्यमैं आज इस देश में हूं, खासकर इसलिए मुझे यह कहना चाहिए कि जी20 को सफल बनाने के लिए जो योगदान, जो सहयोग और समझ हमें अमेरिका से मिली, उसकी मैं वाशिंगटन डीसी में सार्वजनिक तौर पर सराहना करना चाहूंगा। उन्होंने कहा, तो, शाब्दिक रूप से यह हमारी सफलता हो सकती है, लेकिन मुझे लगता है कि यह जी20 (राष्ट्रों) की सफलता थी। मेरे लिए, यह भारत-अमेरिका साझेदारी की भी सफलता थी... कृपया इस साझेदारी को वह समर्थन देते रहें, जिसकी उसे आवश्यकता है, जिसकी यह हकदार है और जिसकी अपेक्षा है। मैं आपसे वादा कर सकता हूं कि ये संबंध चंद्रयान की तरह चंद्रमा तक, शायद उससे भी आगे तक जाएंगे।" जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच मानवीय संबंध इस द्विपक्षीय संबंध को और अनूठा बनाते हैं। उन्होंने कहा, देश एक-दूसरे के साथ व्यापार करते हैं। देश एक-दूसरे के साथ राजनीति करते हैं। उनके बीच सैन्य संबंध होते हैं, वे अभ्यास करते हैं और उनके बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान होता है, लेकिन जब दो देशों के बीच गहरे मानवीय संबंध हों, तो यह पूरी तरह से अलग स्थिति होती है। हमारे संबंधों की यही आज अहम विशेषता है।" जयशंकर ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों के निर्माण में प्रवासी भारतीयों का अत्यधिक योगदान है। उन्होंने कहा, इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। इसी आधार के सहारे हम आगे देख रहे हैं।

**दोनों देशों के बीच मानवीय संबंध इस द्विपक्षीय संबंध को और अनूठा बनाते हैं। उन्होंने कहा, देश एक-दूसरे के साथ व्यापार करते हैं।**

## पेज एक के शेष

### बारिश ने राजधानी में...

के बड़े भाई सहित उसके परिजन, पुलिस सब मिलकर बोड़िया नदी तक उसकी तलाश में जुटे हुए थे लेकिन वह नहीं मिला। रात हो जाने की वजह से फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया है। देव प्रसाद के बड़े भाई ने बताया कि उसके छोटे भाई के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। पानी के तेज धारा में उसका भाई उसके सामने ही बह गया वह कुछ नहीं कर पाया।

**पूरी रांची में तबाही :** वहीं, दूसरी तरफ राजधानी रांची में पानी ने हर तरफ तबाही मचाई है। रांची के पंडरा, मोराबादी, हिंदपीढ़ी, अरगोड़ा, हरमू सहित कई निचले इलाकों में लोगों के घरों में पानी घुस गया है वहीं नामकुम और मोराबादी में कई घरों के बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसमें कुछ लोग घायल भी हुए हैं।

### अपने स्वास्थ्य के...

उन्होंने हेल्थ किट का वितरण किया और इस शिविर आयोजन के लिए सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार प्रकट किया।

इस शिविर में लगभग 700 रोगियों ने उपलब्ध 3000 सेवाओं का उपयोग किया, जिनमें रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया, हेपेटाइटिस बी और सी वायरस संक्रमण, महिला एवं बच्चों के स्वास्थ्य की जांच, दंत चिकित्सा, ईएनटी संबंधी समस्या, प्रारम्भिक कैंसर व जन्मजात विसंगतियों और जलने की चोटों का पता लगाना शामिल था। उन्नत लीवर स्कैन-फाइब्रोस्कैन का पता लगाने का भी प्रयास था। मरीजों को अल्सर, एनीमिया, जीआई संक्रमण और मल्टीविटामिन की निःशुल्क दवाएं दी गई। इस शिविर में हेपेटाइटिस बी का निःशुल्क टीकाकरण और रक्तदान कैंप का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रानी चिल्ड्रेन अस्पताल, देवलोक, मेदांता एवं एचजीसी अस्पताल के चिकित्सकों के साथ-साथ आईएमए, एपीआई, ओबीजीवाईएन और नेशनल बर्न्स एसोसिएशन के चिकित्सकों ने शिविर के आयोजन में अहम सहयोग किया। शिविर में डॉ. जी.लोगनाथन, डॉ. प्रवीण कुमार, सिविल सर्जन, डॉ. एन. मैथ्यू, चिकित्सा पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अभिषेक रमधान (ईएनटी), डॉ. अर्चना, स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ, डॉ. अंनत सिन्हा, प्लास्टिक सर्जन, डॉ. कृष्ण किंकर दास (ईएनटी), डॉ. रवि रौशन, डॉ. देवव्रत चट्टोराज (दंत रोग विशेषज्ञ) आदि चिकित्सक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बिहार स्टेट हाउसिंग...

में सहकारिता से विकास की असीम संभावनाएं हैं। बहुत खुशी की बात है कि राजनीति से ऊपर उठकर सहकारिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। जुलाई 2021 में मोदी सरकार ने देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए एक नए 'सहकारिता मंत्रालय' का गठन किया। मंत्रालय सहकारिता के लिए कारोबार करने में आसानी के लिए प्रक्रियाओं को कारगर बनाने और बहु-राज्य सहकारी समितियों (एमएससीएस) के विकास को सक्षम बनाने के लिए काम करेगा। देश में सहकारी आधारित आर्थिक विकास मॉडल बहुत प्रासंगिक है जहां प्रत्येक सदस्य जिम्मेदारी की भावना के साथ काम करता है।

### झारखंड में लिथियम का...

झारखंड के कोडरमा के तिलैया ब्लॉक और ढोढ़ाकोला-कुसुमा बेल्ट में लिथियम के अलावा सिजियम, गिरिडीह के गांवा ब्लॉक और कोडरमा के पिहरा बेल्ट में एलआई (ली), सिजियम, आरईई और आरएम जैसे धातुओं का भंडार होने की संभावनाएं हैं। विगत 29 सितंबर को झारखंड सरकार के भूतात्विक पर्षद की उच्चस्तरीय बैठक में राज्य में लिथियम की खोज के परिणामों पर चर्चा की गई। सरकार ने राज्य में लिथियम खनन की संभावनाओं पर काम करना शुरू कर दिया है। निवेशकों ने भी इसे लेकर अपनी रुचि प्रदर्शित की है।बीते जून महीने में पैन एशिया मेटल्स लि० के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पॉल लॉक ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी और झारखंड में लिथियम खनन के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की थी। सीएम ने कहा था कि झारखंड सरकार नियमों के अनुसार लिथियम प्रोडक्शन की संभावनाओं पर योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत लिथियम उत्पादन में आत्मनिर्भर हो जाता है तो इससे इलेक्ट्रिक बैटरियां सस्ती होंगी और अंततः इलेक्ट्रिक कारों की कीमत भी कम हो सकेंगी।

### असमंजस में हैं ...

'इंडिया' ब्लॉक का सवाल है तो कई बार यह स्पष्ट किया जा चुका है कि चुनाव परिणाम से पहले इसकी घोषणा नहीं की जाएगी।" नीतीश कुमार ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से मुकाबला करने के लिए समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों को एक साथ लाने के लिए इस साल अप्रैल में 10 राजाजी मार्ग पर पहली बार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी से मुलाकात की थी। बिहार के मुख्यमंत्री ने तब समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप) जैसी कई पार्टियों को 'इंडिया' ब्लॉक में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नीतीश कुमार ने खुद जाकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव आदि से मुलाकात की। 16 समान विचारधारा वाले दलों की पहली बैठक भी 23 जून को बिहार के पटना में हुई। इसके बाद 17 और 18 जुलाई को कर्नाटक के बेंगलुरु में दूसरी बैठक में पार्टियों की संख्या बढ़कर 26 हो गई और उसी बैठक में विपक्षी गुट का 'इंडिया' नाम तय किया गया। 31 अगस्त और 1 सितंबर को महाराष्ट्र के मुंबई में तीसरी बैठक के दौरान, 'इंडिया' ब्लॉक ने अपने काम की देखभाल के लिए एक समन्वय समिति और कई उप समितियों का गठन किया।

### पलामू में जनवरी 2023 से...

पाएंगे या उन समस्याओं का समाधान नहीं तलाश पायेंगे। इन हालात से घबराकर कई लोग आत्महत्या करने को ही एकमात्र समाधान समझ लेते हैं, जबकि समस्या वाकई अस्थायी होती है। डाक्टरों के अनुसार सुसाइड के बारे में सोचने वालों की दिनचर्या में एकाएक बदलाव आता है। ऐसे लोग अपने दर्द को छिपाने की कोशिश करते हैं। ऐसी स्थिति में इन लक्षणों पर भी ध्यान देना चाहिए। सुसाइड की दरों से स्ट्रेस का स्तर भी जुड़ा हुआ है। जो लोग खुदकुशी करते हैं, उनके शरीर में असाधारण तरीके से उच्च गतिविधियां और स्ट्रेस हार्मोन पाया जाता है। सेरोटोनिन मस्तिष्क का केमिकल (न्यूरोट्रांसमीटर) होता है, जो मूड, चिंता और आवेगशीलता से जुड़ा होता है। खुदकुशी करने वाले व्यक्ति के सेरिब्रोस्पाइनल फ्लूड और मस्तिष्क में सेरोटोनिन का स्तर सामान्य से कम पाया जाता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु बस हादसे पर दुख जताया, अनुग्रह राशि की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के नीलगिरी जिले में बस दुर्घटना में हुई लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है और पीएमएनआरएफ से प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी को 2 लाख रुपये तथा घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर कहा, तमिलनाडु के नीलगिरी जिले में कुन्नूर के पास बस दुर्घटना के कारण लोगों की मौत से दुख है। प्रधानमंत्री की संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। उनकी प्रार्थना है कि घायल जल्द ही ठीक हो जाएं। पीएमएनआरएफ की ओर से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को तमिलनाडु के नीलगिरी जिले में कुन्नूर के पास एक तीखे मोड़ पर एक पर्यटक बस के गिर जाने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हादसे के समय बस में 55 यात्री सवार थे और वे तेनकासी जा रहे थे। हेयरपिन मोड़ पर वाहन चालक के नियंत्रण खोने के बाद बस खाई में गिर गई।

### नौसेना के उप प्रमुख बने वाइस एडमिरल तरुण सोबती, कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल तरुण सोबती को नौसेना स्टाफ का नया उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। उन्होंने रविवार को पदभार ग्रहण किया। उन्हें 01 जुलाई 1988 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था और वह नेविगेशन एवं डायरेक्शन विशेषज्ञ हैं। उन्होंने 38 साल से अधिक की शानदार सेवा के बाद रिटायर हुए वाइस एडमिरल संजय महेंद्रू से यह कार्यभार लिया है। वाइस एडमिरल ने 35 वर्षों से अधिक के अपने करियर में समुद्र और तट दोनों पर विभिन्न प्रकार की कमांड और स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है। फ्लैग ऑफिसर ने मिसाइल बोट आईएनएस निशंक, मिसाइल कार्वेट आईएनएस कोरा और गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस कोलकाता की कमान संभाली है।

### माफिया मुख्तार अंसारी की 12 करोड़ की बेनामी संपत्ति अटैच

**लखनऊ।** आयकर विभाग ने माफिया मुख्तार अंसारी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी 12 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति अटैच कर ली। यह संपत्ति लखनऊ के पॉश इलाका डालीगंज में स्थित है। इससे पहले उसकी मऊ और गाजीपुर स्थित संपत्ति को कुर्क किया गया था। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक मुख्तार अंसारी की डालीबाग स्थित 3234 वर्गफुट के प्लॉट को बेनामी संपत्ति मनाते हुए अटैच किया गया है। मुख्तार ने यह प्लॉट अपने सबसे करीबी महिला तनवीर सहर के नाम से खरीदी थी। वर्तमान में इसकी कीमत करीब 12 करोड़ रुपये की है। उल्लेखनीय है कि मुख्तार ने अपने गिरोह की मदद से करोड़ों की संपत्ति अपने और रिश्तेदारों के नाम से बनायी है। बेनामी संपत्ति को लेकर लगातार जांच एजेंसियां अपनी तहकीकात कर उन संपत्ति को जब्त कर रही हैं। माफिया के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट मामले में 05 अक्टूबर को सुनवाई होगी।


### शामली में यमुना नदी में डूबने से दो युवकों की मौत

**शामली।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले के कैराना थाना क्षेत्र में यमुना नदी में नहाते समय दो युवकों की नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, शामली जिले के कैराना थाना अंतर्गत में यमुना पुल के पास नहाने के दौरान आसिफ (18) और साजेब (19) नदी में डूब गए और उनकी मौत हो गई। दोनों के शवों को बरामद कर लिया गया है।

रक्षा मंत्री ने 276वें रक्षा लेखा विभाग दिवस समारोह में शुरू की कई डिजिटल पहल, कहा

# विकसित राष्ट्र के लिए मजबूत सशस्त्र बल जरूरी : राजनाथ

### अनुसंधान और रक्षा क्षेत्र के अधिकारियों को स्थायी समिति गठित करने का सुझाव



**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के 276वें वार्षिक समारोह में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इसके लिए आधुनिक उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए उत्पाद के बाजार को समझना भी आवश्यक है, इसलिए अनुसंधान और रक्षा क्षेत्र के अधिकारियों को एक स्थायी समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने डीएडी को रक्षा वित्त का संरक्षक बताया और पारदर्शी एवं कुशल प्रणाली के माध्यम से देश की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयासों को सराहा। राजनाथ सिंह ने कई डिजिटल पहल शुरू करने के साथ ही विभाग की दक्षता और कार्यप्रणाली बढ़ाने के लिए भी सुझाव दिए। उन्होंने डीएडी के अधिकारियों से लगातार बदलते समय में उत्पन्न होने वाली जटिलताओं से निपटने के लिए अपनी पेशेवर क्षमताओं को विकसित करने का आह्वान किया। राजनाथ सिंह ने प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने और अपनाने के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया।

राजनाथ ने कहा कि जिस तरह बड़े बैंक और वित्तीय संस्थान घरेलू आर्थिक खुफिया और अनुसंधान टीमें विकसित करते हैं, इसी तर्ज पर डीएडी को बाजार अनुसंधान और खुफिया जानकारी के लिए एक इन-हाउस टीम विकसित करने की जरूरत है। इसके लिए उन्होंने अनुभवी लोगों की एक स्थायी समिति बनाने का सुझाव दिया, जो बाजारों पर शोध और अध्ययन करके अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता वाली खुफिया जानकारी दे सके। रक्षा मंत्री ने बाजार स्थितियों के व्यापक अध्ययन के लिए उद्योग संघों, बिजनेस स्कूलों आदि के साथ सहयोग की भी सिफारिश की। रक्षा मंत्री ने आंतरिक सतर्कता तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत पता लगाकर उसकी समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि इससे न केवल समस्या से जल्द निपटने में मदद मिलेगी, बल्कि विभाग के प्रति लोगों का भरोसा भी बढ़ेगा। राजनाथ ने जोर देकर कहा कि सरकार ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और डीएडी इसे साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि अगर हम एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं, तो हमें आधुनिक हथियारों और उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता होगी, इसलिए वित्तीय संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करना आवश्यक है।

## ‘किसानों और पिछड़ों के हितों की अनदेखी कर रही तेलंगाना सरकार’

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना सरकार पर किसानों और पिछड़ों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की वर्तमान स्थिति के लिए दो परिवारवादी पार्टियां (बीआरएस और कांग्रेस) जिम्मेदार हैं। मोदी ने तेलंगाना के महबूबनगर में पार्टी की जनसभा में कहा कि राज्य की भ्रष्ट सरकार ने केवल खोखले वादे किए हैं। कर्जमाफी के वादे के पूरे न होने से कितने ही किसानों को अपनी जान गंवानी पड़ी। राज्य की बीआरएस सरकार ने सिंचाई परियोजनाओं को अपनी काली कमाई का जरिया बना दिया है। यह ऐसी परियोजनाएं हैं जिनसे राज्य के लोगों को सिंचाई के लिए पानी भी नहीं मिला है। अपनी सरकार के किसान हितैषी कार्यों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि धान किसानों को 27 हजार करोड़ रुपये इस साल की खरीद में दिए गए हैं। यह 2014 के मुकाबले आठ गुना है। किसान सम्मान निधि से किसानों को 10 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। उनकी मदद के लिए रामागुंटा उर्वरक संयंत्र दोबारा शुरू किया गया है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने सालों तक आज घोषित सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय को जमीन आवंटित नहीं की। इससे साफ होता है कि राज्य सरकार जनजातीय और पिछड़े समाज का विकास नहीं चाहती है। प्रधानमंत्री ने आज घोषित राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड का भी उल्लेख किया और कहा कि इससे किसानों को लाभ होगा। उन्होंने विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी और कहा कि उनकी सरकार ने एससी, एसटी और ओबीसी समाज के लिए काम किया जिन्हें वर्षों तक उपेक्षित रखा गया।

रेल मंत्री ने गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर लगाई झाड़ू, बोले

# आमजन की सहभागिता से स्वच्छता बना एक राष्ट्रीय व्यवहार : वैष्णव

**एजेंसी। गुरुग्राम**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती से पहले रविवार को देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। इस दौरान गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पहुंचे और उन्होंने यहां झाड़ू लगाकर सफाई की। साथ ही मशीन से भी सफाई करके स्वच्छता का सकारात्मक संदेश दिया। सितंबर के मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से एक घंटे के लिए स्वच्छता के लिए श्रमदान की अपील की थी। इसी के तहत रविवार को यह अभियान चलाया गया। रेल मंत्री वैष्णव ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की थी। तब से देश के प्रत्येक शहर, गांव व कस्बों सहित सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों व रेलवे में सफाई व्यवस्था में विशेष प्रयास किये गए।

मीडियाकर्मियों द्वारा देशभर में चल रही वंदे भारत ट्रेनों को भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 14 मिनट में साफ करने के लक्ष्य के सवाल पर रेलमंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन में नए प्रोटोकॉल से सफाई व्यवस्था करने के प्रयासों की रविवार से दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन से शुरूआत की जा रही है। ट्रेन के सभी रिवर्स स्टेशन पर सफाई व्यवस्था के लिए 14 मिनट का प्रोटोकॉल बनाया गया है, जिसमें प्रैक्टिस के आधार पर सफाई कर्मी अपनी स्किल लेवल में बढ़ोतरी करके इन प्रयासों को सफल बनाने का काम करेंगे।

### गुरुग्राम स्टेशन के नवीनीकरण का डिजायन भी देखा

केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में स्टेशन के नवीनीकरण के डिजाइन का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिसकी वैश्विक पटल पर अपनी एक प्रमुख पहचान है। इसके रेलवे स्टेशन नवीनीकरण के लिए बहुत उत्कृष्ट डिजाइन तैयार किया गया है। बहुत जल्द ही धरातल पर इसका काम शुरू होगा। स्टेशन परिसर में अभियान के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग गुरुग्राम की आंगनवाड़ी वर्कर, सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मियों का भी विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर जीएम उत्तर रेलवे शोभन चौधरी, डीआरएम सुखविंदर सिंह, गुरुग्राम एसडीएम रविंद्र यादव, स्टेशन अधीक्षक एसएल मीणा, ओलंपिक विजेता साक्षी मलिक, पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी, दी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## हाफिज सईद का करीबी सहयोगी कराची में ढेर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के हाफिज सईद के करीबी सहयोगी मुफ्ती कैसर फारूक की पाकिस्तान के कराची में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। भारत में 26/11 हमले के पीछे हाफिज सईद को मास्टरमाइंड माना जाता है। इस महीने की शुरूआत में, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक अन्य मौलवी मौलाना जिया उर रहमान की भी कराची में दो बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हमलावरों ने उस समय वारदात को अंजाम दिया था जब वह नियमित शाम की सैर थे। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तानी एजेंसियां जिया उर रहमान और मुफ्ती कैसर दोनों को धार्मिक मौलवियों के रूप में दशार्ने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रही हैं, जिनका हाफिज सईद और लश्कर से कोई संबंध नहीं है। इससे पहले, आईएसआई से जुड़ा एक अन्य व्यक्ति परमजीत सिंह पंजवार भी मारा गया था। परमजीत सिंह खालिस्तान कमांडो फोर्स का नेता था। फरवरी में, हिजबुल मुजाहिदीन को उस समय झटका लगा जब उसके लॉन्च कमांडर और सैयद सलाहुद्दीन के करीबी सहयोगी बशीर पीर को रावलपिंडी में आईएसआई मुख्यालय और सैन्य चौकी के पास अज्ञात हमलावरों ने मार डाला था। हमलावरों ने उसे नजदीक से गोली मारी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

FILMY हलचल

### बॉक्स ऑफिस पर ‘फुकरे-3’ का जलवा, कुल कमाई हुई 27.93 करोड़



**मृगदीप** सिंह लांबा के निर्देशन में बनी फुकरे-3 बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 28 सितंबर को रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। तीसरे दिन फिल्म ने 11.30 करोड़ का बिजनेस किया है। फिल्म की कुल कमाई 27.93 करोड़ हो गई है। सैक्निल्क की शुरूआती ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक फुकरे-3 ने रिलीज के पहले दिन 8.50 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म ने दूसरे दिन 7.71 करोड़ का कलेक्शन किया। ह्यफुकरे-3ह्ण में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह, ऋचा चड्ढा और पंकज त्रिपाठी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म फिल्म फुकरे का सीक्वल है। इसका पहला एपिसोड 2013 में रिलीज हुआ था। इसके बाद 2017 में फिल्म का सीक्वल फुकरे-2 रिलीज हुआ। फिल्म फुकरे-3 का निर्देशन मृगदीप सिंह लांबा ने किया है। पिछली दोनों कड़ियों का निर्देशन भी उन्होंने ही किया है। फिल्म का निर्माण रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने किया है।

### सुशांत की याद में दिशा पटानी ने शेयर किया इमोशनल पोस्ट



**भारतीय** क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के जीवन पर आधारित फिल्म ‘एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी’ को रिलीज हुए सात साल हो गए हैं। इस मौके पर दिशा पटानी ने सुशांत की याद में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। 2016 में रिलीज हुई इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत ने महेंद्र सिंह धोनी का किरदार निभाया था। इसके साथ ही इस फिल्म में दिशा पटानी और कियारा आडवाणी ने भी अहम भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में कियारा ने एमएस धोनी की पत्नी और दिशा ने उनकी गर्लफ्रेंड का किरदार निभाया था। इस फिल्म को रिलीज हुए सात साल हो गए हैं। इस मौके पर दिशा पटानी ने सुशांत की याद में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट

### बॉक्स ऑफिस पर नहीं चला विवेक अग्निहोत्री की फिल्म ‘द वैक्सीन वॉर’ का जादू




**नाना पाटेकर** स्टार द वैक्सीन वॉर शुक्रवार 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। पहले दिन का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। द कश्मीर फाइल्स जैसी सुपरहिट फिल्म देने के बाद विवेक अग्निहोत्री की द वैक्सीन वॉर ने सबका ध्यान खींचा, लेकिन कमाई के मामले में कोई कमाल नहीं कर सकी। फिल्म द वैक्सीन वॉर कोरोना महामारी के समय देश के हालात, इस भयानक महामारी के खिलाफ देश की लड़ाई और भारत में वैक्सीन उत्पादन की कहानी बताती है। तीन साल पहले हुई इस भयानक बीमारी की यादों को ताजा करने वाली ये फिल्म कैसी होगी, इसे लेकर खूब चर्चा हुई। पहले दिन की कमाई को देखकर लगता है कि दर्शकों ने इससे मुंह मोड़ लिया है। फिल्म ने पहले दिन करीब 1.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जबकि दूसरे दिन फिल्म ने 90 लाख की कमाई की। फिल्म ने तीसरे दिन 1.50 करोड़ रुपये ही जुटा पाई। कम बजट में बनी द वैक्सीन वॉर को देश में 1000 स्क्रीन्स पर हिंदी, अंग्रेजी, बंगाली, पंजाबी, भोजपुरी, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम, गुजराती और मराठी समेत 11 भाषाओं में रिलीज किया गया है। फिल्म में नाना पाटेकर के अलावा अनुपम खेर, सप्तमी गौड़ा, पल्लवी जोशी, गिरिजा ओक और राइमा सेन मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्माण पल्लवी जोशी ने किया है।

## राजनीति

गठबंधन के दल बीजेपी के साथ आपस में भी कर रहे होड़

# सीट बंटवारे को लेकर जारी है मंथन

**एजेंसी। पटना**



बिहार में 1990 में कांग्रेस का युग समाप्त होने के बाद से क्षेत्रीय दलों का दबदबा रहा है। 1995 में एक मौके को छोड़कर जब लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाले जनता दल ने 324 विधानसभा सीटों में से 167 सीटें जीती थीं। संयुक्त बिहार में क्षेत्रीय दलों ने हमेशा गठबंधन सरकारें बनाई हैं। यह सिलसिला आज तक जारी है, नीतीश कुमार उन छह राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन में राज्य के मुख्यमंत्री का पद संभाल रहे हैं जो बिहार की वर्तमान महागठबंधन सरकार बनाते हैं। हालांकि, बिहार में गठबंधन सहयोगी होने के बावजूद, महागठबंधन के दल न केवल भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, बल्कि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए आपस में भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

नतीजतन, 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे के फॉर्मूले को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है और हर कोई अधिकतम सीटों के लिए दावा कर रहा है। बिहार में सीट बंटवारे के फॉर्मूले को अंतिम रूप देने के लिए राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तीन बार एक साथ बैठे, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

इसके अलावा, कांग्रेस और वामपंथी दलों की महत्वाकांक्षाओं ने लालू और नीतीश की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बुधवार को बक्सर में एक कार्यक्रम के दौरान दावा किया कि उनकी पार्टी बिहार में 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान पार्टी ने नौ सीटों पर चुनाव लड़ा था और केवल किशनगंज में एक सीट जीती थी। अखिलेश सिंह ने 2019 चुनाव का जिक्र करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी की स्थिति 2019 की तुलना में काफी बेहतर है। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद बिहार के लोगों में सकारात्मक इरादा है। अब, हम बिहार में 'परिवर्तन संकल्प रैली' कर रहे हैं। जगन्नाथ मिश्र का युग खत्म होने के बाद बिहार में कांग्रेस पार्टी पुनर्जीवित नहीं हो पाई है और उसका वोट शेयर गिरता जा रहा है। 2020 के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी ने 70 सीटों पर चुनाव लड़ा और केवल 19 पर जीत हासिल की।

उस अवसर पर, राजद ने अपने कोटे से कांग्रेस को अधिकतम सीटें दी थीं और मुकेश सहनी के नेतृत्व वाली विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) को भी नजरअंदाज कर दिया था और इसकी कीमत चुकाई थी। कांग्रेस का प्रदर्शन खराब रहा और मुकेश सहनी ने निषाद समुदाय के वोट काटकर राजद को बड़ा नुकसान पहुंचाया।

कांग्रेस के 10 सीटों का दावा करने के साथ, दीपांकर भट्टाचार्य के नेतृत्व वाली सीपीआई (एमएल) भी इतनी ही सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। बिहार में 40 लोकसभा सीटें हैं और अगर कांग्रेस और वाम दल 20 सीटें ले लेते हैं तो राजद और जदयू केवल 10-10 सीटों पर ही चुनाव लड़ सकते हैं। यह व्यवहार्य नहीं है और दोनों शीर्ष क्षेत्रीय दल अधिकतम संख्या में सीटों पर चुनाव लड़ना चाहेंगे। जद (यू) और राजद नेतृत्व ने यह दावा नहीं किया है कि वे लोकसभा के लिए कितनी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं, लेकिन सूत्रों का कहना है कि जद (यू) बिहार में 17 से 18 सीटें चाहता है और राजद नेता भी ऐसा ही सोच रहे हैं। इन दोनों दलों के नेता 2015 के विधानसभा चुनाव के फॉमूर्ले को अपना सकते हैं जब उन्होंने 100-100 सीटों पर चुनाव लड़ा था और शेष 43 सीटें कांग्रेस को दी गई थीं। इस बार भी वे 17 से 18 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं और बाकी चार या छह सीटें कांग्रेस और वाम दलों के लिए छोड़ना चाहते हैं। बीजेपी प्रवक्ता अरविंद कुमार सिंह ने कहा, ''घमंडिया' गठबंधन सीटों के लिए बड़ी सौदेबाजी और लड़ाई करेगा। प्रत्येक अधिक से अधिक सीटें पाने का प्रयास करेगा। 'घमंडिया' गठबंधन बिना दूल्हे की शादी की पार्टी है, कोई नहीं जानता कि दूल्हा कौन है और संयोजक कौन है।